सूर्योदय 5:43 सूर्यास्त 7:08

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 22.6 अधि |
| धर्मशाला | 19.9 न्यू | 29.1 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79,858 |
| निफ्टी | 24,363 |
| सोना | 1,03,190 |
| चांदी | 1,17,000 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




जयराम का कांग्रेस पर बड़ा हमला सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

पृष्ठ 3 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 11 अगस्त 2025 | 27 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 224, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### हरियाणा के झज्जर में भूकंप के झटके




**एजेंसी, झज्जर।** हरियाणा के झज्जर जिले में रविवार शाम 4:10 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र बीड़ सुंदरवाला गांव में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। झज्जर में भूकंप के झटके महसूस होते ही कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। (अनंत ज्ञान)

### किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों की आतंकियों के साथ मुठभेड़



**एजेंसी, किश्तवाड़।** भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि रविवार सुबह किश्तवाड़ के दुल इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। एक्स पर एक पोस्ट में व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चला रहे सैनिकों ने इलाके में आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया। व्हाइट नाइट कोर ने कहा, 'भारतीय सेना के जवानों ने 10 अगस्त सुबह किश्तवाड़ के दुल इलाके में एक खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाते हुए आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया और गोलीबारी हुई। अभियान अभी जारी है।' (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बेहतर शिक्षा के दम पर तीन साल में आठ गुणा बढ़ाया नामांकन — पेज 2
- पौंग डैम की तर्ज पर मिले भाखड़ा विस्थापितों को सुविधाएं : देशराज — पेज 6
- अनियंत्रित होकर छत पर गिरी कार, युवक की मौत — पेज 9
- एमसी पर जल शक्ति विभाग का 127.57 करोड़ बकाया — पेज 12
- ऑस्ट्रेलिया ने डार्विन ग्राउंड में जीता पहला टी-20 मैच — पेज 14





### प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को डेड इकोनॉमी कहने पर जवाब

# भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

**एजेंसी, बेंगलुरु**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनका नाम लिए बिना जवाब दिया। मोदी ने बेंगलुरु में कहा कि भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती इकोनॉमी है। हम 10वें नंबर से टॉप-5 में आ गए हैं। जल्द ही टॉप-3 में आएंगे। यह ताकत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म से मिली है। देश की उपलब्धियों का परचम आसमान में लहरा रहा है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 31 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाते हुए भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया था। ट्रंप ने कहा था, 'भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या।'

इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय सैनिकों की आतंकियों और पाकिस्तान को घुटने में लाने की क्षमता को पूरी दुनिया ने देखा है। इसकी सफलता के पीछे हमारी टेक्नोलॉजी और मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु के युवाओं का भी बहुत योगदान है। (अनंत ज्ञान)



बेंगलुरु रेलवे स्टेशन से तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### पीएम ने 3 वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**पीएम** रविवार को कर्नाटक के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें बेंगलुरु से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे तक की ट्रेनें शामिल हैं। उन्होंने बेंगलुरु और राज्य के लिए कई विकास कार्यों का शुभारंभ और शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत 22 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है। पीएम ने बेंगलुरु मेट्रो की यलो लाइन का भी उद्घाटन किया, जो आरवी रोड (रगिगुड्डा) से बोम्मसंद्रा तक जाएगी।

### आर्मी चीफ बोले- जल्द हो सकता है अगला युद्ध

**एजेंसी, चेन्नई।** भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था।



ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हम शतरंज की चालें चल रहे थे और वह (दुश्मन) भी शतरंज खेल रहा था। कहीं हम उन्हें शह और मात दे रहे थे तो कहीं हम अपनी जान गंवाने के जोखिम पर भी हार मान रहे थे, लेकिन यही तो जिंदगी है।

# हिमाचल में चार नए दुग्ध संयंत्रों को मिली मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने नाहन, नालागढ़, मोहाल और रोहड़ू में चार नए दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने की घोषणा की है। इसके अलावा, जिला हमीरपुर के जलाड़ी में एक दूध शीतलन केंद्र और ऊना के झलेड़ा में एक बल्क मिल्क कूलर भी स्थापित किया जाएगा।

### सीएम सुक्खू ने किसानों की आय बढ़ाने पर दिया जोर



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस पहल को ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। इन संयंत्रों के स्थापित होने से न केवल दुग्ध खरीद बढ़ेगी, बल्कि पशुपालकों को उनके दूध का बेहतर मूल्य भी मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। यह कदम राज्य की 90 फीसदी से अधिक ग्रामीण आबादी के लिए एक बड़ी राहत है, जो कृषि और पशुपालन पर निर्भर है। राज्य के दुग्ध उत्पादकों के लिए एक और अच्छी खबर है। हिमाचल प्रदेश मिल्क फेडरेशन (मिल्कफैड) जल्द ही एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग प्रणाली शुरू करने जा रहा है। यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा, जिसके माध्यम से किसान सीधे अपने मोबाइल पर दूध खरीद की रियल टाइम अपडेट, भुगतान की स्थिति, गुणवत्ता जांच के परिणाम और खरीद मूल्य जैसी सभी आवश्यक जानकारी देख पाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस प्रणाली से सभी लेन-देन डिजिटल होंगे, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना कम हो जाएगी और पारदर्शिता बढ़ेगी। दूध विक्रय और भुगतान की जानकारी सीधे मोबाइल पर मिलने से किसानों को अपने पैसों का हिसाब रखने में आसानी होगी।

### ढगवार संयंत्र में बनेगा दही, पनीर और अन्य उत्पाद

**राज्य** में डेयरी क्षेत्र के आधुनिकीकरण के प्रयास लगातार जारी हैं। जिला कांगड़ा के ढगवार में एक अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस संयंत्र के चालू होने के बाद यहां दही, लस्सी, बटर, घी, पनीर, फ्लेवर्ड दूध, खोया और मोजरेला चीज जैसे विभिन्न डेयरी उत्पादों का उत्पादन होगा। मुख्यमंत्री का मानना है कि यह संयंत्र पशुपालकों और डेयरी क्षेत्र से जुड़े लोगों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य सुनिश्चित करेगा, जिससे उनकी आजीविका में और सुधार होगा।

# बिशप कॉटन स्कूल के तीनों लापता छात्र कोटखाई से बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला में फेमस बिशप कॉटन स्कूल के तीनों लापता बच्चों को पुलिस ने 24 घंटे में ढूंढ लिया। बच्चे रविवार को शिमला के ही कोटखाई के चैथला में मिले। पुलिस ने यहां से एक किडनैपर को गिरफ्तार किया। वह तीनों को गाड़ी में ले गया था। उसने गाड़ी की असली नंबर प्लेट हटाकर फर्जी नंबर प्लेट लगाई थी।

**पुलिस ने किया एक किडनैपर गिरफ्तार**



आरोपी ने बच्चों को गन प्वॉइंट पर लेकर परिजनों को कॉल कर फिरौती मांगी थी, लेकिन रकम का खुलासा नहीं किया। आरोपी शेयर मार्केट में पैसा लगाता है। आरोपी की पहचान सुमित सूद के तौर पर हुई, जो शिमला के लोअर बाजार का रहने वाला है। उसके खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं, बच्चों का मेडिकल कराया गया। तीनों बच्चे छठी क्लास के स्टूडेंट हैं। इनमें अंगद हरियाणा के करनाल, हितेंद्र पंजाब के मोहाली और विदांश हिमाचल के कुल्लू का रहने वाला है। अंगद के चाचा हरियाणा कांग्रेस के नेता हैं। वह अभी पार्षद भी हैं।

## चुनाव से पहले चिराग पासवान को बड़ा झटका

### एलजेपीआर से 128 नेताओं का सामूहिक इस्तीफा

**एजेंसी, छपरा।** सारण में लोजपा (रा.) के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह समेत 128 पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा दिया है। यह घोषणा रविवार को योगिनिया कोठी दुर्गा मंदिर के निकट आयोजित बैठक में की गई।



जानकारी के अनुसार, सारण कमेटी के 28 पदाधिकारियों, जिले के 20 में से 16 प्रखंड अध्यक्षों, पूरी महानगर इकाई और संसदीय बोर्ड के तीन सदस्यों ने लोजपा (रा.) को छोड़ दिया। महिला मोर्चा के 19 में से 11 पदाधिकारियों, जिनमें जिलाध्यक्ष भी शामिल हैं, ने पार्टी से अलग होने का निर्णय लिया। छपरा महानगर के 20 वार्ड अध्यक्षों ने भी इस्तीफा दिया है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में 4 दिन और जारी रहेगा मानसून का कहर

### अब तक 219 मौतें; 1988 करोड़ रुपए का नुकसान, मंडी-कुल्लू जिले सबसे ज्यादा प्रभावित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश मौजूदा समय में भीषण मानसून आपदा की मार झेल रहा है। 20 जून से अब तक भारी बारिश और उससे जुड़ी घटनाओं में 219 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 112 लोग मौसम जनित घटनाओं जैसे भूस्खलन, क्लाउडबर्स्ट, फ्लैश फ्लड और बिजली गिरने से मारे गए, जबकि 107 की जान सड़क हादसों में गई।



राज्य सरकार के अनुसार अब तक लगभग 1,988 करोड़ का आर्थिक नुकसान हो चुका है और अगले चार दिनों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मंडी और कुल्लू जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, जहां कई गांवों का संपर्क टूट गया है। इन क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण 362 से अधिक सड़कों पर यातायात बंद है, 613 बिजली ट्रांसफॉर्मर ठप हो चुके हैं और 520 जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण राहत और बचाव कार्य भी चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। इस मॉनसून सीजन में अब तक 58 फ्लैश फ्लड, 30 क्लाउडबर्स्ट और 53 बड़े भूस्खलन दर्ज किए जा चुके हैं, जो साफ तौर पर संकेत देते हैं कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भी हिमाचल में बढ़ते चरम मौसम के मामलों की जांच शुरू की है। आने वाले दिनों में इसके आधार पर ऐसी नीतियां तैयार हो सकती हैं, जो आपदा-प्रबंधन को मजबूत बनाने और भविष्य के नुकसान को कम करने में मददगार होंगी।

# बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के दो वोटर कार्ड, उम्र भी अलग-अलग

**एजेंसी, पटना**

बिहार में वोटर लिस्ट का मसौदा जारी होने के बाद सियासत गर्म है। अब राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री और विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर दो इपिक नंबर रखने का आरोप लगाया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के खासमखास विजय कुमार सिन्हा का नाम दो विधानसभा बांकीपुर और लखीसराय मतदाता सूची में है। इनके पास दो ईपीआईसी है। तेजस्वी ने कहा कि ये मोदी के खास है। इन्होंने उम्र घोटाला भी किया है। ईपीआईसी का भी फर्जीवाड़ा भी किया है। ये हाल में हुए एसआईआर के बाद की तस्वीर है। हालांकि, तेजस्वी यादव के आरोपों पर विजय सिन्हा ने भी सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने एक जगह का वोटर आईडी निरस्त करने का आवेदन 5 अगस्त को ही दे दिया था, जैसी ही उन्हें दो ईपीआईसी के बारे में पता चला था।

### तेजस्वी यादव ने किया दावा तो डिप्टी सीएम ने दी सफाई



यादव ने इसके सबूत दिखाते हुए कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सिन्हा ने दो-दो विधानसभा क्षेत्र से अपना एसआईआर फॉर्म भरा। उन्होंने अपने चुनावी हलफनामे में भी बांकीपुर विधानसभा का जिक्र किया। लेकिन, चौंकाने वाली बात यह है कि बांकीपुर के अलावा उन्होंने लखीसराय से भी अपना फॉर्म भर दिया। इतना ही नहीं, दोनों फॉर्म में उनकी उम्र भी अलग-अलग है। (अनंत ज्ञान)

## रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ रुपए की अवैध कमाई का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी चार्जशीट में दावा किया है कि कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने 58 करोड़ रुपए अवैध रूप से कमाए। उन्होंने इस रकम का इस्तेमाल प्रॉपर्टी खरीदने और इन्वेस्टमेंट में किया। साथ ही अपने ग्रुप की कंपनियों को लोन दिया और उनके कर्ज चुकाने में भी किया।



सूत्रों के अनुसार वाड्रा को करीब 5 करोड़ रुपए ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड के जरिए मिले, बाकी 53 करोड़ रुपए स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए आए। सूत्रों के मुताबिक, यह सारा पैसा अपराध से जुड़ी गतिविधियों से कमाया गया था और इसे बाद में अलग-अलग इन्वेस्टमेंट और प्रॉपर्टी खरीदने में लगाया गया। ईडी ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है और अब इस पर सुनवाई होगी। फिलहाल वाड्रा ने इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कर रही कमजोर : प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाजपा पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा भाजपा और चुनाव आयोग के बीच कथित सांठगांठ पर उठाए गए सवाल पूरी तरह तथ्यों पर आधारित हैं और इनकी तत्काल निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।



राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रतिभा सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से फर्जी मतपत्रों और वोट चोरी के तथ्य उजागर किए हैं, लेकिन चुनाव आयोग केंद्र सरकार के दबाव में अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है। आयोग जवाब देने के बजाय राहुल गांधी से शपथ पत्र मांग रहा है, जो उसकी निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करता है।

प्रतिभा ने कहा कि देश के लोकतंत्र और जनमत की रक्षा के लिए राहुल गांधी ने एक राष्ट्रीय मुहिम शुरू की है। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए सभी नागरिकों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और जागरूक लोगों को एकजुट होना होगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस दौरान विधायक कुलदीप सिंह राठौर, अजय सोलंकी सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

**डिजिटल दुनिया का नया अंधेरा** — एआई का दुष्चक्र बढ़ा, पुलिस की 'ए2 यूनिट' करेगी निगरानी

# हिमाचल में डिजिटल गिरफ्तारी का जाल गहराया!

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** जिस गति से जीवन डिजिटल हुआ है, उसी गति से इस दुनिया का अंधेरा भी घना होता जा रहा है। हमारे स्मार्टफोन और लैपटॉप अब सिर्फ सुविधा के साधन नहीं, बल्कि एक नए प्रकार के अपराध के औजार भी बन गए हैं। साइबर अपराधियों ने एक और नया जाल बिछाया है, जिसे 'डिजिटल गिरफ्तारी' का नाम दिया जा रहा है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यह सिर्फ एक छलावा है, जिसका मकसद आम नागरिकों को डराकर उनसे पैसे ऐंठना है। भारतीय कानून के पन्नों में ऐसा कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।

### वर्चुअल संपत्ति पर पैनी निगाह डीपफेक और एआई-जनरेटेड आवाज ने अपराधियों को दिया एक नया हथियार




जानकार बताते हैं कि महामारी के बाद, जब हर काम ऑनलाइन होने लगा, तो साइबर अपराधों की संख्या में चौंकाने वाली वृद्धि हुई। अब यह खतरा सिर्फ बड़े महानगरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हिमाचल जैसे शांत और खूबसूरत राज्य में भी इसकी आहट सुनाई देने लगी है। इन अपराधों को दो श्रेणियों में समझा जा सकता है। एक वह जो हमारी 'वर्चुअल पहचान' पर हमला करता है, जैसे साइबरबुलिंग, और दूसरा वह जो हमारी 'वर्चुअल संपत्ति' को निशाना बनाता है, जैसे वित्तीय धोखाधड़ी।

आज के दौर में साइबर अपराधों का सबसे खतरनाक पहलू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का दुरुपयोग है। डीपफेक और एआई-जनरेटेड आवाज ने अपराधियों को एक नया हथियार दे दिया है, जिससे वे बड़ी आसानी से लोगों को धोखा दे रहे हैं। हाल ही में एक ऐसा मामला सामने आया, जिसमें एक प्रिंसिपल के बेटे की एआई-जनरेटेड आवाज का इस्तेमाल कर उसके बॉस को ठगने की कोशिश की गई थी। इस चुनौती का सामना करने के लिए हिमाचल पुलिस ने एक विशेष 'ए2 यूनिट' का गठन किया है, जो एआई-आधारित अपराधों से निपटने के लिए तैयार की गई है।

### हम हिमटेक से स्कूलों और पंचायतों तक बना रहे अपनी पहुंच : डीआईजी



**हिमाचल** प्रदेश साइबर क्राइम सेल के डीआईजी मोहित चावला ने कहा कि साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए हमने एक मजबूत तंत्र स्थापित किया है, जिसमें समर्पित साइबर स्टेशन और जिला स्तर पर इकाइयां शामिल हैं। इन प्रयासों से चोरी हुई राशि की वसूली दर में सुधार हुआ है। उनका कहना है कि हमारा साफ मकसद है कि हम लोगों को जागरूक करें और अपराधियों को पकड़ें। हिमटेक जैसे अभियानों के माध्यम से भी हम स्कूलों और पंचायतों तक अपनी पहुंच बना रहे हैं।

### सुरक्षा का मंत्र, सतर्कता और जागरूकता जरूरी

**पुलिस** ने लोगों से आग्रह किया है कि वे साइबर ठगों के जाल से बचने के लिए सतर्क रहें। किसी भी अनजान ऐप को डाउनलोड करने या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें। सोशल मीडिया पर भी अंजान लोगों से दोस्ती करने से पहले सोचें और अपनी निजी जानकारी, खासकर तस्वीरें या वीडियो, साझा न करें। अगर आप किसी धोखाधड़ी के शिकार होते हैं, तो बिना देर किए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें, क्योंकि शुरुआती कुछ मिनटों में की गई शिकायत से ही पैसे वापस मिलने की सबसे ज्यादा उम्मीद होती है।




# न्यूज ब्रीफ

## भदरु गांव में सांप के काटने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत गांव भदरु में सांप के काटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, भदरु, डाकघर कन्जायण निवासी रवि कुमार (41) को शनिवार तड़के सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजन उन्हें तुरंत उपचार के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) बिलासपुर ले गए। AIIMS बिलासपुर में सुबह लगभग पांच बजे रवि कुमार को लाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना प्रभारी (एसएचओ) भोरंज प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## युवा पीढ़ी को नशे से बचाना मेरी प्राथमिकता : रूबल



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** नशा निवारण बोर्ड के सदस्य रूबल ठाकुर ग्राम पंचायत धविरी के युवाओं के साथ रूबरू हुए। ठाकुर ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र का युवा हिमाचल प्रदेश का भविष्य है । अपने भविष्य को एक सही दिशा की ओर ले जाना हमारा कर्तव्य है , जिसके तहत वह युवा साथियों से मुलाकात करते रहेंगे तथा उनकी सहायता भी करेंगे। रूबल ठाकुर ने नशीली के युवाओं को एक क्रिकेट किट भी प्रदान की। उन्होंने कहा अगर युवा नशे से दूर रहेगा तो अपने उज्जवल भविष्य को सही दिशा में ले जाने में भी सफल रहेगा आज का युवा कल का राष्ट्र निर्माता होगा। इसलिए हमें युवा को संभाल कर रखना है तथा नशे के सेवन से भी बचा कर रखना है।

## मणिमहेश में भंडारा लगाने के लिए गाड़ी रवाना



**अनंत ज्ञान, भोटा।** शिव शक्ति महासंघ बरनाला शाखा भोटा ने आज 22वें विशाल भडारे के आयोजन के लिए पहली गाड़ी को मणिमहेश के लिए रवाना किया। यह भंडारा धनछो में 31 अगस्त तक चलेगा। भंडारे मे शिव भक्तों की सुविधा के लिए चाय नाश्ता दोपहर का भोजन रात को भोजन और ठहरने की व्यवस्था तथा दवाइयां निशुल्क होंगी। शिव शक्ति महासंघ शाखा भोटा सभी दानी सज्जनों का भंडारे के सहयोग के लिए तह दिल से आभार प्रकट करती है।

## पूर्व प्रधान की पत्नी अमरावती देवी का निधन



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की पपलाह पंचायत के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ समाजसेवी मेहर कर्म चंद शर्मा की पत्नी अमरावती देवी का आज निधन हो गया। पूर्व प्रधान कर्म चंद शर्मा लगभग 35 वर्ष तक पपलाह पंचायत के प्रधान पद पर आसीन रहे। उनके पुत्र राजेश शर्मा भी पंचायत के उपप्रधान रह चुके हैं, जबकि वर्तमान में उनके पोते अनूप शर्मा पपलाह पंचायत में उपप्रधान पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अमरावती देवी अपने सरल स्वभाव, मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जानी जाती थीं। उनकी मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों के साथ-साथ पंचायत क्षेत्र के लोग भी गहरे दुख में हैं।

## शंखनाद से शिव मंदिर में मां दुर्गा भगवती विराजमान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना हमीरपुर के परिसर में स्थित शिव मंदिर में शंखनाद के साथ मां दुर्गा भगवती विराजमान हुईं। सीनियर सिटीजन काउंसिल के सहयोग से मूर्ति को स्थापित करवाया गया। सर्वप्रथम पुलिस थाना परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने आहुतियां डाली। उसके बाद मूर्ति स्थापना की रस्म को पूरा करवाया गया। वेद मंत्रोच्चारण तथा शंख की ध्वनि से पूरा परिसर गूंज उठा। काफी संख्या में लोग मां दुर्गा भगवती की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर लोगों ने बेलपत्र, द्रुवा व जल अर्पित किया। यहां पहुंचे सभी लोगों के लिए बेल पत्र द्रुवा व अन्य सामग्री उपलब्ध करवाई गई थी। मां भगवती की प्रतिमा का सुंदर वस्त्र पहनाकर श्रृंगार किया गया। इसके उपरांत आई हुए लोगों तथा शहर से गुजर रहे राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मूर्ति को शाहतलाई से लाया गया है।

## पुतड़ियाल गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के पुतड़ियाल गांव में रक्तदाताओं ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इंकलाब संस्था रंगस द्वारा नशे से आजादी के तहत यूथ युवा क्लब पुतड़ियाल के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में काफी संख्या में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। नादौन के एसएचओ निर्मल सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदान शिविर के आयोजकों व रक्तदानियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि रक्तदान महादान होता है। रक्तदान करने से किसी का कोई नुकसान नहीं होता, अपितु किसी की जान बचाई जा सकती है, इसलिए हमें बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से आई डॉक्टरों की टीम ने रक्तदान एकत्रित किया।

## मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में भेजी धनराशि

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** नारायण सेवा समिति बिझड़ी की मासिक बैठक संरक्षक व संस्थापक दीना नाथ वर्मा व उपप्रधान बिक्रम ठाकुर की अध्यक्षता में बिझड़ी में संपन्न हुई। समिति सदस्यों की तरफ से 51000 रुपए की राशि मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष को भेजी गई। महासचिव करतार सिंह ढिल्लों ने समिति से संबंधित आय व्यय का पूर्ण ब्योरा सबके समक्ष रखा तथा भवन निर्माण कार्य की प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान समिति की स्थायी सदस्यता ग्रहण करने पर नए सदस्यों देश राज बंसल, डॉक्टर युद्धवीर सिंह, बणी, कैप्टन रणबीर सिंह, दंदवीं, सरोज कुमारी मेहरे, नीरज शर्मा, पैरवीं, अरविंद डोगरा, महारल, आर्यन पठानिया, ददवीं, उमेश कुमार, बतलाहू, ब्रह्मानंद शर्मा, पपलोहल, सतीश सोनी, जमली, अजय कुमार, बिझड़ी, रत्न चंद, दाड (कश्मीर) और कैप्टन अमर सिंह, को समिति की स्थायी सदस्यता ग्रहण करने पर आभार प्रकट किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने भवन निर्माण कार्य को देखा तथा निर्माण प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में दीना नाथ वर्मा, राजेंद्र गुलेरिया, सिरवन सिंह, जसवंत सिंह, बिक्रम ठाकुर, पुरुषोतम शर्मा, ब्रह्मानंद शर्मा, अनिल कुमार, भैल ग्राम पंचायत के प्रधान प्रेम सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिलेर सिंह पठानिया, सेवानिवृत प्रधानाचार्य नरेंद्र पठानिया, सूरम सिंह , सुख राम, तिलक राज शर्मा, कैप्टन कृष्ण चंद शर्मा, सुदेश शर्मा, सेवानिवृत अधीक्षक ग्रेड वन रूप सिंह व मेहर सिंह आदि उपस्थित थे।

### कोहली पुल पर बार-बार हो रहे हादसों का नहीं निकल रहा कोई समाधान

# ट्रक मकान की रेलिंग तोड़ फंसा

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हमीरपुर-भोटा नेशनल हाईवे पर कोहली के पास तकनीकी खामियों से भरे दो लाइन ब्रिज की परेशानी एक परिवार के लिए लगातार आफत बनी हुई है। यह पुल एक परिवार के लिए हर वक्त परेशानी का सबब बना हुआ है। रविवार को दूसरी मर्तबा यहां बड़ा हादसा होते-होते टला। यह वही पुल है जिसका निर्माण नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने बेतरतीब करवा दिया था, जिस पर लंबे समय तक विवाद रहा।

पुल का निर्माण कार्य रुका रहा, लेकिन बाद में सरकार और नेशनल हाईवे के अधिकारियों के दरमियान जो समझौता हुआ, उसके बाद इस पुल को शुरू किया गया। विडंबना यह है कि पुल पर से गुजरने वाले वाहनों के लिए इसका मोड़ हमेशा ही जब भी लापरवाही में बदलता है, तो हादसा होने से कोई नहीं रोक सकता। जो परिवार इसके एक सिरे पर अपने मकान में रह रहा है, उस पर दिन-रात हादसे का



रविवार दोपहर बेकाबू हुए ट्रक की तस्वीर, जिसने एक घर की रेलिंग तोड़ दी, (दाएं) कुछ समय पहले हुए हादसे का दृश्य।

**हादसे से दहशत में परिवार बोले- मौत सिर पर खड़ी है, पर अधिकारी बेपरवाह**

साया मंडराता रहता है। रविवार को जो घटना दोपहर तकरीबन 2.30 बजे हुई, उसमें ट्रक उस मकान पर तो सीधा नहीं चढ़ा, लेकिन उसकी रेलिंग को बेकाबू तरीके से तोड़ गया और वहीं फंस गया।

कुछ समय पहले भी यहां पर एक कार का एक्सीडेंट हुआ था। कार भी सीधी मोड़ काटे बगैर इस मकान की रेलिंग के साथ जा टकराई थी। असल समस्या यह है कि मकान की हिफाजत के लिए जिस बड़े स्तर पर यहां पर लोहे के पैरापिट लगने चाहिएं, उनकी कमी दिख रही है।

बड़े हादसे को टालने में शायद यह लोहे की रेलिंग कोई मदद कर जाए, लेकिन इसके लिए नेशनल हाईवे के अधिकारियों को किसी विशेष योजना के तहत काम तो करना चाहिए, क्योंकि मकान की सुरक्षा भी जरूरी है। उन्हीं ने गलत डीपीआर बना र पुल को उनके मकान के पास गलत ढंग से निर्मित किया था, जबकि स्कूल का निर्माण दूसरी तरफ से हो सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अधिकारियों ने इसके लिए गलती भी मानी हुई है।

जिनका नुकसान हुआ है और इस हादसे की चपेट में आने से जो परिवार बाल-बाल बचा, उसके मालिक रोहित सोनी का कहना था कि नेशनल हाईवे उनके लिए कुछ नहीं कर रहा। ऐसा बार-बार हो रहा है। अब तो ऐसा लगता है कि लगातार बढ़ते हादसों और ट्रैफिक के चलते उन पर हर वक्त मौत का साया मंडराता रहता है। यहां बड़े स्तर पर रेलिंग लगनी चाहिए, ताकि किसी अनहोनी घटना से उन्हें राहत मिल सके।

## गरीब कुसुम की आंखों की नजर गई तो सीएम सहारा योजना ने दिया सहारा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**3000 पेंशन आई काम, पति रेहड़ी लगाकर करते हैं गुजारा**

कहते हैं कि भगवान बीमारी और गरीबी किसी दुश्मन को भी न दे। अगर किसी गरीब को गंभीर बीमारी लग जाए और वह कुछ भी कमाने के लायक न रहे तो ऐसे हालात में वह कहां जाए, अपना गुजर-बसर कैसे करे? ऐसे हालात से गुजर रहे हिमाचल के गरीब परिवारों को चिंता की आवश्यकता नहीं है। प्रदेश सरकार ने गंभीर बीमारी या दुर्घटना के कारण बिस्तर या घर तक ही सीमित हो चुके असहाय लोगों के लिए मुख्यमंत्री सहारा योजना के तहत 3000 रुपए मासिक पेंशन का प्रावधान किया है।



प्रदेशभर में अब बड़ी संख्या में ऐसे असहाय लोगों के लिए यह योजना एक बड़ा सहारा साबित हो रही है। हमीरपुर जिले के भोरंज उपमंडल के गांव सम्मू ताल की कुसुम कुमारी के लिए भी यह योजना बहुत बड़ा सहारा बनी है। कुसुम कुमारी को कई सालों से आंखों की बीमारी थी और कुछ समय पहले उसकी आंखों के पर्दे पूरी तरह खराब हो गए और उसकी नजरें चली गईं। इस लाइलाज बीमारी के कारण कुसुम का जीवन अब घर तक ही सीमित रह गया। रेहड़ी लगाकर गुजर-बसर करने वाले उसके पति मदन लाल की मुसीबतें भी बढ़ गईं और परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया। कॉलेज में पढ़ रहे बेटे की फीस के लिए भी दिक्कत होने लगी। इसी बीच, मदन लाल को मुख्यमंत्री सहारा योजना की जानकारी मिली और उन्होंने कुसुम को पेंशन लगवाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आवेदन किया।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी तुरंत कुसुम की मेडिकल जांच करवाई और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री सहारा योजना के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी। अब कुसुम के खाते में हर महीने 3000 रुपए आ रहे हैं, जिससे अब उसका अच्छा गुजर-बसर हो रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कुसुम और उनके पति मदन लाल का कहना है कि अगर यह धनराशि न मिलती तो उन्हें न जाने कितनी मुसीबतें झेलनी पड़तीं।

## महारल बाजार में पाइपलाइन की लीकेज से व्यर्थ बह रहा पानी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जलशक्ति विभाग बड़सर की महारल दख्योड़ा पेयजल योजना में मुख्य टैंक से बिछाई पाइपलाइन में लीकेज हो रही है, जिस कारण महारल-बिझड़ी सड़क मार्ग किनारे पानी व्यर्थ बह रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि महारल डाकघर के समीप महारल पंचायत के कार्यालय सामने लाला मोती लाल की दुकान के साथ सड़क मार्ग के पास मेन पाइप की लीकेज पिछले कई दिनों से हो रही है, लेकिन विभाग लापरवाह बना हुआ है।

एक तरफ तो विभाग ने बड़े-बड़े स्लोगन लिखे होते हैं कि पेयजल का मिस यूज न करें, परंतु महारल बाजार में सब कुछ नियमों के विरुद्ध व्यर्थ में पेयजल बह रहा है। इस कारण ग्रामीणों को जरूरत के अनुसार जहां पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है और दूसरी तरफ महारल दख्योड़ा पेयजल योजना से सैकड़ों लीटर पेयजल पाइपों से रिसाव होकर मेन सड़क मार्ग में बह रहा है। इस लीकेज के चलते बिझड़ी-महारल सड़क मार्ग भी खराब हो रहा है। लोगों ने मांग की है कि महारल डाकघर के पास हो रहे पाइप लाइन लीकेज को दुरुस्त किया जाए ताकि पेयजल बचाव के साथ-साथ सड़क भी दुरुस्त रह सके। इस संदर्भ में जलशक्ति विभाग बड़सर के सहायक अभियंता रविन्द्र रनौत का कहना है कि सड़क मार्ग महारल के डाकघर के पास पाइप लीकेज को शीघ्र दुरुस्त करवा दिया जाएगा।

## राजीव ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने अपना जन्मदिन आशा किरण संस्थान, कुठेड़ा घुमारवीं के दिव्यांग बच्चों के साथ हर्षोल्लास एवं स्नेहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को केक खिलाकर खुशियों में सहभागी बनाया। राजीव राणा ने कहा कि इन बच्चों की मुस्कान, मासूमियत और स्नेह उनके लिए जीवन का सबसे अनमोल तोहफ़ा हैं।

उन्होंने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे दिव्यांगजनों के सहयोग के लिए आगे आएं, ताकि उन्हें भी एक सम्मानजनक और खुशहाल जीवन मिल सके। इस मौके पर संस्थान के लगभग 26 बच्चे मौजूद रहे, जिन्होंने गीत गाकर और तालियों से जन्मदिन समारोह को यादगार बना दिया। समारोह में मिठाई वितरण भी किया गया और बच्चों के साथ समय बिताकर राजीव राणा ने उन्हें प्यार और आशीर्वाद दिया।

## न महंगाई भत्ते की अधिसूचना जारी हुई, न किया भुगतान : कला संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**कर्मचारियों को महंगाई के दबाव से दिलाई जाए राहत**

प्रदेश सरकार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिकतम लंबित महंगाई भत्ते के भुगतान की अधिसूचना जारी करे। प्रदेश के कर्मचारियों को वर्तमान में 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, जबकि जुलाई 2023 से महंगाई भत्ते की चार प्रतिशत की दर से अगली किस्त लंबित है। राज्य सरकार ने इस वर्ष अप्रैल में तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक न तो इसकी अधिसूचना जारी हुई है और न ही कर्मचारियों को भुगतान मिला है, जो कर्मचारियों में रोष का विषय है। अप्रैल 2024 में राज्य का महंगाई भत्ता 34 प्रतिशत से बढ़ाकर 38 प्रतिशत किया गया था, जबकि अप्रैल 2023 से 31 प्रतिशत से 34 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया था, जो जनवरी 2022 से देय था।

जुलाई 2022 से देय 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान भी अप्रैल 2024 में किया गया, लेकिन जुलाई 2022 से मार्च 2024 तक का बकाया अब तक नहीं दिया गया है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2023 में जनवरी से महंगाई भत्ता 38 प्रतिशत, जुलाई से 42 प्रतिशत किया और वर्ष 2024 में जनवरी से 46 प्रतिशत तथा जुलाई से 50 प्रतिशत कर दिया। जुलाई 2025 से केंद्र ने महंगाई भत्ता 54 प्रतिशत घोषित कर दिया है। इसके विपरीत, हिमाचल प्रदेश में कर्मचारियों को अभी तक जुलाई 2023 से देय 46 प्रतिशत की दर का महंगाई भत्ता पूर्ण रूप से नहीं दिया गया है और वर्तमान दर 42 प्रतिशत पर ही बनी हुई है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समकक्ष लाभ मिलना चाहिए और लंबित महंगाई भत्ते का भुगतान तत्काल किया जाना चाहिए।

इस संबंध में राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने हिमाचल सरकार से मांग की है कि जुलाई 2023 से लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान पूर्ण दर पर किया जाए, इस वर्ष अप्रैल में घोषित तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते की अधिसूचना व भुगतान शीघ्र किया जाए और पूर्व अवधि का बकाया भी जारी किया जाए, ताकि कर्मचारियों को महंगाई के दबाव से राहत मिल सके।

## जरूरतमंदों को दी सहायता राशि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दरिद्र नारायण कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश आदित्य नारायण ने रक्षाबंधन के पावन शुभ अवसर पर ट्रस्ट द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम कृष्ण नगर में 11 जरूरतमंदों को 12700 की सहायता राशि उनके परिवारों के बच्चों को शिक्षा हेतु प्रदान की। जरूरतमंदों में रीना कुमारी कंगरी, गुड्डी देवी कंगरी, ममता देवी झनयारा, शिब्बि देवी दरबैली, आशा देवी हमीरपुर, अनुपम कौशल टिक्कर, सुनीता देवी अमरोह, विद्या देवी मूही, निर्मला देवी मूही, सीमा देवी बड़ू, कमलेश लंबलू शामिल रहे। इस अवसर पर सभी द्वारा वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्धो ट्रस्ट द्वारा राखी बांधी गई और मिष्ठान भेंट किए गए। अल्टीमेट ट्रस्ट के प्रधान मिलाप सिंह, बरिष्ठ उपप्रधान अमित ठाकुर एवं संचालक मंडल के सदस्यों में विजय कुमार, तिलक राज शर्मा, राजेंद्र जम्बाल, समाजसेवी संजू बाबा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के अंत में ट्रस्ट के प्रधान मिलाप सिंह ने संस्था से जुड़े जुड़े हुए सभी सदस्यों और संचालक मंडल के सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया।

## भारत माता की जय के उद्घोष से गूंजा सुजानपुर विस क्षेत्र




पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता राजेंद्र राणा व अन्य तिरंगा यात्रा निकालते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूरे देश में भाजपा द्वारा दो दिन तक तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसके चलते सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता राजेंद्र राणा की अगुवाई में तिरंगा यात्रा टौणी देवी बाजार मंडल बमसन के अंतर्गत निकाली गई। इससे पहले भाजपा मंडल बमसन की बैठक आयोजित हुई।

राजेंद्र राणा ने कहा कि 15 अगस्त के चलते पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी ने यह फैसला लिया है कि लगातार 2 दिन हर मंडल स्तर पर इसी तरह तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। भारत माता की जय के उद्घोष के साथ लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रविवार को यह यात्रा टौणी देवी भाजपा मंडल के अंतर्गत प्रो विक्रम राणा के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने निकाली।

वहीं, यही यात्रा सोमवार को सुजानपुर शहर में भाजपा मंडल सुजानपुर के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष जसवंत ठाकुर की अध्यक्षता में निकाली जाएगी।

## बिट्टू ने नशा विरोधी गीत किया लांच

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने रविवार को सर्किट हाउस में आम लोगों की समस्याएं सुनीं तथा कई जनसमस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि अन्य समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को अवगत करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान कई प्रतिनिधिमंडलों ने भी मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार से भेंट की तथा अपने मांग पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि इन मांग पत्रों को भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस बारे में मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोक कलाकार विपत राज के नशा विरोधी गाने 'छड नशेया दा पीणा हो' का



मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू का स्वागत करते गणमान्य।

**सुनी समस्याएं, दिवंगत कांग्रेसी नेता के परिजनों को दी सांत्वना**

विमोचन भी किया। इस गाने में विपत राज ने लोगों को नशा न करने का संदेश दिया है। यह गाना यू-ट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध होगा। नए गाने के लिए विपत राज को बधाई देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने उम्मीद जताई कि यह गाना प्रदेश सरकार की नशा विरोधी मुहिम में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

इस मौके पर राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर, एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, एचपीएमसी के बीओडी मैंबर राजेश ठाकुर, बीडीसी उपाध्यक्ष संजीव शर्मा, कांग्रेस नेता राजेश आनंद, होशियार सिंह, निशांत शर्मा, अन्य कांग्रेस नेता, विभिन्न संगठनों एवं एसोसिएशनों के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

इससे पहले, सुनील शर्मा बिट्टू ने अन्य कांग्रेसी नेताओं के साथ कुठेड़ा में कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिला संगठक दिवंगत मदन लाल कौंडल के घर जाकर शोक व्यक्त किया। उन्होंने मदन लाल कौंडल के परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

**जज्बा** शिक्षक की मेहनत से 33 तक पहुंचा नामांकन, बंद होने से बचाया स्कूल

## बेहतर शिक्षा के दम पर तीन साल में आठ गुणा बढ़ाया नामांकन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** प्रदेशभर में 5 से कम बच्चों वाले स्कूलों में तालाबंदी हो चुकी है या फिर दूसरे स्कूल में मर्ज कर दिए हैं। वहीं ऐसे भी शिक्षक मौजूद हैं जिन्होंने तालाबंदी की दहलीज पर खड़े स्कूल को बंद होने से बचा लिया है। हमीरपुर जिला के नादौन क्षेत्र की राजकीय प्राथमिक पाठशाला अटियालु में अप्रैल 2022 में नामांकन केवल चार विद्यार्थी रह गए थे। स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों को यह चिंता सताने लगी थी कि यह स्कूल बंद कर दिया जाएगा, ऐसी स्थिति में ज्वाइन हुए मुख्य शिक्षक संजय कुमार ने ठान लिया कि नामांकन को हर हालत में बढ़ाना है और लोगों की मांग अनुसार शिक्षा देनी है।



संजय कुमार

इस कठिन स्थिति में सबसे पहले संजय कुमार ने स्कूल में दो और सामुदायिक शिक्षक रखे और उनका वेतन उठाने का प्रबंध किया। जब अभिभावकों ने उनका जज्बा देखा कि हर कक्षा को एक अध्यापक मिल रहा है, तो नामांकन बढ़ना शुरू हो गया। हर दहलीज पर जाकर बच्चों के प्रवेश के



स्कूल में करवाई जा रही अनेक प्रकार की गतिविधियां।

लिए संजय कुमार ने सतत प्रयास किए। वर्ष 2025 में उनकी अथक मेहनत से इस स्कूल का नामांकन 33 हो गया।

इस तरह तीन साल में नामांकन आठ गुणा करने की सफलता मुख्य शिक्षक संजय कुमार ने हासिल की। स्कूल में अब दो सरकारी और दो सामुदायिक शिक्षक हैं और बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए निजी परिवहन सुविधा का प्रबंध भी संजय कुमार ने किया है, ऐसे में अभिभावक स्वयं खर्चा करते हुए बच्चों को गाड़ी में स्कूल भेज रहे हैं। स्कूल में मूल सुविधाओं का विस्तार करने में भी मुख्य शिक्षक संजय कुमार ने अग्रणी भूमिका निभाई है। 26 साल के शिक्षण अनुभव वाले शिक्षक संजय कुमार नादौन के मांजरा (पनसाई) गांव के निवासी हैं। उनके पिता रत्न चंद और कौशल्या देवी ने उनको शिक्षक बनने की प्रेरणा दी है और सरकारी शिक्षा तंत्र में कुछ नया करने की प्रेरणा दी है।

इसके अलावा स्कूल में बच्चों के लिए पढ़ने पढ़ाने के तरीके में भी संजय कुमार ने बदलाव किया है। स्कूल में रचनात्मक गृहकार्य दिया जाता है और विद्यार्थियों को अंग्रेजी बोलने में निपुण बनाया जा रहा है। संजय कुमार ने बताया कि उनका मिशन सरकारी स्कूलों को बंद होने से रोकना और इनको पुन: नामांकन से भरपूर बनाना है। उनके प्रयास से भले ही एक स्कूल तालाबंदी से बचा है मगर शिक्षक समाज अगर इसी तरह से प्रयास करेगा तो अनेक स्कूल तालाबंदी से बच जाएंगे।

## संगठन मंत्री सिद्धार्थन ने संगठन को मजबूत करने का पढ़ाया पाठ



नादौन शहर में शहीदों को नमन करने के लिए भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली।

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नादौन भाजपा संगठन की गीता भवन नादौन में बैठक आयोजित की गई जिसमें नादौन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भाजपा के दोनों मंडलों के बूथ अध्यक्षों, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी, पूर्व प्रधान जोलसप्पड़ सोमा देवी, पूर्ण कालिक विस्तारक लोक सभा अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष गलोड़ राकेश शर्मा, नादौन के मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया, जिला सचिव राजकुमार एवं सभी ग्राम केंद्र अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक मंडल कार्यकारणी ,जिला कार्यकारणी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर बल देते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता के संकल्प को लेकर आगे बढ़ने से ही चुनाव जीता जा सकता है।

वहीं, पूर्व विधायक पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने जहां केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, वहीं कहा कि मुख्यमंत्री जनता की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाए हैं। बैठक के बाद भाजपा ने नादौन शहर में तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को नमन किया।




*पंचायतनामा की इस कड़ी में आज रुख करते हैं हमीरपुर जिले की चर्चित ग्राम पंचायत सासन की ओर। लगभग चार हजार की आबादी वाली इस पंचायत में सात गांव शामिल हैं - दरबेली, सासन, पंतेहड़ी, जटेहड़ी, घिरथेड़ी, वल बुलाणा और घिरथेड़ी ब्राह्मणा। यहां करीब 2400 मतदाता अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हैं। अनंत ज्ञान की टीम ने ग्राउंड जीरो पर जाकर हालात का जायजा लिया, तो तस्वीर साफ हो गई । लोगों की सबसे बड़ी चिंता बिजली और पानी की किल्लत है। विकास की कुछ पहलें हुई हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की लड़ाई अब भी जारी है।*

# सासन पंचायत में बिजली-पानी की किल्लत


सासन पंचायत सीमा समाप्त का बोर्ड।

विशेष रिपोर्ट
विक्रम ढटवालिया
अनंत ज्ञान ब्यूरो
हमीरपुर



हेलिपोर्ट का निर्माणाधीन स्थल।

**हमीरपुर**-नादौन नेशनल हाईवे पर झनियारी महत्वपूर्ण जगह है। यह ग्राम पंचायत सासन का हिस्सा है, लेकिन अब सासन पंचायत का वजूद भी खत्म हो रहा है । इसके दो रेवेन्यू विलेज नगर निगम हमीरपुर में शामिल कर दिए गए हैं। इसी कारण अब इस पंचायत का नाम शासन से बदलकर जटेहड़ी हो जाएगा। इस साल के अंत में होने वाले पंचायत चुनाव यहां इसी नई ग्राम पंचायत के नाम से होंगे, लेकिन एक बात साफ है कि इस पंचायत का सबसे बड़ा झनियारी माता का मंदिर आसपास के इलाके में काफी प्रसिद्ध है । यहां दिनभर श्रद्धालुओं के आने-जाने का सिलसिला बना रहता है। पंचायत प्रधान का दावा है कि उनके कार्यकाल में यहां लाखों के काम हुए हैं। हेलिपोर्ट इसी पंचायत के ऐसे स्थान पर तैयार हो रहा है, जिससे यहां की आन, बान और शान बनेगी। इस हेलिपोर्ट पर तकरीबन 18.34 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। इसी पंचायत में इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट भी मौजूद है, जिससे अब इस पंचायत के क्षेत्र में आर्थिक रूप में भी गतिविधियां और बढ़ाने वाली हैं। लोगों की आर्थिकी पर उसका अच्छा खासा असर होगा, क्योंकि यहां से कुछ ही दूरी पर मेडिकल कॉलेज का परिसर भी तैयार हो चुका है और वहां पर जब यह कॉलेज शुरू होगा तो कमर्शियल एक्टिविटीज के लिए यह इलाका लोगों की रोजी-रोटी का जरिया बनेगा। फिलहाल यहां पीने के पानी और बिजली की समस्या भी लोगों को खूब अखरती है । उनका कहना है कि पीने के पानी के लिए अलग से एक टैंक बन जाए तो फिर यहां की समस्या का स्थायी हल निकल सकता है ।

## हेलिपोर्ट और मेडिकल कॉलेज बनने से होगा फायदा : विजय कुमार



**पंचायत** के एक व्यक्ति विजय कुमार का कहना है कि काम तो बहुत अच्छे हुए हैं, अब इस सरकार के समय में भी यदि लोग खुश नहीं होंगे, तब तो क्या कहा जा सकता क्योंकि करोड़ों रुपए का हेलिपोर्ट यहीं पर बन रहा है। मेडिकल कॉलेज के बनने से भी फायदा होगा क्योंकि यह क्षेत्र उसके करीब में है।

## बिजली पानी की समस्या काफी समय से : संजीव कुमार



**दरबेली** गांव के संजीव कुमार कानूनगो का कहना है कि बिजली - पानी की समस्याएं यहां पर काफी समय से हैं इनका हल होना जरूरी है। वैसे उनका यह भी कहना है कि पिछले कुछ सालों से इस पंचायत में ज्यादा कुछ नहीं हुआ है।

## नगर निगम में शामिल हो झनियारी बाजार : सिकंदर कुमार



**यहां** के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सिकंदर कुमार कहते हैं कि मौजूदा सरकार के समय में अच्छे काम हुए हैं, जिससे लोगों को काफी फायदा मिला है। मोक्ष धाम में अच्छा काम हुआ है। इस पंचायत क्षेत्र में पांच बीएड कॉलेज और पेइंग गेस्ट होम भी अच्छी खासी तादाद में हैं। इससे लोगों को आर्थिक रूप में फायदा हो रहा है, लेकिन उनका कहना था कि नगर निगम के मामले को लेकर झनियारी का बाजार भी उसमें शामिल होना चाहिए था।

## हर इलाके का करवाया एक समान विकास : प्रधान

**पंचायत** की प्रधान अंजना कुमारी का कहना है कि वह पहली मर्तबा यहां की प्रधान बनी हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में पंचायत के हर इलाके का एक समान विकास करवाया है। मनरेगा के तहत कई कार्य करवाए हैं। दरबेली क्षेत्र में भी काम करवाए हैं। वार्ड नंबर 5 में भी कई अधूरे कार्य मुकम्मल करवाए हैं । उनका कहना था कि झनियारी का बाजार




काफी अहम है। जिन दो रेवन्यू विलेज को नगर निगम हमीरपुर में शामिल किया गया है। उनके साथ झनियारी भी शामिल होना चाहिए था। वे यह भी कहती हैं कि 25 से 30 लाख रुपए के काम तो मनरेगा में हुए और इसके अलावा तकरीबन 45 लाख रुपए के अन्य काम भी हुए हैं। 84 सोलर स्ट्रीट लाइट्स विकास में जन सहयोग में लगाई गई हैं। पंचायत के कई इलाकों में इन लाइटों के लगने से फायदा हुआ है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सहयोग से गांव के मानसिक रूप से परेशान एक व्यक्ति को काफी लाभ हुआ है और वह अब काफी हद तक ठीक हो गया है।

## अमरोह चौक दुर्दशा पर बहा रहा आंसू

**इस** पंचायत का सबसे महत्वपूर्ण चौक अमरोह चौक है, लेकिन उसकी दुर्दशा देखते ही बनती है, क्योंकि वहां न तो कोई बढ़िया रेन शेल्टर है और न ही लाइट की कोई व्यवस्था है, जबकि यहां से चारों दिशाओं में सड़क जाती है। बीच से नेशनल हाईवे है और यहां दिन-रात लोगों की आवाजाही की वजह से यह व्यस्त स्थान बना हुआ है। एक रेन शेल्टर पुराना सा है। उसकी हालत बेहद खराब है। वहां कोई व्यक्ति खड़ा नहीं हो सकता। झनियारी माता के मंदिर में यहां बड़ी तादाद में लोगों के आने जाने का सिलसिला बना रहता है। यह बहुत ही सुंदर स्थान बना हुआ है।

## पंचायत में सिर्फ एक उपस्वास्थ्य केंद्र

**सासन** पंचायत चारों ओर से चीड़ के घने पेड़ों से घिरी हुई है, जिससे यहां सूर्य का पर्याप्त प्रकाश नहीं पहुंच पाता। इस कारण कई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पंचायत में स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर केवल एक उपस्वास्थ्य केंद्र है, जो मामूली उपचार तक ही सीमित है। गंभीर बीमारी या आपात स्थिति में ग्रामीणों को हमीरपुर अस्पताल का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत में स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है और यहां कम से कम एक बड़ा प्राइमरी हेल्थ सेंटर खोला जाना जरूरी है।

# वेबसाइट हैक कर सीएम रिलीफ फंड का फर्जी वेबपेज बनाकर की ठगी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के उद्योग विभाग की आधिकारिक वेबसाइट को हैक कर अज्ञात साइबर ठगों ने सीएम रिलीफ फंड के नाम पर धोखाधड़ी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला उद्योग विभाग के अतिरिक्त निदेशक तिलक राज शर्मा की शिकायत पर दर्ज हुआ है। वह वर्ष 2021 से उद्योग विभाग शिमला में पदस्थ हैं। तिलक राज शर्मा द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार विभाग की वेबसाइट शिमला स्थित हिमाचल प्रदेश स्टेट डेटा सेंटर, मैहली में होस्ट की गई है। 28 जुलाई को विभाग में तैनात एक कर्मचारी ने उन्हें बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने वेबसाइट पर सीएम रिलीफ फंड के नाम से एक वेबपेज बनाकर अपना बैंक खाता और क्यूआर कोड डाल रखा है। डेटा सेंटर टीम ने पुष्टि की है कि 26 जुलाई को यह फर्जी वेबपेज अपलोड किया गया था। सुरक्षा कारणों से 28 जुलाई को वेबसाइट बंद कर दी गई और जरूरी दिशा-निर्देशों के बाद 29 जुलाई को दोबारा शुरू की गई।

जांच के दौरान 29 जुलाई को विभाग की एक कर्मचारी ने अपने निजी एचडीएफसी खाते से परीक्षण स्वरूप 1 रुपए का लेन-देन किया। यह लेन-देन एक अज्ञात व्यक्ति की यूपीआई आईडी से जुड़ी मिली। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि 26 से 28 जुलाई के बीच कितनी राशि आम जनता ने इस फर्जी खाते में जमा की है। अज्ञात व्यक्ति ने सरकारी वेबसाइट को हैक कर अपने बैंक खाते का क्यूआर कोड डालकर न केवल जनता से ठगी की, बल्कि विभाग और सरकार की छवि खराब करने की कोशिश की। छोटा शिमला पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। शिमला पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मामले जांच जारी है।

# विद्युत लाइन की चपेट में आने से योल के युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते खनियारा के मोहली में रविवार दोपहर को विद्युत लाइन की चपेट में आने से स्लेट गोदाम योल के युवक मुनीष कुमार आयु 26 वर्ष पुत्र अजीत कुमार की दुखद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि स्लेट गोदाम योल का युवक पलंबर का काम करता था और खनियारा के क्षेत्र में किसी निर्माणाधीन घर के लेंटल में काम करते हुए विद्युत लाइनों की चपेट में आने से बेसुध होकर नीचे गिर गया।

जहां से युवक को जोनल अस्पताल धर्मशाला पहुंचाया गया, वहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस थाना धर्मशाला की ओर से मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर जोनल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है। आज सोमवार को सुबह पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा जाएगा। इस संबंध में पुलिस थाना धर्मशाला के एसएचओ नारायण सिंह ने बताया कि विद्युत लाइनों की चपेट में आने से बेसुध हालत में युवक को जोनल अस्पताल पहुंचाया गया था। शव को सोमवार को सुबह पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस की ओर से आगामी जांच पड़ताल की जा रही है।

### हिमाचल के 325 कार्यालय अब कागज-मुक्त, 34 लाख लाभार्थियों को मिला 2370 करोड़ का लाभ

# डिजिटल क्रांति से सरकारी काम हुए आसान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश अब एक शक्तिशाली डिजिटल परिवर्तन से सुशासन की नई मिसाल पेश कर रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में, राज्य ने सेवाओं को कुशलता, पारदर्शिता और सीधे आम लोगों तक पहुंचाने के लिए तकनीकी नवाचारों को अपनाया है।



पिछले अढ़ाई वर्षों में उठाए गए इन कदमों से न केवल प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है, बल्कि नागरिकों के लिए भी सरकारी सेवाएं अधिक सुलभ और उत्तरदायी बन गई हैं। नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन 1100 एक प्रभावी मंच के रूप में सामने आई है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 1,49,490 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकतर का समाधान किया जा चुका है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप नागरिकों की संतुष्टि दर 70 प्रतिशत से बढ़कर 71 प्रतिशत हो गई है।

यह हेल्पलाइन अब विभिन्न विभागीय सेवाओं के लिए एक केंद्रीकृत कॉल सेंटर के रूप में भी कार्य कर रही है, जिसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली हेल्पलाइन 1967 और आपदा हेल्पलाइन भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मोबाइल संवाद सेवा की सुविधा शुरू होने से नागरिक और अधिकारी दोनों आसानी से हेल्पलाइन से जुड़ पा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने ई-कार्यालय पहल के माध्यम से कागज-मुक्त प्रशासन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।

इस पहल के तहत वर्ष 2024-25 में सचिवालय की 20 नई शाखाओं, 5 नए निदेशालयों, सभी 12 उपायुक्त कार्यालयों और 13 पुलिस अधीक्षक कार्यालयों सहित कुल 325 फील्ड कार्यालयों को ई-कार्यालय से जोड़ा गया है। इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली में गति और पारदर्शिता आई है।

इसी क्रम में, हिमाचल ऑनलाइन सेवा (ई-जिला) पोर्टल नागरिकों के लिए सरकारी सेवाएं प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। वर्ष 2024-25 में 100 नई सेवाएं जोड़ने के बाद, यह पोर्टल अब 315 ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करता है।

## हिम परिवार परियोजना से मिलेगी एकीकृत पहचान

**पूर्ण** राज्यत्व दिवस के अवसर पर हिम परिवार परियोजना का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य प्रदेशवासियों को एक एकीकृत डिजिटल पहचान प्रदान करना है, जिससे विभिन्न सरकारी सेवाओं की सुगमता से उपलब्धता सुनिश्चित होगी। अब तक प्रदेश भर में 19 लाख से अधिक परिवारों और 76 लाख से अधिक सदस्यों को हिम परिवार पहचानपत्र आवंटित किए जा चुके हैं।

## बिचौलियों की भूमिका होगी खत्म

**इसके** अलावा, सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली को 69 योजनाओं में सफलतापूर्वक लागू किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, इस प्रणाली के माध्यम से कुल 2370.65 करोड़ रुपए की राशि सीधे 34 लाख लाभार्थियों के खातों में भेजी गई है। यह पहल लाभार्थियों तक बिना किसी बिचौलिये के समय पर सहायता पहुंचाने में एक मील का पत्थर साबित हो रही है।

# जुब्बल-कोटखाई को मिला पेयजल का नया तोहफा, 27 पंचायतों तक पहुंचेगा पानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के विकास की गति तेज करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज क्षेत्र के लोगों को एक और बड़ी सौगात दी।

उन्होंने ग्राम पंचायत पराली बदरूनी में 1.28 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सलोग नाला से गांव कुफ्फरबाग उठाऊ पेयजल योजना का उद्घाटन किया।

इस योजना से पांच गांवों के करीब 1000 लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। रोहित ठाकुर ने बताया कि पब्बर नदी से पेयजल को विधानसभा की 27 पंचायतों तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इस पर 38 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।



## सड़कों के लिए 400 करोड़, स्वास्थ्य और शिक्षा की भी मिली सौगात

**शिक्षा** मंत्री ने देवरी खनेटी पंचायत के रियोग गांव में ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि कोटखाई और नावर क्षेत्र को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पुड़ग रियोघाटी सड़क के स्तरोन्नत के लिए 26 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण पर कुल 400 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। देवरी खनेटी में 2.92 करोड़ की लागत से बनी अलांवग-नक्सेटली-रेयोघाटी वाया कांगी नाला सड़क का निर्माण भी पूरा हो चुका है। 10 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है। देवरी खनेटी में 1.82 करोड़ की लागत से बन रहा भी शामिल है।

# प्रदेश में बेटियों के विवाह की न्यूनतम उम्र हुई 21 वर्ष

**अनंत ज्ञान, शिमला।** रक्षाबंधन का पावन पर्व भाई-बहन के स्नेह, सुरक्षा और भरोसे का प्रतीक माना जाता है। इसी अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार ने बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। प्रदेश में अब विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष कर दी गई है। इस बदलाव से बेटियों को शिक्षा पूरी करने, करियर बनाने और जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि विवाह की उम्र बढ़ाना केवल कानूनी सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक सोच में बदलाव की दिशा में एक मजबूत पहल है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे न केवल बाल विवाह की रोकथाम होगी, बल्कि बेटियों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

इसके साथ ही छात्राओं के लिए एक और राहत भरी योजना लागू की गई है। अब स्कूटी खरीदने पर 25 हजार रुपए की सबसिडी दी जाएगी, जिससे छात्राएं सुरक्षित और स्वतंत्र रूप से अपने कॉलेज, कोचिंग सेंटर या कार्यस्थल तक पहुंच सकेंगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि बेटियों को सम्मान और बराबरी का हक़ देना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। 'हमारा प्रयास है कि हिमाचल की बेटियां आगे बढ़ें, आत्मनिर्भर बनें और अपने सपनों को साकार करें। यह केवल योजनाएं नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की ठोस पहल है।

# ईको टास्क फोर्स ने प्रदेश में रोपे 65 लाख पौधे

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की ईको टास्क फोर्स ने न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, बल्कि आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों में भी अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में, मनाली-पंडोह राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के बाद फंसे यात्रियों की मदद कर फोर्स ने अपनी उपयोगिता साबित की है।

10 अगस्त को 133 इको टास्क फोर्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक कुमार ने बताया कि 8 अगस्त को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से मनाली-पंडोह राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया था। इसकी वजह से हनोगी और थलोट के बीच बड़ी संख्या में यात्री फंस गए थे। फोर्स की ब्रेवो कंपनी जलोड़ी ने इन यात्रियों को आर्मी कैंप में सुरक्षित ठहराया।

इसके अलावा, ईको टास्क फोर्स ने प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के लिए भी बड़े पैमाने पर काम किया है। फोर्स ने अभी तक 6000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में 65 लाख से ज्यादा पौधे लगाए हैं। ये पौधे शिमला, मंडी, करसोग, नाचन, कुल्लू, सैंज और अन्य क्षेत्रों में पर्यावरण के अनुकूल लगाए गए हैं।

# जयराम का कांग्रेस पर बड़ा हमला सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर बडा हमला बोला है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि झूठी गारंटियों के नाम पर सत्ता हासिल करना जनता के जनादेश को 'चोरी' करने जैसा है, और कांग्रेस इस काम में 'सिद्धहस्त' है।

जयराम ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने वादों के ठीक उलट काम किया है। उन्होंने बताया कि जिस पार्टी ने 5 लाख युवाओं को रोजगार देने और पहली कैबिनेट में 1 लाख नौकरी देने का वादा किया था, उसने सत्ता में आने के बाद डेढ़ लाख से ज्यादा पद खत्म कर दिए और 15,000 से अधिक लोगों को नौकरी से निकाल दिया। ठाकुर ने कहा कि 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा भी अधूरा रह गया, क्योंकि सरकार ने पुरानी 125 यूनिट की सबसिडी भी हटा दी, जिससे बिजली के दाम तीन गुना बढ़ गए।

उन्होंने महिलाओं को 1500 देने और किसानों से 100 प्रति लीटर दूध खरीदने जैसे वादों को भी 'सबसे बड़ा झूठ' करार दिया।



- सरकार ने युवाओं, किसानों और महिलाओं के साथ किया धोखा
- कहा-कांग्रेस ने वादों के ठीक उलट किया है काम

## माफी मांगने की मांग

**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस के नेता अब अपनी ही गारंटियों का नाम लेने से भागते हैं। ठाकुर ने कहा कि सत्ता में आने के बाद सुक्खू सरकार ने अपना चुनावी घोषणा पत्र कभी पलटकर नहीं देखा। जयराम ठाकुर ने मांग की कि हिमाचल प्रदेश के लोगों को 10 झूठी गारंटियां देकर उनके वोट चुराने के लिए कांग्रेस को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

# ग्रामीणों की परेशानी दूर करने में सरकार नाकाम : कौल सिंह

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कौल सिंह ने आज ननखड़ी के खमाड़ी का दौरा किया। उन्होंने वहां पर लोगों की समस्याओं को सुना और कहा कि वे समय समय पर रामपुर से जुड़ी हर समस्याओं को उठाते आ रहें है। लेकिन प्रशासन व सरकार किसी भी समस्या को दूर करने में नाकाम रहा है। उन्होंने कहा कि रामपुर ननखड़ी वाया खमाड़ी बस 22 दिनों से नहीं जा रही है। खमाड़ी में डंगा गिरने से बस बंद है।

वहीं दूसरी ओर सुरड़बंगला वाया करोली बस भी नहीं बंद है। खमाड़ी बस के न चलने से ननखड़ी खंड की छ पंचायतों के ग्रामीण परेशानी झेल रहें है। इन पंचायतों में कुंगलबाल्टी, खमाड़ी, थेली चकटी, शोली, पुनन, टिप्पर मझोली पंचायतें शामिल है। हर दिन इस बस में इन पंचायतों के सैकड़ों लोग सफर करते थे। लेकिन आजकल ये बस बंद चल रही है। कौल ने कहा कि सडक़ की खस्ताहालत से बागवानों का सेब भी मंडी तक समय पर नहीं पहुंच रहा है। सी ग्रेड सेब को खरीदने के लिए सरकार ने काफी देरी से केंद्र खोले है।

**योजना** | हिमाचल भाजपा ने कसी कमर, सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी

# प्रदेश पंचायतीराज चुनावों पर पूरा फोकस

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल भाजपा ने अब अपनी चुनावी रणनीति को एक तीखा मोड़ दिया है, जिसके तहत पार्टी ने आगामी पंचायती राज चुनावों पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर दिया है। यह कदम प्रदेश में सत्ताधारी दल की नाकामियों को सीधे जनता तक पहुंचाने और अपनी पकड़ को और भी मजबूत करने की भाजपा की दूरगामी योजना का हिस्सा माना जा रहा है।

**जमीनी स्तर पर मजबूत कार्य योजना होगी तैयार**

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जमीनी स्तर पर एक मजबूत कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत, पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से इन चुनावों में भाग लेने और सत्ताधारी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने के लिए 'अलर्ट मोड' पर रखा गया है। भाजपा का मानना है कि पंचायती राज संस्थाएं ही वह महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो सरकार की जनविरोधी नीतियों और विकास कार्यों में हुई कथित विफलताओं को सीधे जनता तक पहुंचाने में सहायक होती हैं।




## जमीनी स्तर पर काम करने वालों को प्राथमिकता, जो मजबूत आधार करेगी तैयार

**पार्टी** ने उम्मीदवारों के चयन के लिए भी एक विशेष प्रक्रिया अपनाई है, जिसमें उन चेहरों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं और जनता के बीच लोकप्रिय हैं। यह रणनीति पार्टी को न केवल पंचायती राज चुनावों में जीत दिलाने में मदद करेगी, बल्कि दिसंबर में होने वाले इन चुनावों में निर्णायक विजय हासिल कर भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार करेगी।

## मंडल और बूथ स्तर तक होगा बैठकों का आयोजन

**इन** सभी प्रयासों की अगुआई पार्टी के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा ने मंडल और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों का दौर शुरू कर दिया है, जिसमें उन्हें सरकार की खामियों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच पहुंचाने और चुनाव की तैयारियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. बिंदल के मार्गदर्शन में भाजपा पंचायती राज चुनावों में शानदार जीत दर्ज कर सत्ताधारी दल को चुनौती देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# फर्ना : एक साधारण पौधे में छुपी असाधारण खूबियां

**हिमालय की शांत और सुरम्य वादियों में जहां प्रकृति और परंपरा का अद्वितीय संगम होता है, वहीं यह क्षेत्र कई विशेष और अत्यंत उपयोगी जड़ी-बूटियों का भी भंडार है। इन जड़ी-बूटियों में से एक महत्वपूर्ण और औषधीय पौधा है 'फर्ना', जो अपने असाधारण गुणों के कारण हिमालय की एक अमूल्य धरोहर है। फर्ना की पतली पत्तियों से निकलने वाली प्याज जैसी गंध और स्वाद इसे पारंपरिक पकवानों में विशिष्ट स्थान दिलाते हैं। दुर्भाग्यवश, आधुनिक आहार संस्कृति और फास्ट फूड की होड़ में यह पौधा उपेक्षित होता जा रहा है, जबकि यह न केवल पोषण से भरपूर है, बल्कि स्थानीय किसानों के लिए आय का भरोसेमंद स्रोत भी बन सकता है।**







डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



## क्या है फर्ना?

**फर्ना**' नाम स्थानीय बोली में एलियम वंश की दो प्रमुख प्रजातियों-एलियम स्ट्रैचयी और एलियम ट्यूबरोसम के लिए उपयोग किया जाता है। ये पौधे अमरिलिसी कुल से संबंधित हैं। अपने विशेष गुणों के कारण ये दोनों आहार में समान रूप से लाभकारी मानी जाती हैं। ये पौधे न केवल पारंपरिक व्यंजनों में एक अनोखा स्वाद जोड़ते हैं, बल्कि उनके औषधीय गुण भी अद्वितीय हैं। नियमित रूप से इनके सेवन से पाचन तंत्र मजबूत होता है, रक्त में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है, और परिसंचरण तंत्र को भी सुदृढ़ किया जा सकता है।

## पारंपरिक भोजन में स्थान

**परंपरागत** रूप से फर्ना का उपयोग मसाले, अचार, और दवाओं के रूप में किया जाता रहा है। इसके अलावा इसे पारंपरिक सब्जी के रूप में भी व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है। इसके फूलों का उपयोग सलाद और अन्य व्यंजनों को सजाने के लिए गार्निशिंग एजेंट के रूप में किया जाता है। फर्ना का तीखा, स्वाद सूप, करी, चटनी, और साधारण सब्जियों में एक अद्वितीय स्वाद जोड़ता है। हिमालयी क्षेत्रों का एक लोकप्रिय व्यंजन, फर्ना आलू, जीरा, और हरी मिर्च के साथ मिलाकर तैयार किया जाता है। यह स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन सदियों से स्थानीय घरों में पसंद किया जाता रहा है। ऊंचे हिमालयी क्षेत्रों में, जहां ताजे हरे मसालों की कमी होती है, वहां सूखा हुआ फर्ना विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है।

## एशियाई चिकित्सा में फर्ना का समृद्ध इतिहास

**फर्ना** की इन प्रजातियों का हिमाचल और उत्तराखंड की पाक परंपराओं में विशेष स्थान है। पारंपरिक एशियाई चिकित्सा में भी फर्ना का एक लंबा और समृद्ध इतिहास है। हालांकि, तुलसी, धनिया, और पुदीना जैसी जड़ी-बूटियों की तुलना में, फर्ना को अकसर अनदेखा किया जाता है, इसलिए इसके अमूल्य गुणों को उजागर करना और उसे स्वस्थ जीवनशैली और सामुदायिक विकास के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। एलियम स्ट्रैचयी आमतौर पर 2500 से 4000 मीटर की ऊंचाई पर पाई जाती है। यह अल्पाइन घास के मैदानों, पथरीली ढलानों, रेतीली मिट्टी और शुष्क क्षेत्रों में 3500-4000 मीटर की ऊंचाई पर उगती है, जबकि धूप वाली जगहों पर नम चट्टानों के पास, खड़ी ढलानों पर इसे 2500 - 3000 मीटर की ऊंचाई तक भी देखा जा सकता है। दूसरी प्रजाति, एलियम ट्यूबरोसम जिसे 'चीनी लहसुन' भी कहा जाता है, 2000 मीटर से ऊपर उगती है। हालांकि, कुछ कृषकों ने इसे 900 मीटर की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक उगाया है, जिससे इसके वाणिज्यिक विस्तार की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

## औषधीय गुण एवं पारंपरिक चिकित्सा में उपयोग

***फर्ना में सल्फर यौगिकों की उपस्थिति इसे प्याज-लहसुन जैसा तीखा और लाभकारी बनाती है। इसका सेवन कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव में सहायक है:***

- पाचन सुधार और भूख बढ़ाने के लिए पारंपरिक चिकित्सा में इसका उपयोग किया जाता है।
- श्वसन तंत्र की सफाई, विशेषकर बलगम निकालने में यह कारगर है।
- हृदय रोग, उच्च कोलेस्ट्रॉल, और रक्त परिसंचरण की समस्याओं में इसके लाभ वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हो चुके हैं। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं, जो जोड़ों के दर्द, त्वचा संक्रमण और सर्दी-खांसी में राहत देते हैं।
- अस्थमा और अन्य श्वसन समस्याओं में भी इसे लाभकारी माना जाता है।

## पोषण का खजाना

***फर्ना न केवल औषधीय है, बल्कि पोषण के लिहाज से भी बेहद समृद्ध है। 100 ग्राम ताजे फर्ना में निम्नलिखित पोषक तत्व होते हैं, जो विशेष रूप से वजन प्रबंधन, इम्यून सिस्टम और हड्डियों की मजबूती के लिए उपयुक्त है। इसमें लो कैलोरी और हाई फाइबर के गुण इसे 'सुपरफूड' की श्रेणी में रखते हैं।***

| | | | |
|---|---|---|---|
| **ऊर्जा** | 30 किलो कैलोरी | **आयरन** | 1.6 मिग्रा |
| **प्रोटीन** | 3.27 ग्राम | **कैल्शियम** | 92 मिग्रा |
| **आहार फाइबर** | 2.5 ग्राम | **पोटैशियम** | 296 मिग्रा |
| **विटामिन सी** | 58.1 मिग्रा | **विटामिन** | 212.7 मिक्रो ग्राम |
| **विटामिन ए** | 4353 आईयू | | |

## फर्ना की खेती काफी लाभकारी

**जो** लोग बागवानी का शौक रखते हैं, उनके लिए फर्ना की खेती काफी लाभकारी है। एक तो इसे उगाना बेहद आसान है, दूसरा इसमें बहुत कम रखरखाव की आवश्यकता होती है, और यह सामान्य कीट और बीमारियों के लिए प्रतिरोधी होता है। फर्ना को चाहे बगीचों में लगाया जाए या गमले में, यह पौधा विभिन्न मिट्अी और जलवायु में पनप सकता है। इसके सफेद सुगंधित फूल न केवल बगीचे की सुंदरता बढ़ाते हैं बल्कि मधुमक्खियों और तितलियों जैसे परागणकर्ताओं को भी आकर्षित करते हैं। फर्ना आय का अतिरिक स्रोत है। इसके फूलों फूलों को तोड़कर सुखाया जाता है और फिर मसाले के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इन शुद्ध फूलों की कीमत बाजार में 1000 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक होती है। दूसरी ओर, फर्ना की सूखी पत्तियों और फूलों की अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय बाजार में मांग काफी अधिक है और इनकी कीमत 3000 रुपये प्रति किलोग्राम तक होती है।




## पर्यावरण और जैव विविधता के लिए उपयोगी

**फर्ना** सूखा प्रतिरोधी और जलवायु परिवर्तन सहिष्णु पौधा है। यह उन पौधों में से एक है जो मृदा अपरदन को रोकने में मदद करता है और जल संरक्षण में सहायक है। मधुमक्खियों, तितलियों और अन्य परागण करने वाले जीवों को आकर्षित करने के कारण यह पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिरता में अहम भूमिका निभाता है।

## ऐसे में जरूरत है –

- फर्ना की खेती को प्रोत्साहित करने की।
- स्थानीय समुदायों को जागरूक करने की।
- इसे शिक्षा, स्वास्थ्य और आहार नीतियों में शामिल करने की।
- ऊतक संवर्धन तकनीक (Tissue Culture) से इसके उत्पादन को बढ़ावा देने की।
- शहरी क्षेत्रों में गमलों और रसोई बगानों में इसकी खेती को बढ़ावा देने की।
- आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों और SHG के माध्यम से इसे पोषण बागानों में शामिल करने की।


### अंत में...

**फर्ना** एक ऐसा उदाहरण है जो हमें यह सिखाता है कि कभी-कभी छोटे पौधे भी बड़ी संभावनाएँ लिए होते हैं। ज़रूरत है उन्हें पहचानने, संरक्षित करने और पुनः अपने जीवन में स्थान देने की।
**आज** जब हम पर्यावरण, स्वास्थ्य और पोषण को लेकर जागरूक हो रहे हैं, तो आइए फर्ना जैसे पारंपरिक पौधों को फिर से अपनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की नींव रखें।

# खानपान की आदतें बदलकर पित्त की पथरी से मिलेगी मुक्ति

**पथरी होने पर तेज दर्द, अपच, उल्टी और अन्य गंभीर समस्याएं**


**अनियमित** दिनचर्या से पथरी की बीमारी इन दिनों आम हो गई है। आमतौर पर यह किडनी में हुआ करती थ, मगर अब गॉलब्लैडर में स्टोन्स की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। आप भी अगर पित्त की पथरी से बचना चाहते हैं तो एक्सपर्ट के ये 5 असरदार उपाय जैसे वेट मैनेजमेंट, फाइबर युक्त डाइट और सही खानपान की आदतें अपनाइएं। भागदौड़ भरी जिंदगी और खराब जीवनशैली के कारण पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं होना आम हो गया है। उन्हीं में से एक है पित्त की पथरी यानी गॉलब्लैडर स्टोन भी है। यह पित्ताशय में बनने वाले कठोर कण होते हैं। ये स्टोन्स कोलेस्ट्रॉल, पित्त के तत्वों और अपशिष्ट पदार्थों के जमाव से बनते हैं। कई बार यह पथरी छोटी होती है और इसके लक्षण दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन कई बार यह इतनी बड़ी हो जाती है कि इससे तेज दर्द, अपच, उल्टी और अन्य गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। पित्त की पथरी का इलाज सर्जरी के जरिए ही किया जा सकता है, लेकिन कुछ साधारण उपाय अपनाकर आप इस समस्या को होने से रोक सकते हैं? आइए एक्सपर्ट से जानते हैं इस समस्या से बचने के लिए 5 उपाय कौन से हैं।




## खाना रोज खाएं और समय पर खाएं

**कभी** भी खाना स्किप न करें। लंच, डिनर या ब्रेकफास्ट हो, सभी का एक समय फिक्स होता है, इसलिए आपको लंबे समय तक भूखे रहने वाली आदत को बदलकर समय पर खाना खाने की आदत डालनी चाहिए। बहुत ज्यादा तला भुना और फैट युक्त चीजें न खाएं। प्रोसेस्ड फूड्स और मैदे से बनी चीजों से जितना हो सके परहेज करें। अपनी डाइट में ऐसे फूड्स शामिल करें, जो बाइल का संतुलित कर सकें, जैसे कि हल्दी, नींबू पानी और चुकंदर। दरअसल, इन फूड्स की मदद से पित्त का काम सही से होता है और एसिडिक पदार्थों का सर्कुलेशन भी सही से होता है। ये एसिडिक पदार्थ पाचन को बेहतर बनाते हैं और गट हेल्थ इंप्रूव करते हैं।

## क्या कहते हैं एक्सपर्ट



हेल्थ एक्सपर्ट, सर्जन डॉ. राजकुमार।

**हेल्थ** एक्सपर्ट और सर्जन डॉ राजकुमार शर्मा बताते हैं कि गॉल स्टोन्स की समस्या आज के समय में कॉमन हो गई है, क्योंकि ये हमें पहले तकलीफ नहीं देती है और जब होती है तो वह बहुत ज्यादा खतरनाक बनकर सामने आती है। इसके होने की सबसे बड़ी वजह खराब लाइफस्टाइल और खराब खानपान है। इसलिए, बचाव करना है तो लाइफस्टाइल को सही करना होगा। डॉ. राजकुमार का कहना है कि मोटापा या ओबेसिटी जो इन दिनों एक कॉमन प्रॉब्लम बन गई है। अगर किसी को वजन से संबंधित समस्या रहती है तो उसके शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। ये खराब कोलेस्ट्रॉल होता है, जो बाद में पित्त की पथरी का कारण बनता है। इसके लिए आपको रोजाना व्यायाम करने चाहिए। डाइट में फाइबर की कमी से भी कोलेस्ट्रॉल बनता है, जो लोग कम फाइबर लेते हैं, उन्हें भी ऐसी समस्याएं ज्यादा होती है। फाइबर खाने को पचाने में भी मदद करता है। इसके लिए आपको अपनी डाइट में साबुत अनाजों को शामिल करना चाहिए।

प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन


# साइनसाइटिस

***यहां साइनसाइटिस (Sinusitis) के लिए प्रभावी और सामान्य रूप से प्रयोग में ली जाने वाली होम्योपैथिक दवाइयां दी गई हैं। ये दवाएं व्यक्ति के लक्षण, शारीरिक प्रकृति और रोग की तीव्रता के आधार पर चुनी जाती हैं, इसलिए किसी प्रशिक्षित होम्योपैथ से परामर्श लेना उचित होता है।***

***साइनसाइटिस (Sinusitis) तब होता है जब साइनस की अंदरूनी परत (tissue lining) में सूजन या जलन हो जाती है। साइनस क्या हैं? साइनस खोपड़ी (skull) में मौजूद हवा से भरे हुए खाली स्थान होते हैं। जैसेः-***

- माथे के पीछे
- नाक की हड्डियों के पीछे
- गालों के पीछे
- आंखों के पीछे

*सामान्य स्थिति में इन साइनसों में हवा बहती रहती है और म्यूकस (बलगम) आसानी से निकल जाता है, लेकिन जब साइनस की ओपनिंग (छिद्र) बंद हो जाती है या साइनस में बहुत अधिक म्यूकस (बलगम) जमा हो जाता है, तो बैक्टीरिया और अन्य कीटाणु आसानी से पनप सकते हैं, जिससे साइनसाइटिस हो सकता है।*




## साइनसाइटिस के कारण

**1. वायरल संक्रमण (जैसे सर्दी लगना)**
*बैक्टीरियल संक्रमण, फंगल संक्रमण, दांत का संक्रमण, जो ऊपरी साइनस तक फैल सकता है*

**2. साइनस की छोटी झिल्लीदार बालियां (Cilia) म्यूकस को ठीक से बाहर नहीं निकाल पातीं।**
*यह कुछ विशेष चिकित्सकीय स्थितियों के कारण हो सकता है, जैसे:-*
- सिस्टिक फाइब्रोसिस
- सांस संबंधी क्रॉनिक रोग

**3. सर्दी और एलर्जी**
*ये स्थितियां अधिक मात्रा में बलगम बना सकती हैं। साथ ही इससे होने वाली सूजन साइनस की ओपनिंग को ब्लॉक कर सकती है*

**4. नाक की बनावट में गड़बड़ी**
- टेढ़ी नाक की हड्डी
- नाक की हड्डी में उभार
- नाक में मांस बढ़ना

*ये सब साइनस के छिद्रों को बाधित कर सकते हैं और म्यूकस को बाहर निकलने से रोक सकते हैं*

**5. पुराना संक्रमण**
लंबे समय तक रहने वाला संक्रमण म्यूकोसा (साइनस की भीतरी परत) में सूजन पैदा करता है। इससे लगातार बलगम जमा होता रहता है और साइनसाइटिस बना रहता है।

## मुख्य लक्षण

***1. नाक बंद होना***
- *सांस लेने में तकलीफ*
- *नाक से बोलने जैसी आवाज*

**2. नाक से पीला या हरा बलगम आना**
- *मोटा, पीला/हरा स्राव*
- *बलगम गले में टपकना*

**3. चेहरे में दर्द और दबाव**
- *गाल, माथे, आंखों के पीछे, और नाक के पास दर्द*
- *दबाने पर या झुकने पर दर्द बढ़ सकता है*

**4. सिर दर्द**
- *विशेष रूप से माथे या आंखों के पास*
- *सुबह के समय अधिक तेज हो सकता है*

**5. बुखार**
- *विशेषकर बैक्टीरियल साइनस संक्रमण में*

**6. गले में खराश या खांसी**
- *बलगम के कारण गले में जलन*
- *रात में खांसी ज्यादा हो सकती है*

**7. गंध और स्वाद में कमी**
- *खाना फीका लगने लगता है*
- *नाक बंद रहने से गंध महसूस नहीं होती*

**8. थकान**
- *शरीर में भारीपन*
- *थका-थका महसूस करना*

**9. दांतों या जबड़े में दर्द**
- *खासतौर पर ऊपरी जबड़े के दांतों में*

**1. Kali Bichromicum**
- गाढ़ा, चिपचिपा, पीला या हरा बलगम।
- बलगम निकालने में कठिनाई।
- साइनस में भारीपन या सिरदर्द, जो खासकर माथे और आंखों के बीच महसूस हो

**2. Pulsatilla**
- हल्का, पीला या हरा बलगम जो आसानी से बहता है।
- बंद नाक जो खुले स्थान या ठंडी हवा में बेहतर महसूस होती है।
- बच्चो या भावनात्मक लोगों में उपयोगी।
- स्वाद या गंध की क्षमता कम हो जाना।

**3. Silicea**
- पुरानी साइनस इंफेक्शन।
- मवादयुक्त बलगम जो दुर्गंधयुक्त हो।
- कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग।
- ठंड से लक्षण बढ़ते हैं

**4. Belladonna**
- अचानक शुरू हुआ तेज सिरदर्द।
- माथे या आंखों के पीछे तेज दर्द।
- बुखार के साथ लाल चेहरा और गर्माहट।
- स्पर्श करने पर दर्द में वृद्धि।

**5. Hepar Sulphuris**
- नाक में मवाद या फोड़े जैसा दर्द
- थोड़ी सी ठंडी हवा से लक्षण बिगड़ जाते हैं
- छूने या चलने पर दर्द बढ़ता है


**6. Mercurius Solubilis**
- बलगम में बदबू
- सांसों से दुर्गंध
- रात को लक्षण खराब होना
- अत्यधिक पसीना और लार आना



डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)

# स्वस्थ हड्डियां और लचीले जोड़ ही जीवन की असली ताकत

**मजबूत हड्डियां, लचीले जोड़ जीवनभर की गति की नींव का निर्माण करते हैं। इस अस्थि और संयुक्त दिवस पर गतिशीलता के अविश्वसनीय उपहार पर विचार करने के लिए कुछ समय निकालें। चाहे वह सीढ़ियां चढ़ना हो, सुबह की सैर का आनंद लेना हो। मस्कुलोस्केलेटल (हड्डी और जोड़) स्वास्थ्य के महत्व को समझें और उसकी देखभाल करें। मजबूत हड्डियां और लचीले जोड़ न केवल हमें चलने-फिरने में मदद करते हैं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं।**



## स्वस्थ हड्डियां और जोड़ बनाए रखने के सुझाव

**संतुलित आहार लें:** कैल्शियम युक्त और विटामिन डी युक्त आहार हड्डियों को मजबूत करता है। अपनी दिनचर्या में पत्तेदार साग, डेयरी, मेवे और धूप को शामिल करें।

**नियमित व्यायाम करें:** नियमित शारीरिक गतिविधि जोड़ों के लचीलेपन में सुधार करती है और हड्डियों के घनत्व को बनाए रखती है। कम प्रभाव वाले व्यायाम जैसे चलना, तैरना और योग एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

**अपनी मुद्रा का ध्यान रखें:** खराब मुद्रा जोड़ों और रीढ़ की हड्डी को तनाव देती है। काम के समय एर्गोनोमिक सेटअप बनाए रखें और लंबे समय तक बैठने से बचें।

**धूम्रपान और शराब से बचें :** ये आदतें हड्डियों को कमजोर कर सकती हैं और समय के साथ जोड़ों की समस्याओं का कारण बन सकती हैं।

**नियमित जांच कराएं:** अस्थि घनत्व परीक्षण और संयुक्त मूल्यांकन समस्याओं का शीघ्र पता लगाने में मदद करते हैं। दर्द की प्रतीक्षा न करें- सक्रिय रहें।



डॉ. माणिक सहगल, एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हड्डी रोग विशेषज्ञ, मेडिकल कॉलेज चंबा।

***आइए, इस दिवस को हड्डियों और जोड़ों को समर्पित करते हुए उन्हें वह देखभाल दें, जिसके वे हकदार हैं। ताकि आप जीवन भर सक्रिय और स्वच्छंद बने रहें।***

प्रस्तुतिः आरके सहगल, चंबा

# आयुर्वेदिक जीवनशैली और घरेलू नुस्खों से करें बचाव

**बरसात के इस मौसम में वातावरण में नमी और तापमान में उतार-चढ़ाव से सर्दी, जुकाम, खांसी, वायरल बुखार, पाचन संबंधी विकार और त्वचा रोगों के मामले बढ़ जाते हैं। सेवानिवृत्त जिला आयुर्वेदिक अधिकारी एवं ठाकुर क्लीनिक के संचालक डॉ. बीडी ठाकुर का कहना है कि ऐसे समय में आयुर्वेदिक जीवनशैली और घरेलू नुस्खे अपनाकर इन मौसमी बीमारियों से बचाव संभव है।**

## आहार में मौसमी बदलाव

डॉ. ठाकुर के अनुसार, इस मौसम में तला-भुना और भारी भोजन कम लें। इसके स्थान पर दलिया, मूंग की दाल, हल्का खिचड़ी, मौसमी फल जैसे अमरूद, सेब, नाशपाती और हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल करें। सुबह गुनगुना पानी पीना और दिन में तुलसी, अदरक, दालचीनी की हर्बल चाय लेना रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के नुस्खे

- सुबह खाली पेट 1 चम्मच च्यवनप्राश का सेवन करें।
- 5-7 तुलसी पत्ते, 2 काली मिर्च और थोड़ा सा अदरक उबालकर काढ़ा पिएं।
- हल्दी वाला दूध रात को सोने से पहले पीना लाभदायक है।



सेवानिवृत्त जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. बीडी ठाकुर



**पाचन तंत्र का ध्यान :** बरसात में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, इसलिए ज्यादा ठंडे पेय पदार्थ, सड़क किनारे का खाना और बासी भोजन से बचें। नींबू पानी या मट्ठा में भूना जीरा डालकर पीना गैस और अपच से राहत देता है।

**त्वचा और बालों की देखभालः** नमी के कारण त्वचा पर फंगल इंफेक्शन और खुजली हो सकती है। नीम पत्तों का पानी स्नान के लिए प्रयोग करें और बाल धोने में आंवला-रीठा-शिकाकाई का मिश्रण अपनाएं।

## जीवनशैली में छोटे बदलाव

**बरसात** में गीले कपड़ों में देर तक न रहें। पैरों की साफ-सफाई पर खास ध्यान दें, खासकर कीचड़ या गंदे पानी में चलने के बाद। सुबह-शाम हल्का योग और प्राणायाम करें, ताकि शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बनी रहे। डॉ. ठाकुर का कहना है कि आयुर्वेद 'रोग से पहले ही रोकथाम' पर जोर देता है। अगर लोग मौसम के अनुसार अपने आहार, दिनचर्या और स्वच्छता का ध्यान रखें तो इस मौसम में स्वस्थ और ऊर्जावान रह सकते हैं।

प्रस्तुति : अरुण डोगरा रीतू बिलासपुर

## न्यूज ब्रीफ

### तड़ा के पास बैजनाथ-दियोल सड़क क्षतिग्रस्त



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारी बरसात के चलते तड़ा के पास बैजनाथ-दियोल सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। सड़क के क्षतिग्रस्त होने की वजह से साथ लगते आसपास के घरों को भी खतरा उत्पन्न होने लगा है। अधिशाषी अभियंता अजय सूद ने बताया कि पानी का बहुत अधिक बहाव होने की वजह से यह सड़क का क्षतिग्रस्त हो गई है। अधिक पानी होने की वजह से इसमें अभी तक पक्का ढंगा तो नहीं लगाया जा सकता, परंतु जल्द ही इसमें क्रेट लगा दिए जाएंगे।

### नगरोटा बगवां में श्रीमद्भागवत कथा 13 से

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, नगरोटा बगवां में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर 13 से 19 अगस्त तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन का संचालन दिगंबर अखाड़ा पंजाब के स्वामी रामदास करेंगे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बलराम पुरी और सचिव विपिन चौधरी ने बताया कि 15 अगस्त को भव्य जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन मंदिर में भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। 13 अगस्त को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक कलश यात्रा के साथ कथा शुरू होगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगी। शाम 8 बजे से 10 बजे तक भजन संकीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** राधा स्वामी सत्संग घर परौर में रविवार को सेवादारों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। सेवादारों का कहना है कि समय-समय पर सत्संग घर परिसर में पर्यावरण अनुकूल पौधे लगाए जाते हैं तथा उनकी पूर्ण देखभाल करके इन्हें विकसित किया जाता है, ताकि लोगों को स्वस्थ पर्यावरण का लाभ मिल सके।

### मेडिकल कॉलेजों की स्वायत्तता पर संकट

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, टांडा (कांगड़ा)।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के छह मेडिकल कॉलेजों में प्राचार्य और चिकित्सा अधीक्षक के वित्तीय और प्रतिवेदन अधिकारों को संयुक्त/अतिरिक्त निदेशक को सौंपने के निर्णय का टेमकॉर्ट डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा ने कड़ा विरोध किया है। टेमकॉर्ट संगठन के अध्यक्ष डॉ. मुनीश सरोच और महासचिव डॉ. प्रदीप अत्री ने प्रेस बयान में कहा कि यह फैसला कॉलेजों की स्वायत्तता, कार्यप्रणाली और रोगी देखभाल पर प्रतिकूल असर डालेगा। टेमकॉर्ट ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की है कि इस अधिसूचना को तत्काल निरस्त किया जाए। संगठन का कहना है कि प्राचार्य के पास वेतनमान, जीपीएफ और बजट जैसे वित्तीय विषयों का नियंत्रण होना चाहिए। इसके अलावा चिकित्सा अधीक्षक को संयुक्त निदेशक को रिपोर्ट करने के लिए बाध्य करना भी अव्यवहारिक है, क्योंकि वे चिकित्सकीय विशेषज्ञ होते हैं और प्राचार्य के साथ समन्वय में कार्य करना उनका दायित्व है। टेमकॉर्ट ने यह मांग स्वास्थ्य मंत्री, सचिव स्वास्थ्य, निदेशक चिकित्सा शिक्षा व अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी है।

# पौंग बांध से छोड़े पानी से ब्यास उफान पर, 33 लोग किए रेस्क्यू

## कई इलाकों में घरों के पास पहुंचा पानी, लोगों में दहशत का माहौल

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**पौंग** बांध से छोड़े जा रहे पानी से ब्यास नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और पानी निचले इलाकों तक पहुंचने लगा है। कई स्थानों पर यह घरों के बिलकुल पास पहुंच चुका है। पानी घरों के पास पहुंचने से स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रविवार सुबह ब्यास का पानी रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ गया।

इंदौरा विधानसभा की पंचायत भोगरवां के हल्या वार्ड दो के लोगों ने तत्काल प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर, पुलिस, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने अलग-अलग घरों में फंसे कुल 16 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं, रियाली पंचायत के वार्ड नौ के 17 लोग पानी में फंस गए थे, जिनको रे पुलिस चौकी के जवानों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को घरों से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।



घरों के पास पानी पहुंचने से फंसे लोगों का रेस्क्यू किया।

> **लोगों** से अपील है कि वे नदी किनारे या निचले क्षेत्रों में बिलकुल न जाएं और प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी चेतावनियों का पालन करें।
> **-सुरेंद्र ठाकुर, एसडीएम, इंदौरा।**

### मालवाहकों की आवाजाही पर प्रतिबंध

**बड़ूखर** को हाजीपुर (पंजाब) के साथ जोड़ने वाली पंचायत रियाली में ब्यास नदी पर बने पुल की सुरक्षा के लिए लगाए क्रेट भी बह गए हैं। प्रशासन ने पुल से मालवाहकों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। रियाली पंचायत के वार्ड नंबर 10 में करीब 10 परिवारों के लोग ब्यास के पानी के घरों तक पहुंचने से दहशत में हैं। पुलिस चौकी रे प्रभारी एएसआई विकास शर्मा ने बताया कि रियाली पंचायत के वार्ड नौ में पानी में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे इन दिनों सुरक्षित स्थानों पर रहें।

## जीएवी कांगड़ा में 60 शिक्षक हुए आधुनिक शिक्षा में दक्ष



जीएवी कांगड़ा में कंप्यूटर भाषा पायथन पर क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**जीएवी** पब्लिक स्कूल कांगड़ा में सीबीएसई पंचकूला के दिशा-निर्देशों के तहत एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय कंप्यूटर भाषा पायथन था, जिसमें कांगड़ा जिले के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के 60 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा के पीजीटी जगदीप शर्मा और एमसीएम डीएवी पब्लिक स्कूल बाघिनी के शिवांक राणा थे।

उन्होंने पायथन के वाक्यविन्यास, तर्क निर्माण, व्यावहारिक अनुप्रयोग और अन्य विषयों के साथ कोडिंग के एकीकरण पर शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में चर्चा हुई कि कैसे कोडिंग और कम्प्यूटेशनल सोच आधुनिक शिक्षण को प्रभावशाली बना सकते हैं। विषय को रोचक बनाने के लिए दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले अनुप्रयोगों के उदाहरण प्रस्तुत किए गए। जीएवी स्कूल कांगड़ा के प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्ढा ने सभी शिक्षकों और विशेषज्ञों का स्वागत किया और कोडिंग के बदलते शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डाला।

## पेड़ गिरने और भूस्खलन से 3 घंटे बंद रहा धर्मशाला-खड़ा डंडा मार्ग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** से मैक्लोडगंज को वाया खड़ा डंडा जोड़ने वाला मार्ग रविवार को भारी बारिश के बाद भूस्खलन और पेड़ गिरने से तीन घंटे तक बंद रहा। सड़क पर गिरे पेड़ को एक अन्य पेड़ ने सहारा दे रखा था, जिससे केवल दोपहिया और छोटे वाहन ही निकल पा रहे थे। जहां भूस्खलन हुआ, वहां सड़क मलबे से घिरी रही। दूसरी ओर खाई की तरफ सड़क धंस रही है, जिससे चौपहिया वाहनों की आवाजाही खतरे में पड़ गई है।

वहीं, मैक्लोडगंज-भागसूनाग मार्ग पर भी कई पेड़ गिरने की कगार पर हैं और कुछ की जड़ें बाहर निकल चुकी हैं। भागसूनाग से वाटरफॉल को जाने वाला मुख्य मार्ग लगातार धंस रहा है, जिससे गहरी दरारें पड़ गई हैं। भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन द्वारा अस्थायी राहत दी गई है, लेकिन स्थायी समाधान की दरकार है।



धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाया खड़ा डंडा रोड पर गिरा मलबा।

> **बारिश** के चलते धर्मशाला से मैक्लोडगंज जाने वाले वैकल्पिक खड़ा डंडा मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ है। बारिश कम होने पर धर्मशाला से मैक्लोडगंज को जाने वाले खड़ा डंडा मार्ग की मरम्मत करवाई जाएगी। इसके लिए निर्देश दिए गए हैं।
> **विकास सूद, एक्सईएन, लोक निर्माण विभाग धर्मशाला**

> **धर्मशाला**-खड़ा डंडा मार्ग पर पेड़ गिरने और भूस्खलन की सूचना मिली है, जिस पर टीम को मौका पर भेज दिया गया है।
> **-मोहित रत्न, एसडीएम, धर्मशाला**

### करियाडा मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आज से

**अनंत ज्ञान, गरली।** उपमंडल देहरा के ऐतिहासिक नाग मंदिर करियाडा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर परिसर रंग-बिरंगी लाइटों से सज गया है। 11 अगस्त से पांच दिवसीय उत्सव का शुभारंभ होगा, जिसमें पाईसा के विद्वान आचार्य भवानी शंकर के नेतृत्व में पांच अन्य विद्वानों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विशाल हवन होगा। यह यज्ञ इलाके की खुशहाली और देश की तरक्की के लिए समर्पित रहेगा। 15 अगस्त को जागरण का आयोजन होगा, जिसमें हमीरपुर के प्रसिद्ध गायक पम्मी ठाकुर भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके अलावा बैजनाथ के 7 वर्षीय लिटल चैंपियन और ज्वालामुखी के डांस ग्रुप नृत्य प्रस्तुतियां देंगे।

### हैप्पी बर्थडे



जाहू (मंडी) के हर्षित रांगड़ा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### तृप्ता स्कूल में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला



**अनंत ज्ञान, जवाली।** तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा में छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल को संसाधन व्यक्ति के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यशाला में तृप्ता पब्लिक स्कूल के अलावा डीएवी नगरोटा सूरियां, डीएवी तियारा, हिमालयन पब्लिक स्कूल और शिवालिका पब्लिक स्कूल के शिक्षक भी शामिल हुए। डॉ. निरयाल ने प्रतिभागियों को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शरीर और मन एक-दूसरे से जुड़े होते हैं, और मानसिक अस्वस्थता का प्रभाव शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। उन्होंने शिक्षकों को बताया कि छात्रों को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए सहानुभूति, समझ और समर्थन की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के तरीके भी समझाए।

### खड्ड में बहा ट्रैक्टर, चालक ने कूदकर बचाई जान



**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** प्रशासन की बार-बार चेतावनी के बावजूद ट्रैक्टर चालक खड्डों में अवैध रूप से रेत-बजरी व पत्थर उठाने से बाज नहीं आ रहे। शनिवार शाम को 32 मील क्षेत्र की वराल खड्डा में तेज बारिश के बाद अचानक पानी का बहाव तेज हो गया। उस समय कुछ ट्रैक्टर चालक खड्ड से रेत-बजरी उठा रहे थे। कुछ चालकों ने समय रहते अपने ट्रैक्टर निकाल लिए, लेकिन एक ट्रैक्टर पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गया और लगभग आधा किलोमीटर दूर बह गया। गनीमत रही कि चालक समय रहते ट्रैक्टर से कूदकर जान बचाने में सफल रहा। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। यदि पानी का बहाव और तेज होता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। एसडीएम जवाली नरेंद्र जरियाल ने कहा कि खनन पर पूर्ण प्रतिबंध है और खड्डों में जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता से भी सहयोग की अपील की गई है।

### इनायत जूनियर सिंगिंग कैटेगरी में प्रथम



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** हिम जागृति मंच द्वारा बिग टेलेंट हंट ऑफ सीजन-4 का आयोजन कांगड़ा के देहरा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में किया गया। इसमें विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने टेलेंट का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने जूनियर सिंगिंग कैटेगरी में उपमंडल धीरा के गांव कोहाना की इनायत रजोरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनायत के परिवार और पूरे धीरा क्षेत्र में उसकी इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है।

### उस्तेहड़ निवासी ने भेंट की 25 किलो की घंटी



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल के उस्तेहड़ निवासी अशोक अवस्थी ने शिव मंदिर में करीब 25 हजार की 25 किलो की घंटी की भेंट की है। उन्होंने यह घंटी विधायक किशोरी लाल की उपस्थिति में भेंट की तथा इसकी पूजा-अर्चना कर इसे शिव मंदिर में स्थापित कर दिया गया।

### वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने अमृतसर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि अब अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर और कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा आरामदायक हो जाएगी। उन्होंने इसे पठानकोट और आसपास के क्षेत्रों के लिए गेम चेंजर बताते हुए कहा कि यह ट्रेन स्थानीय व्यापार और पर्यटन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। अश्विनी शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और जल्द ही देशवासियों को बुलेट ट्रेन की सुविधा भी मिलेगी। इस मौके पर रेलवे अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारी और बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा, अनिल वासुदेव, राकेश शर्मा, एडवोकेट कलभूषण सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## डिजिटल अरेस्ट के मामले में महाराष्ट्र से शातिर धरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** साइबर थाना धर्मशाला की टीम ने डिजिटल अरेस्ट के मामले में एक शातिर को महाराष्ट्र से धर दबोचा है। मामला वर्ष 2023 का है, जब धर्मशाला की महिला से शातिर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 78 लाख रुपए की ठगी की थी। महिला ने साइबर थाना धर्मशाला में दर्ज शिकायत में बताया था कि उसे फर्जी कॉल के तहत खुद को पुलिस कर्मचारी बताने वाले शातिरों की टीम ने उस पर मामला दर्ज होने की बात कही थी। इस पर महिला को एक फर्जी न्यायिक दस्तावेज भेजकर महिला की जमानत करने का झांसा दिया गया। महिला ने शातिरों के झांसे में आकर अपने करीब 78 लाख रुपए गंवा दिए। जब महिला को इस सारे मामले का आभास हुआ तो महिला ने शिकायत साइबर थाने में दर्ज करवाई। जांच में जुटी साइबर थाना की टीम ने पड़ताल में शातिरों के तार महाराष्ट्र क्षेत्र से जुड़े हुए पाए, जिस पर साइबर थाना की टीम महाराष्ट्र गई। जहां मामले के तहत एक शातिर को धरा गया। साथ ही 5 लाख रुपए की राशि उससे रिकवर करने के साथ उसे नोटिस जारी किया गया। साइबर थाना नॉर्दन क्षेत्र धर्मशाला के एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया कि धर्मशाला क्षेत्र की महिला के साथ वर्ष 2023 में डिजिटल अरेस्ट के तहत करीब 78 लाख रूपए की ऑनलाइन ठगी हुई थी। जांच में साइबर टीम की जांच में महाराष्ट्र से शातिर का नेटवर्क जुड़ने की बात आई। साइबर टीम ने महाराष्ट्र जाकर संबंधित शातिर को पकड़ा व उससे 5 लाख रुपए रिकवर करने के बाद नोटिस जारी किया गया।

> **2023 में धर्मशाला की महिला से ठगे थे 78 लाख**

## घृत बाहती चाहंग जाति के लिए कल्याण बोर्ड गठित करे प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश सरकार घृत बाहती चाहंग जाति कल्याण बोर्ड का गठन करे। यह मांग प्रदेश चौधरी फाउंडेशन की कार्यकारिणी ने उठाई है। फाउंडेशन का कहना है कि घृत बाहती चाहंग समाज के लोग भी हिमाचल के विभिन्न जिलों में भारी संख्या में निवास करते हैं और भारी संख्या में जाति विरासत के गणमान्य व्यक्तियों का भी उन्होंने जिक्र किया, जिनका योगदान समाज को ऊंचाइयों पर ले जाने में रहा है। फाउंडेशन के अध्यक्ष चौधरी रोबिन कौंडल ने बताया कि कांगड़ा, पांवटा साहिब, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर जिलों में घृत बाहती चाहंग समाज के लोग बहुसंख्या में रहते हैं। चौधरी फाउंडेशन ने सरकार से मांग की है कि अन्य समाजों की तरह घृत बाहती चाहंग जाति विरासत का भी प्रतिनिधि बोर्ड बनाए जाएं, ताकि समाज के सभी वर्गों का समान रूप से विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि घृत बाहती चाहंग समाज के लोगों के उत्थान व विकास के लिए यदि हिमाचल सरकार बोर्ड का गठन करती है, तो समाज के लोग उसका स्वागत करेंगे।

> **चौधरी फाउंडेशन ने सरकार से उठाई मांग**

## धर्मशाला में हिमक्वेस्ट 2025 का आगाज 21 सितंबर को 55 केंद्रों में होगी परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मिनर्वा** संस्थान की ओर से धर्मशाला में हिमक्वेस्ट 2025 के अनावरण पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। धर्मशाला कॉलेज के सभागार में आयोजित समारोह में बतौर मुख्यातिथि एएसपी हितेश लखनपाल मौजूद रहे, जबकि विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य व अन्य गणमान्य विशेष रूप से उपस्थित हुए। 21 सितंबर को प्रदेश के लगभग 55 केंद्रों में परीक्षा आयोजित होगी। मुख्यातिथि ने कहा कि किसी भी काम को करने के लिए धैर्य बहुत जरूरी है, कई बार सफलता तुरंत नहीं मिलती। मिनर्वा संस्थान के प्रबंधक राकेश चंदेल ने बताया कि परीक्षा के आधार पर जमा दो सांइस श्रेणी में प्रदेश में प्रथम आने वाले अभ्यर्थी को पहला इनाम टीवीएस एनटार्क स्कूटी या एक लाख का कैश इनाम और साथ में 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी जाएगी। जमा एक सांइस तथा 10वीं श्रेणी में प्रथम आने वाले अभ्यर्थी को ऐपल मैक बुक्क ऐयर और साथ ही 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। सभी श्रेणियों में दूसरे स्थान से लेकर बीसवें स्थान पर रहने वाले बच्चों को भी विभिन्न इनाम जैसे लैपटॉप, टैबलेट्स, स्मार्ट वॉच, डिजिटल पैड और 100 प्रतिशत से लेकर 70 प्रतिशत तक छात्रवृत्तियां भी दी जांएगी। हिमक्वेस्ट 25 में 21वें स्थान से लेकर 120वें स्थान पर रहने वाले बच्चों के लिए भी गिफ्ट हैंपर्स के साथ 60 प्रतिशत छात्रवृत्ति भी दी जाएगी।



मिनर्वा संस्थान ने हिमक्वेस्ट 2025 के अनावरण पर समारोह का आयोजित किया।

## विधायक मलेंद्र ने किया बाढ़ प्रभावित सड़कों का निरीक्षण



विधायक मलेंद्र राजन ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने रविवार को बाढ़ से प्रभावित ढांगू-माजरा रोड तथा जगतगिरी आश्रम के पास क्षतिग्रस्त हुए एनएच-44 से काशनिक आश्रम तक जाने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई कर मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

हाल ही में चक्की खड्ड में आई भारी बरसात के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए थे, जिससे दिल्ली-जम्मू रेलवे लाइन पर बना पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया था। विधायक ने अधिकारियों को समस्या का स्थायी समाधान ढूंढने और सड़क मार्ग को शीघ्र सुचारु बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

## पुराना कांगड़ा में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), शिमला सर्किल द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत रविवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एएसआई के कर्मचारियों और पुराना कांगड़ा के निवासियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

यात्रा में गांव के 50 से अधिक पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया जो पुराना कांगड़ा से आरंभ होकर ऐतिहासिक कांगड़ा किले तक पहुंची। इस आयोजन का उद्देश्य भारत की स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देना और लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना था। 10 अगस्त की तिथि का विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन 1942 को महात्मा गांधी ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' का आह्वान किया था।

यात्रा के समापन पर प्रतिभागियों को कांगड़ा किला संग्रहालय का भ्रमण कराया गया और राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन संबंधी नियमों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि सुमन वर्मा (पार्षद) और विशिष्ट अतिथि योग गुरु रंजीत सिंह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। बच्चों ने किले परिसर में हर घर तिरंगा थीम पर रंगोली बनाई। रात्रि में किला तिरंगे की रोशनी से जगमगा उठा, और परिसर में स्थापित सेल्फी प्वॉइंट ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

**विकास** गुलेर-नंदपुर-लुदरेट सड़क चौड़ीकरण से 30,000 से अधिक लोगों को मिलेगा लाभ

## विधायक कमलेश के प्रयासों से बदल रही देहरा विस की तस्वीर



हरिपुर-सकरी-नगरोटा सूरियां सड़क का चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** विधायक कमलेश ठाकुर के प्रयासों से देहरा विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलने लगी है। पहले कहा जाता था कि देहरा कोई नहीं तेरा, जबकि विधायक का कहना है कि देहरा अब मेरा है तथा इसके विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

हरिपुर-सकरी-नगरोटा सूरियां और गुलेर-नंदपुर-लुदरेट सड़कों का चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। यह सड़क इस क्षेत्र की जीवन रेखा है। इसके पूरा होने पर देहरा से जवाली, नूरपुर जाने वाली मुख्य सड़क पर आवागमन आसान हो जाएगा। हालांकि, पिछले 70 वर्षों से यह सिंगल लेन सड़क रही है और आए दिन राहगीरों को सफर के दौरान कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब जल्द ही सुहाने सफर का इंतजार खत्म होगा। लंबे अंतराल के बाद अब गुलेर-नंदपुर-बरियाल सड़क का चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य आखिरकार शुरू हो गया है, जिससे देहरा निर्वाचन क्षेत्र में पौंग झील के किनारे स्थित छह पंचायतों के 30,000 से अधिक निवासियों के लिए नई उम्मीद जगी है। इस परियोजना का उद्देश्य वर्तमान 3 मीटर चौड़ी सड़क को 5.5 मीटर और अधिक मजबूत बनाना है, जिससे बेहतर कनेक्टिविटी, कम यात्रा समय और यात्रियों की सुरक्षा में वृद्धि होगी। लोक निर्माण विभाग के देहरा के एक्सईएन डॉ. सुरेश वालिया ने बताया कि 1028.74 लाख की स्वीकृत राशि के साथ इस परियोजना को प्राथमिकता दी है। उन्होंने स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने वर्तमान में चल रही चौड़ीकरण प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए स्वेच्छा से बाड़ और अन्य अवरोधों को हटा दिया है।

### जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर: कमलेश



**विधायक** कमलेश ठाकुर ने कहा कि पौंग झील के किनारे बसे गांवों के निवासी दशकों से खराब कनेक्टिविटी से जूझ रहे हैं, खासकर सत्तर के दशक की शुरुआत में पौंग बांध निर्माण के कारण महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के जलमग्न होने के बाद। गुलेर-नंदपुर-लुदरेट सड़क का उन्नयन और नंदनाला में एक नए पुल के निर्माण से इन बस्तियों तक हर मौसम में आवश्यक पहुंच उपलब्ध होगी। विधायक ने कहा कि उनका प्राथमिक ध्यान लोगों, विशेष रूप से अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता को प्रशासनिक सुविधा प्रदान करने के लिए पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने पर है और सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को आमजन मानस तक पहुंचाया जा सके।

## आपदा में हिमाचल से हो रहा भेदभाव : देवेंद्र जग्गी



धर्मशाला में रविवार को प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी और अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांग्रेस** नेता देवेंद्र जग्गी ने प्रेसवार्ता में हिमाचल प्रदेश के साथ आपदा राहत में हो रहे भेदभाव का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल और उत्तराखंड दोनों ही राज्यों में भारी प्राकृतिक आपदा के चलते जान-माल का नुकसान हुआ है, लेकिन केंद्र सरकार का पूरा ध्यान केवल उत्तराखंड पर केंद्रित रहा। जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य वरिष्ठ नेता उत्तराखंड पहुंचे और आपदा के लिए विशेष बजट का प्रावधान किया। वहीं, हिमाचल के किसी भी आपदा प्रभावित क्षेत्र में किसी केंद्रीय नेता की मौजूदगी नहीं दिखी।

जग्गी ने कहा कि धर्मशाला में भी जल शक्ति विभाग को लगभग छह करोड़ और लोक निर्माण विभाग को साढ़े छह करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं नगर निगम धर्मशाला में भी करीब चार करोड़ का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर स्तर पर राहत व बहाली का प्रयास कर रही है, परंतु केंद्र से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा। उन्होंने धर्मशाला के विधायक पर भी तीखा हमला बोला और पूछा कि हाल ही में बरसात प्रभावितों को वितरित किए गए 58 लाख रुपए के चेक और थुनाग में दिए गए 20 लाख रुपए की राशि कहां से आई? क्या यह विधायक की जेब से था, संगठन द्वारा जुटाया गया फंड था या दल-बदल के दौरान प्राप्त हुआ कोई राजनीतिक सौदा? जग्गी ने मांग की कि विधायक सार्वजनिक रूप से इस राशि की पारदर्शिता सुनिश्चित करें और यह भी स्पष्ट करें कि यह सहायता वाकई उन जरूरतमंदों तक पहुंची या नहीं।

# हिमाचल के लाल सोने की चमक पड़ी फीकी

## बेअसर दवाओं से सेब बागवान परेशान, फसल पर गहराया संकट और दवा कंपनियों की हो रही चांदी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** देवभूमि हिमाचल की जन्नतनुमा वादियों में लाल सोने की चमक फीकी पड़ गई है। सेब बागवानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी हो गई हैं। सेब की फसल बर्बाद हो रही हैं, लागत लगातार बढ़ती जा रही है और बागवान ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। एक तरफ मौसम की मार है, तो दूसरी तरफ दवा कंपनियों की लूट। एक ऐसी विडंबना, जहां सेब के पत्ते बचाने की जद्दोजहद में बागवानों का खुद का अस्तित्व दांव पर लगा है।

सेब के पत्ते, जो कभी बागवानों की उम्मीदों का हरा-भरा संसार हुआ करते थे, इस बार बीमारियों और बेअसर दवाओं की भेंट चढ़ गए हैं। हिमाचल के बागवानों का कहना है कि उन्होंने महंगे से महंगे कीटनाशक और फफूंदनाशक खरीदे, लेकिन कोई भी दवा काम नहीं आई। पत्ते झड़ते रहे, पेड़ों की रौनक खत्म होती रही और बागवानों की उम्मीदें टूटती रहीं। यह सिर्फ फसल का नुकसान नहीं है, बल्कि उस भरोसे का टूटना है, जो बागवान कंपनियों पर करते थे। बताते हैं कि एक तरफ बागवानों की जेब खाली हो रही है, तो दूसरी तरफ दवा कंपनियों की तिजोरियां भर रही हैं। सवाल यह है कि क्या ये कंपनियां जानबूझकर ऐसी दवाएं बेच रही हैं, जिनका कोई असर नहीं है? क्या उनके लिए बागवान का दर्द सिर्फ एक व्यापार का मौका है? इस साल कीटनाशकों और फंफूंदनाशकों की खरीद पर बागवानों ने करोड़ों रुपए खर्च कर दिए। यह पैसा उनकी मेहनत का था, जिसे कंपनियों ने बेअसर दवाओं के नाम पर लूट लिया। खैर, जब बागवानों पर मुसीबत आती है, तो वे सरकार की तरफ देखते हैं। लेकिन इस बार सरकारी तंत्र भी शांत है।

बागवानों का आरोप है कि सरकार को इस लूट के बारे में जानकारी है, फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। न दवाओं की गुणवत्ता की जांच हो रही है, न ही कंपनियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। यह चुप्पी बागवानों के गुस्से को और भी भड़का रही है।

### आज का सेब बनाम कल के सेब की एक डरावनी तस्वीर

**प्रदेश** का सेब सिर्फ एक फल नहीं है, यह यहां की पहचान है। लेकिन अगर यही हाल रहा, तो भविष्य में यह पहचान खतरे में पड़ जाएगी। जिस सेब को कभी दुनिया भर में पसंद किया जाता था, कहीं वह जहरीले रसायनों और घटिया दवाओं का प्रतीक न बन जाए। इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द होना चाहिए, वरना बागवानों की हताशा एक बड़े आंदोलन का रूप ले सकती है।



### सरकार, कंपनियां और बागवान सबको मिलकर समाधान निकालने की जरूरत

**बहरहाल,** यह राज्य के सेब बागवानों की व्यथा है, जो अपनी मेहनत और उम्मीदों के साथ हर दिन संघर्ष कर रहे हैं। यह वक्त है कि सरकार, कंपनियां और बागवान सब मिलकर इस समस्या का समाधान निकालें, ताकि सेब की मिठास बनी रहे और बागवानों के चेहरे पर मुस्कान वापस लौट सके।

**पत्ते ही नहीं, पेट भी खतरे में, बड़ा आंदोलन छेड़ सकते हैं बागवान**

# रामपुर में बारिश का कहर; मकानों को खतरा, सेब बागवानों की बढ़ी मुश्किलें

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर क्षेत्र में पिछले 24 घंटों से हो रही लगातार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। सरकारी और निजी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है, जबकि ग्रामीण संपर्क मार्ग जगह-जगह अवरुद्ध हो गए हैं। प्रशासन द्वारा बचाव कार्य जारी है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी राहत पहुंचने का इंतजार है।

बारिश से सबसे ज़्यादा प्रभावित रामपुर-समेज-सरपारा संपर्क मार्ग हुआ है, जहां भारी चट्टान गिरने से रास्ता बंद हो गया है। सेब का सीजन शुरू होने के कारण बागवानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरपारा पंचायत के प्रधान मोहन कपाड़िया ने लोक निर्माण विभाग से प्राथमिकता के आधार पर सड़कों की बहाली की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़क बार-बार बंद होने से बागवानों को अपने उत्पाद मंडी तक पहुंचाने में बहुत मुश्किल हो रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।

तकलेच पंचायत के सेरी गांव में देवी दास ठाकुर के मकान से सटा डंगा गिरने से उनके घर को खतरा पैदा हो गया है। लोक निर्माण विभाग की कथित अनदेखी के कारण मिट्टी का खिसकना जारी है, जिससे उनके बगीचे के सेब के पेड़ भी मलबे की चपेट में आ गए हैं। इसी बीच, तकलेच के पास सेरी पुल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। सेब लाने आए दर्जनभर ट्रक वहां फंसे हुए हैं, जिन्हें अब धंसा-हंडोल-बाहली मार्ग से डायवर्ट किया जा रहा है। हालांकि, अभी तक किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन बारिश का कहर अभी भी जारी रहने की संभावना है।



भूस्खलन की चपेट में आया एक मकान गिरने की कगार पर।

## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर समूह न्यास की वार्षिक बैठक आज

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** श्री भीमा काली एवं अन्य मंदिर समूह न्यास की वार्षिक बैठक 11 अगस्त को सुबह 11 बजे स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए न्यास के उपाध्यक्ष एवं उपमंडल अधिकारी हर्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता श्री भीमा काली एवं अन्य मंदिर समूह न्यास के अध्यक्ष व लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह करेंगे। इस मौके पर भीमा काली एवं अन्य मंदिर समूह की वार्षिक गतिविधियों और अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय विधायक एवं 7वें वित्त आयोग अध्यक्ष नंद लाल भी इस दौरान मौजूद रहेंगे।

### विश्व संस्कृत दिवस स्पर्धा में कपिल प्रथम

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान के मनोज सैनी ने फेसबुक समूह संस्कृत शिक्षणम के माध्यम से अखिल भारतीय संस्कृत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। प्रतियोगिता का संचालन गुजरात के राष्ट्रीय संस्कृत प्रचारक जगदीश डाभी ने किया। देश-विदेश से कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला, रोहड़ू उपमंडल के भमनोली गांव के कपिल देव प्रेमी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान महाराष्ट्र की स्वाति मकरंद कुलकर्णी और तृतीय स्थान बिहार के सोनू कुमार ने हासिल किया। जगदीश डाभी पिछले 13 वर्षों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विविध संस्कृत प्रतियोगिताओं के माध्यम से देवभाषा के प्रचार-प्रसार में योगदान दे रहे हैं। विजेताओं को राजस्थान के पुरस्कार प्रायोजक मनोज सैनी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, उत्तराखंड की संस्कृत रसास्वाद संस्था के अमित ओली की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।



# कुमारसैन के किंगल में पंचायत शॉपिंग कांप्लेक्स व एनएच-5 की हालत बदतर, हादसे का खतरा

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान



**व्यापारियों ने पंचायत व प्रशासन से कार्रवाई की मांग की**

**कुमारसैन।** उपमंडल कुमारसैन के तहत आने वाले किंगल कस्बे में पंचायत द्वारा निर्मित शॉपिंग कांप्लेक्स जर्जर हालत में पहुंच चुका है, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इसी के साथ नेशनल हाईवे-5 की स्थिति भी लंबे समय से बदहाल बनी हुई है। सड़क पर वर्षों से पड़े बड़े-बड़े गड्ढों की मरम्मत के लिए एनएच विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बार बार जनता की शिकायत के बाद कभी कभी लीपा पोती की जाती है, लेकिन कुछ समय बाद हालात जस के तस हो जाते हैं।

स्थानीय व्यापारी राकेश बालीया, सतप्रकाश डोगरा और किंगल व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं समाजसेवी नरेश कुमार ने बताया कि पंचायत शॉपिंग कम्पलेक्स की मरम्मत न होने से यहां व्यापारियों की जान-माल को लगातार खतरा बना हुआ है। उन्होंने जार पंचायत के प्रतिनिधियों से तत्काल इस दिशा में कार्रवाई करने की मांग की। बताते चलें कि यह कस्बा ज़ार पंचायत के तहत आता है।

व्यापारियों ने एनएच-5 की खस्ताहाल स्थिति पर भी गहरी चिंता जताई। उनका कहना है कि सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण कभी भी वाहन पलटने जैसी दुर्घटना हो सकती है। सड़क पर उड़ने वाली धूल से दुकानों का सामान भी गंदा हो रहा है। वहीं, एनएच की बंद नालियों में बरसात का पानी भरने से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश कुमार ने कहा कि समस्या की जानकारी पहले ही ग्राम पंचायत को दी जा चुकी है, लेकिन न तो कम्पलेक्स की मरम्मत हुई और न ही एनएच-5 पर मरम्मत कार्य शुरू हुआ। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द कार्रवाई कर इन समस्याओं का समाधान करने की मांग की है, ताकि संभावित हादसों से बचा जा सके।

### विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राज्य के सभी महाविद्यालयों में अपना वार्षिक सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। यह अभियान 11 अगस्त से 26 अगस्त तक चलेगा। विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से एक लाख से अधिक नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है।

पहला चरण विद्यालयों में सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है, जबकि यह दूसरा चरण महाविद्यालयों में चल रहा है। तीसरा चरण जल्द ही व्यावसायिक संस्थानों में शुरू होगा। नैंसी अटल ने कहा कि यह सिर्फ सदस्यता अभियान नहीं, बल्कि छात्र शक्ति को संगठित करके राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प है। विद्यार्थी परिषद का मानना है कि इस अभियान से छात्रों को जोड़कर उन्हें राष्ट्र के विकास के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### भरेच में 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू



**देशभक्ति का दिखा जोश, लोगों ने घरों पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।

**आजादी** का अमृत महोत्सव के तहत, जिला शिमला के भरेच गांव में 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत हो चुकी है। प्रधान युवा मंडल भरेच की इस पहल ने गांव में देशभक्ति की एक नई लहर ला दी है। यह अभियान भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश सरकार के युवा सेवायें एवं खेल विभाग के मार्गदर्शन में 9 से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा है।

प्रधान युवा मंडल के सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। गांव की गलियों में लहराते तिरंगे और लोगों के चेहरों पर दिख रहे गर्व ने एक शानदार माहौल बना दिया।

प्रधान युवा मंडल के अध्यक्ष, विकास शर्मा, ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक को तिरंगे के महत्व से जोड़ना है। साथ ही, यह उन स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का भी एक तरीका है।

# सर्वधर्म समभाव से ही भारत बनेगा विश्व गुरु : शिवानी



मुख्य अतिथि शिवानी कौशल को सम्मानित करते आयोजक।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**जिला** मुख्यालय में सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच, लाडली फाउंडेशन और हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सर्वधर्म समभाव सम्मेलन और राष्ट्रीय सर्वधर्म एकता अवार्ड का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंच की ब्रांड एंबेसडर शिवानी कौशल रही और उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शिवानी कौशल ने कहा कि 'एकता और भाईचारा ही प्रगतिशील समाज की नींव हैं। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए सर्वधर्म समभाव जरूरी है।' उन्होंने इंसानियत को सबसे बड़ा धर्म बताया।

सम्मेलन में सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने जातीय भेदभाव समाप्त कर गांव-गांव में भाईचारे के प्रचार हेतु राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम में पं. सत्यदेव शर्मा, इशान अख्तर, रेखा बिष्ट, निर्मला राजपूत, शिला सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

# तिरंगे की आड़ में राजनीति कर रही भाजपा : संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में 25 रुपए में तिरंगा बेचने वाली पहली राजनीतिक पार्टी भाजपा थी और अब हर स्वतंत्रता दिवस पर वही तिरंगे को राजनीतिक रंग देकर अपनी 'देशभक्ति की नौटंकी' शुरू कर देती है। सांख्यान ने कहा कि राष्ट्रध्वज तिरंगा देश के हर नागरिक का अभिमान है, लेकिन भाजपा के लिए यह सिर्फ एक चुनावी प्रॉप है। तिरंगे की आड़ में राजनीति करना भाजपा की पुरानी आदत है और अब जनता इनके पाखंड को पहचान चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिनकी सोच कभी तिरंगे के विरोध में रही, वे आज फर्जी देशभक्ति का नाटक कर रहे हैं। भाजपा का तिरंगा अभियान सिर्फ सोशल मीडिया फोटो खिंचवाने और राजनीतिक स्टंट तक सीमित है।



उन्होंने कहा कि अगर भाजपा को सच में तिरंगे का सम्मान होता तो देश के युवाओं को रोजगार, किसानों को एमएसपी और जनता को महंगाई से राहत मिलती। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए भाजपा पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के कहने पर अभियान रोकने का आरोप लगाया और कहा कि यह भाजपा की राष्ट्रवाद पर दोहरी नीति को उजागर करता है। सांख्यान ने आरोप लगाया कि भाजपा ने कभी तिरंगे के नाम पर, कभी सेना के नाम पर और कभी मंदिर-मस्जिद के नाम पर सिर्फ सत्ता हथियाने का काम किया है, लेकिन अब जनता भाजपा के इन 'थोथले हथकंडों' को भांप चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब जरूर देगी।

# पौंग डैम की तर्ज पर मिले भाखड़ा विस्थापितों को सुविधाएं : देशराज





झंडूता आनंदघाट शिव मंदिर में हुई बैठक में विस्थापितों ने एकजुट होकर आवाज उठाई।

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

**जिला** ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति ने कहा कि अब विस्थापितों को उनका हक दिए बिना चैन से नहीं बैठेंगे। रविवार को झंडूता आनंदघाट शिव मंदिर में हुई बैठक में अध्यक्ष देशराज शर्मा की अगुवाई में विस्थापितों ने एकजुट होकर आवाज उठाई।

बैठक में कहा गया कि भाखड़ा विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्रों का मिनी सेटलमेंट करवाया जाए और उनके कब्जे वाली जमीन का मालिकाना हक प्रदान किया जाए। इसके अलावा भाखड़ा विस्थापितों को पौंग डैम के विस्थापितों की तर्ज पर बिलासपुर के विस्थापितों को भी सुविधाएं प्रदान की जाएं। भाखड़ा से मिलने वाली रॉयल्टी का पैसा विस्थापितों व प्रभावितों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर खर्च किया जाए। जिन विस्थापितों को प्लाट नहीं दिए गए हैं, उन्हें प्लाट दिए जाएं तथा जिन विस्थापितों को जमीन नहीं मिली है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जमीन उपलब्ध करवाई जाए।

**कहा- कब्जे वाली जमीन का मालिकाना हक प्रदान किया जाए**

समिति ने उपायुक्त राहुल कुमार से मुलाकात कर इन सभी मुद्दों को सामने रखने का निर्णय लिया।

### डॉ. सतपाल अग्रवाल फिर बने चेयरमैन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नाभा। श्री सनातन धर्म महावीर दल (पंजाब) नाभा रजिस्टर्ड की विशेष बैठक रविवार को सुबह 10 बजे आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. सतपाल अग्रवाल ने की। इस अवसर पर सभी सदस्यों को सम्मान-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बैठक में संस्था के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. सतपाल अग्रवाल को पुनः चेयरमैन चुना गया। प्रधान पद पर चमन लाल मित्तल 'पपी' को सर्वसम्मति से चुना गया, जिनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अमरदीप अहूजा को सरपरस्त, लक्ष्मण दास को महासचिव और देवेंद्र शर्मा 'बॉबी' को कोषाध्यक्ष चुना गया। बाकी पदों पर पूर्व की कार्यकारिणी बनी रही। नवनिर्वाचित प्रधान चमन लाल मित्तल ने संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में हंसराज, धर्मेंद्र वर्मा, राकेश कुमार, चंद्र प्रकाश, अमित कुमार, सुमित कुमार, कालू शर्मा, पवन शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### आरोप: एम्स की लापरवाही से कटी आरुष की अंगुली



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** छोटे आरुष की मासूम मुस्कान अब हमेशा के लिए एक दर्दनाक याद से जुड़ गई। छत पंचायत की निशा कुमारी का 8 वर्षीय बेटा आरुष साइकिल की चेन में चोटिल हुआ, पर एम्स बिलासपुर में कथित लापरवाही के कारण उसकी अंगुली का हिस्सा काटना पड़ा। परिवार का आरोप है कि एमरजेंसी में 12 घंटे की देरी से टांके लगाए गए, जिससे अंगुली में इंफेक्शन फैल गया। आखिरकार नेरचौक मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन कर अंगुली का संक्रमित भाग हटाना पड़ा। परिजनों ने एम्स प्रशासन से जिम्मेदार चिकित्सकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बच्चे को यह दर्द न सहना पड़े।

### शाहतलाई में लगाया 70वां वार्षिक भंडारा

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** झंडूता उपमंडल के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर 70वां वार्षिक भंडारा आयोजित किया गया। रविवार और पर्व का संयोग होने से भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ा। सुबह 5 बजे से ही देश-प्रदेश से आए लगभग 20,000 श्रद्धालुओं ने बाबा जी के दर्शन के लिए मंदिर में कतारें लगानी शुरू कर दीं। बाबा बालक नाथ मंदिर के साथ-साथ गरुणा झाड़ी और माता रत्नो लस्सी रोटी मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं को भंडारे में स्वादिष्ट प्रसाद परोसा गया, ज। इस अवसर पर पवन कौशल, नंद लाल, पृथ्वी चंद शर्मा, जगदेव भाटिया सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### बरठीं में शौचालय निर्माण का रास्ता साफ

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल के बरठीं क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही सार्वजनिक शौचालय की मांग अब पूरी होने जा रही है। आजादी के 78 वर्षों बाद बरठीं में आधुनिक शौचालय निर्माण का रास्ता साफ हो गया है, जो स्थानीय खासकर महिलाओं के लिए बड़ी राहत होगी। ग्रामीण उपप्रधान राकेश मेहता ने बताया कि कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार के प्रयासों से यह परियोजना जल्द शुरू होगी। इस नए शौचालय से स्थानीय और आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी और महिलाओं की असुविधा व असुरक्षा कम होगी।

### संस्कार सोसायटी घुमारवीं ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संस्कार सोसायटी घुमारवीं की ओर से छत पंचायत के लुहारवी गांव में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से मौजूद सेवानिवृत्त विषयवाद विशेषज्ञ बागवानी विभाग कुलदीप शारदा ने कहा कि पौधरोपण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए वन सुरक्षित रह सके। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि सोसायटी विभिन्न पंचायतों में पौधरोपण कर चुकी है। छत पंचायत में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

### रानीकोटला में श्रीमद्भागवत कथा संपन्न

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर ।** रानीकोटला में रविवार को सात दिवसीय गो सेवा यज्ञ एवं श्रीकृष्ण भागवत कथा का भव्य समापन हुआ। श्री शैल जी महाराज के सान्निध्य में हुए इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन पर हवन, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण हुआ। श्री शैल जी महाराज ने गौ संरक्षण, श्रीकृष्ण के जीवन संदेश और भागवत कथा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

**यात्रा** झंडूता का क्षेत्र 'भारत माता की जय' के उद्घोषों से गुंजायमान

# झंडूता में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा





भाजपा झंडूता मंडल की बैठक के बाद बैहना-ब्राह्मणा से लगभग ढाई किलोमीटर लंबी 'तिरंगा यात्रा' निकाली गई।

अनंत ज्ञान झंडूता

**झंडूता** तहसील मुख्यालय और आसपास का क्षेत्र 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के उद्घोषों से गुंजायमान रहा। रविवार को भाजपा झंडूता मंडल की बैठक के बाद बैहना-ब्राह्मणा पंचायत के प्रांगण से लगभग ढाई किलोमीटर लंबी 'तिरंगा यात्रा' निकाली गई।

यात्रा में विधायक जीतराम कटवाल, जिला उपाध्यक्ष शैलजा शर्मा सहित लगभग 250 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जीतराम कटवाल ने तिरंगे को करोड़ों देशवासियों के गौरव, बलिदान और सपनों का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी संघर्ष, हौसले और बलिदान का नतीजा है, जिसका ऋण कभी पूरा नहीं चुकाया जा सकता। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों का भी जिक्र किया, जिसमें एक्सप्रेस-वे, स्मार्ट सिटी, उज्ज्वला योजना और चंद्रयान-3 जैसी उपलब्धियां शामिल हैं। तिरंगा यात्रा को केवल देशभक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी बताया गया। कार्यक्रम के अंत में जीतराम कटवाल ने बैहना-ब्राह्मणा पंचायत का दौरा कर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का समाधान किया।

# सरकार सामुदायिक टैंक बनाए : विशाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वन अधिकार एवं ग्रामीण विकास संगठन के राज्य अध्यक्ष एवं हिमालय नीति अभियान के उपाध्यक्ष विशाल दीप ने कहा कि बरसात में उठाऊ पेयजल योजनाएं ठप्प होने पर लोग पारंपरिक प्राकृतिक जलस्रोतों का सहारा ले रहे हैं, जो संकट के समय सबसे भरोसेमंद साबित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बनाए गए सामुदायिक वर्षा जल संचयन टैंक अब व्यक्तिगत उपयोग में आने लगे हैं, जिससे जल समानता प्रभावित हो रही है। व्यक्तिगत टैंक सुविधा कुछ लोगों तक सीमित रह गई है, जो अनुच्छेद 14 के समानता के अधिकार का उल्लंघन है। विशाल ने मांग की कि सरकार इन टैंकों के निर्माण, मानदंडों और उपयोग का ऑडिट कराए और व्यक्तिगत टैंकों पर खर्च बंद करे। हर गांव के भूगोल के अनुसार सामुदायिक जन-भंडारण टैंक बनाए जाएं, ताकि जल संकट, असमानता और सरकारी खर्च तीनों में कमी लाई जा सके।



# पुर्तगाल में नितिन ने बढ़ाया भारत का मान

भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स हिमाचल प्रदेश के रोवर नितिन चड्ढा ने पुर्तगाल में आयोजित 16वां वर्ल्ड स्काउट मूट में बतौर प्रतिभागी भारत का प्रतिनिधित्व कर देश का मान बढ़ाया है।



यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन 25 जुलाई से 3 अगस्त तक चला, जिसमें 100 से अधिक देशों के 11000 से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया। राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में एमएससी जूलॉजी के छात्र और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स हिमाचल प्रदेश के सक्रिय सदस्य नितिन ने इस अवसर पर तिरंगा लहराने के साथ-साथ भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपरा को दुनिया के सामने पेश किया। नितिन ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों पर चर्चा, वॉटर स्पोर्ट्स, स्कूबा डाइविंग, घुड़सवारी, क्लाइमेट चेंज वर्कशॉप, सॉइल मैनेजमेंट ट्रेनिंग जैसी कई गतिविधियों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इंटरनेशनल कल्चर नाइट में उन्होंने भारतीय संस्कृति की झलक पेश की और फूड प्लाजा में भारतीय व्यंजनों का स्वाद चखाकर विदेशी प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नितिन ने कहा कि यह सिर्फ एक सफर नहीं था, बल्कि जिंदगी बदलने वाला अनुभव था। नितिन ने संगठन की भूमिका पर कहा कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स आज के युवाओं के लिए सिर्फ एक संगठन नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जो साहस, नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक ज़िम्मेदारी सिखाता है। यह युवाओं को किताबों से बाहर निकालकर असली जिंदगी के अनुभव देता है और वैश्विक मंच पर खड़े होने का आत्मविश्वास प्रदान करता है।

राज्य स्तरीय अंडर-17 शतरंज स्पर्धा का शुभारंभ, जिला रोजगार अधिकारी ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

# 51 प्रतिभागियों के बीच चलेगी दिमागी जंग

आरके सहगल, अनंत ज्ञान



राज्य स्तरीय अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

- कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं: चौहान
- रणनीति, एकाग्रता व खेल भावना पर भी दिया जोर

**चंबा।** जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल में रविवार को राज्य स्तरीय अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ गरिमामय माहौल में हुआ। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी चंबा अरविंद सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम सचदेवा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

प्रतियोगिता का आयोजन जिला शतरंज एसोसिएशन चम्बा द्वारा किया जा रहा है, जिसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 51 नन्हे प्रतिभागी अपनी बुद्धिमत्ता और रणनीतिक सोच का प्रदर्शन करेंगे। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न होगी। आयोजन को एनएचपीसी चमेरा-II का प्रायोजन प्राप्त है। मुख्य अतिथि अरविंद सिंह चौहान ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, हार को सीख में बदलें, क्योंकि वही आपको कल की जीत तक पहुंचाती है।

उन्होंने शतरंज के खेल के मानसिक लाभों पर भी प्रकाश डाला, जैसे रणनीति निर्माण, समस्या समाधान क्षमता और एकाग्रता का विकास। शुभारंभ समारोह में जिले के अनेक गणमान्य व्यक्तित्वों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की, जिनमें चंदन सहगल, जितेश शर्मा, चंदन चौणा, नवजोत जोशी, अभिनव शर्मा, विशाल शर्मा, जितेंद्र सहगल, तनुज रैना, भूपेश ठाकुर, कमलेश्वर सिंह, मनिंदर सिंह, अमोल शर्मा, राकेश ठाकुर, कविश जसवाल, सूमोहित जमदग्नि, चेतन वासुदेव और गजेंद्र ठाकुर प्रमुख रहे।

यह प्रतियोगिता न केवल युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा निखारने का मंच है, बल्कि शतरंज के प्रति उनकी लगन और जुनून को भी उजागर कर रही है। अगले दो दिनों तक चम्बा में दिमागी चालों की यह जंग सभी का ध्यान खींचेगी।

# नशे के रास्ते छोड़कर खेलों व अनुशासन की दुनिया अपनाएं युवा: डीएस ठाकुर



- विधायक डीएस ठाकुर ने वॉलीबाल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, डलहौजी

**डलहौजी** विधानसभा क्षेत्र में खेल और युवा शक्ति का शानदार संगम देखने को मिला। सिंगाधार युथ क्लब द्वारा बरोटी में आयोजित क्रिकेट श्रृंखला तथा डीआईआईएचएम द्वारा सलूनी में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन समारोह बड़े उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डलहौजी विधायक डीएस ठाकुर ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन सिखाता है और अनुशासन नशे से दूरी बनाता है।

उन्होंने युवाओं से नशे के अंधेरे रास्ते छोड़कर खेलों और अनुशासन की दुनिया अपनाने का आह्वान किया। विधायक ठाकुर ने आश्वासन दिया कि विधानसभा क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, खेल संसाधनों को सुदृढ़ करने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना, भाईचारे और जोश का अद्भुत माहौल देखने को मिला।

# देहाग्रां पंचायत के बंजवाड़ी वार्ड से बज गया पंचायतीराज चुनाव का बिगुल



- दबे-कुचले वर्ग की आवाज बनने का शरीफ मुहम्मद का संकल्प
- सड़क और बुनियादी सुविधाओं के लिए लड़ाई जारी रखने का ऐलान

हाशू शेख, अनंत ज्ञान

**चुराह।** जिला चम्बा के अंतर्गत आने वाले तहसील चुराह की ग्राम पंचायत दोहग्रा के वार्ड पंच शरीफ मुहम्मद ने पंचायती राज चुनाव का बिगुल रविवार को वार्ड बंजावड़ी से शुरू कर दिया। वार्ड बंजावड़ी के गांव गगल में शरीफ मुहम्मद ने लोगों से बात चीत करते हुए कहा कि जिस तरह से हमारे दबे कुचले लोगों को अनदेखा किया जाता है हम इस बार उनके साथ हैं और मरते दम तक आपके साथ खड़े रहेंगे और अपने लोगों का हम सिर्फ राजनीति के लिए इस्तेमाल नहीं होने देंगे जब भी चुनाव आते हैं तो हमारे लोगों से ठग कर वोट ले लिए जाते हैं। आज दिन तक जितनी भी सरकारें आई गई और प्रधान बने लेकिन अभी तक गगल गांव और बांजवाड़ी वार्ड को सड़क के साथ जोड़ा नहीं गया। इस बार हम पंचायती राज चुनाव में हम अपनी पूरी भागीदारी भी निभाएंगे और चुनाव भी खुद लड़ेंगे और लोगों के साथ लोगों के हक की लड़ाइयां भी लड़ेंगे। साथ में जिस तरह से हमारे दबे कुचले लोगों का मोहरा बनाया जायेगा तो हम इस बात को बर्दाश्त नहीं करेंगे आगे भी अब हम हमेशा लोगों के साथ खड़े रहेंगे।

# एचपीटीडीसी व सीयूएचपी में एमओयू से पर्यटन कौशल विकास को मिलेगा बढ़ावा

अनंत ज्ञान, चंबा

- आरएस बाली की पहल पर मनीष सरीन ने जताया आभार, पर्यटन शिक्षा और रोजगार अवसरों में आएगा नया आयाम

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएचपी) और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसका उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र के कर्मचारियों के कौशल उन्नयन हेतु संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना है।



डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष सरीन ने इस पहल को एचपीटीडीसी के अध्यक्ष आरएस बाली द्वारा पर्यटन विकास के प्रति दिखाई गई प्रतिबद्धता का एक और सकारात्मक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि कुलपति सचिवालय में हस्ताक्षरित यह समझौता ज्ञापन एचपीटीडीसी कर्मचारियों के लिए कौशल विकास एवं जनशक्ति संवर्द्धन कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस साझेदारी के तहत सीयूएचपी के एमबीए (पर्यटन) के छात्र एचपीटीडीसी होटलों में इंटर्नशिप कर सकेंगे, जिससे उन्हें आतिथ्य सेवाओं और विपणन का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा। विश्वविद्यालय के अतिथियों को एचपीटीडीसी होटलों में ठहरने व भोजन पर विशेष रियायत भी मिलेगी। इसके अतिरिक्त, वर्तमान शैक्षणिक सत्र में सीयूएचपी होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम प्रारंभ करेगा, जिसका व्यावहारिक प्रशिक्षण एचपीटीडीसी के खनियारा स्थित प्रशिक्षण केंद्र में दिया जाएगा।

समझौता ज्ञापन में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, पर्यटक गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने तथा राज्य पर्यटन विभाग के साथ समन्वय कर गाइड प्रमाणन हेतु लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल बनाने के प्रावधान भी शामिल हैं।

मनीष सरीन ने इसे हिमाचल प्रदेश में कौशल विकास को बढ़ावा देने और पर्यटन शिक्षा को समृद्ध करने की दिशा में एक मील का पत्थर करार दिया। उन्होंने कहा कि यह पहल नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप है और राज्य के पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

# राडी पंचायत में खत्म हुआ पेयजल संकट, पानी की आपूर्ति हुई बहाल



- भूस्खलन से टूटी 60 पाइप लाइनें विभाग ने दिन-रात की मरम्मत

अनंत ज्ञान, धरवाला

**राडी** पंचायत के एक दर्जन गांवों में पिछले 5-6 दिनों से चल रहे पेयजल संकट से आखिरकार ग्रामीणों को राहत मिल गई है। पानी की कमी से जहां लोगों को पीने और घरेलू जरूरतों के लिए दूर-दूर तक पानी ढोना पड़ रहा था, वहीं मवेशियों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

जल शक्ति विभाग के अनुसार, संकट का कारण अरनहर नामक स्थान पर हुआ भारी भूस्खलन था, जिसमें 50 से 60 पाइप लाइनों को गंभीर क्षति पहुंची। इससे पंचायत की ओर पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग की टीम ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और दिन-रात मेहनत कर सभी क्षतिग्रस्त पाइपों की मरम्मत की। विभाग ने रविवार शाम तक सभी गांवों में पानी की आपूर्ति सुचारू करने का आश्वासन दिया। स्थानीय निवासियों ने पानी की बहाली पर खुशी जताते हुए जल शक्ति विभाग के त्वरित और समर्पित प्रयासों की सराहना की और कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी विभाग ने बेहतरीन काम किया।

# चंबा के बेटे ऋतिश भारद्वाज ने रचा इतिहास, आईयूसीएए में हुआ चयन

अनंत ज्ञान, चंबा

**गांव** बड़ोह, ग्राम पंचायत चंडी (लड़ोग) के होनहार बेटे ऋतिश भारद्वाज ने ऐस्ट्रोफिज़िक्स में पीएचडी पूरी कर देश-दुनिया में चंबा का नाम रोशन किया है। अब उनका चयन देश के सबसे प्रतिष्ठित शोध केंद्रों में से एक, इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड ऐस्ट्रोफिज़िक्स (आईयूसीएए), पुणे में पोस्ट-डॉक्टरल रिसर्च के लिए हुआ है।



आईयूसीएए वह संस्थान है, जहां देश-विदेश के शीर्ष वैज्ञानिक ब्रह्मांड के रहस्यों पर शोध करते हैं। यहां प्रवेश पाना किसी भी शोधार्थी के लिए सपने के सच होने जैसा है, जिसके लिए गहन ज्ञान, शोध के प्रति समर्पण और दृढ़ निश्चय की आवश्यकता होती है।

ऋतिश की सफलता के पीछे वर्षों का कठिन परिश्रम, अनगिनत अध्ययन के घंटे और विज्ञान के प्रति गहरी रुचि है। गाँव की साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर यह उपलब्धि हासिल करना इस बात का प्रमाण है कि मेहनत और जुनून से कोई भी ऊंचाई पाई जा सकती है।

पूरा चंबा और हिमाचल इस गौरवपूर्ण क्षण पर गर्व महसूस कर रहा है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहा है।

# हनुमान के जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा



नवयुवक कृषक क्लब साहू की ओर से एक भव्य धार्मिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

अनंत ज्ञान, साहू

**नवयुवक** कृषक क्लब साहू द्वारा एक भव्य धार्मिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा चंद्रशेखर मंदिर से आरंभ होकर हनुमान जी की जयकारों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर नवयुवक कृषक क्लब साहू के प्रधान राजेंद्र गुदियाला, महासचिव सुरेंद्र चौहान, उप प्रधान तनु कुमार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार और क्लब के डायरेक्टर सूर्या भानु जी ने नेतृत्व किया। शोभायात्रा में क्लब के सभी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से माहौल को और भी भव्य बना दिया। साहू की समस्त जनता ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा और भजन-कीर्तन के साथ किया। धार्मिक धुनों और जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल समाज में आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि एकता और भाईचारे का संदेश भी देते हैं।

# छतराड़ी जातर में मशहूर कलाकार इशांत भारद्वाज व अनुरागनी ठाकुर का देंगे प्रस्तुति

अनंत ज्ञान, भरमौर



**छतराड़ी** जातर 2025 की तीसरी रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए मशहूर कलाकार इशांत भारद्वाज और अनुरागनी ठाकुर प्रस्तुति देंगे। इस सांस्कृतिक संध्या का खर्च स्थानीय सरकारी कर्मचारी अपने योगदान से वहन करेंगे। खास बात यह है कि इस बार तीसरी रात्रि के कार्यक्रम में किसी मुख्य अतिथि को आमंत्रित नहीं किया जाएगा, जबकि पहले हर रात मुख्य अतिथि को बुलाने की परंपरा रही है। युवाओं ने इस बार बदलाव लाते हुए कार्यक्रम को पूरी तरह दर्शकों के लिए समर्पित करने का निर्णय लिया है। राधा अष्टमी के दूसरे दिन से शुरू होने वाला यह जिला स्तरीय मेला चार दिन तक चलेगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा।

## सूडोकू नवताल- 7518

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकू नवताल -7517 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## चंद्रोदय मंदिर आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का केंद्र

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** जेसीबी स्कूल खलीनी, शिमला में नर्सरी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें चंद्रोदय मंदिर लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। स्कूल प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से सजावट व उपयोगी वस्तुएं तैयार कीं, जिनमें गुलाब फूलों के गुलदस्ते व आपदा से सुरक्षा हेतु एस-400 डिफेंस सिस्टम जैसी झांकियां शामिल थीं।

# महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को सराहा

अनंत ज्ञान, अंब

- सर्वहितकारी सभा की बैठक में सामाजिक कार्यों की समीक्षा

**रविवार** को सर्वहितकारी सभा कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कमेटी की आगामी कार्यकारिणी को लेकर व्यापक चर्चा और विचार-विमर्श हुआ। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष, मदन धीमान, उपाध्यक्ष अनिल शर्मा मास्टर कुशल धीमान ग्राम पंचायत पंजोआ प्रधान बलविंदर बिल्ला फतेह सिंह व विकास शर्मा सहित , सभी सदस्यगण एवं नारी शक्ति से जुड़ी महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

बैठक के दौरान कमेटी के अध्यक्ष ने अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कमेटी द्वारा किए गए जनहितकारी कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने कमेटी के सभी सदस्यों को उनके सहयोग और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया व साथ ही सभा के उपाध्यक्ष अधिवक्ता अनिल शर्मा ने भी सभी का धन्यवाद करने के सभा से जुड़े युवाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यक्रमों की भी सराहना की।

ग्राम पंचायत सूरी के तहत जिस प्रकार गरीब परिवार को सहायता करने के लिए अतुल धीमान अपनी टीम के साथ जुट गए थे कबीले तारीफ था। बैठक में भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई, जिसमें समाज सेवा से जुड़े नए प्रस्तावों को प्राथमिकता देने की बात सामने आई। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को भी सराहा गया और उन्हें आगे भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सभा का समापन आपसी सहमति और सद्भावना के साथ हुआ।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

सोमवार, 11 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** द्वितिया (10:32) **: नक्षत्र** शतभिषा (12:50), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** अतिगंदा (21:29), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:51)। **राहुकाल** (07:30-09:08)।

### विशेष दिन

- 11 अगस्त : बूंदी में कजली तीज का मेला आज से शुरू।
- 11 अगस्त 2025: सिंजारा आज।

**मेषः** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृषः** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मिथुनः** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्कः** प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**सिंहः** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**कन्याः** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुलाः** खान-पान में सावधानी रखें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिकः** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

**धनुः** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**मकरः** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुंभः** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग।

**मीनः** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

# आपदा प्रभावित पंचायतों में जल्द करें बहाली कार्य

## जिला ग्रामीण विकास अधिकारी मंडी गोपी चंद पाठक ने बैठक में दिए निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



- करसोग में मनरेगा के अंतर्गत 73.05 करोड़ रुपए की लागत से 2605 कार्य किए स्वीकृत

**मंडी** जिला के करसोग विकास खंड की आपदा प्रभावित पंचायतों में बहाली कार्यों में गति लाने के उद्देश्य से खंड विकास कार्यालय करसोग में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला ग्रामीण विकास अधिकारी मंडी गोपी चंद पाठक ने की। बैठक में खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र कुमार, प्रभावित पंचायतों के प्रधान, कनिष्ठ अभियंता, सचिव, तकनीकी सहायक तथा ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे। बैठक में मनरेगा के अंतर्गत रास्तों, अस्थायी पुलों तथा अन्य राहत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने पर बल दिया गया। बहाली कार्यों के निष्पादन में उत्पन्न हो रही बाधाओं के सामूहिक समाधान हेतु यह बैठक बुलाई गई थी।

जिला ग्रामीण विकास अधिकारी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र राहत उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा उपायुक्त स्वयं इन कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि करसोग विकास खंड की आपदा प्रभावित पंचायतों में मनरेगा के अंतर्गत 73.05 करोड़ रुपए की लागत से 2605 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 15वें वित्त आयोग की 40 प्रतिशत अनटाइड अनुदान राशि का आवश्यकतानुसार त्वरित उपयोग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# चंबा में 11 से 14 तक खराब मौसम का अलर्ट प्रशासन ने दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, चंबा। भारत** मौसम विज्ञान विभाग ने जिला चंबा के लिए 11 से 14 अगस्त तक खराब मौसम की चेतावनी जारी की है। इस दौरान तेज हवाएं, भारी बारिश, ओलावृष्टि और कुछ इलाकों में भूस्खलन की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार 11 व 12 अगस्त को ऑरेंज अलर्ट (भारी वर्षा, तेज तूफान, बादल फटना और ओलावृष्टि की आशंका), 13 व 14 अगस्त को येलो अलर्ट (हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाएं) की चेतावनी है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, चंबा ने लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है। नागरिकों को नदी-नालों, पहाड़ी ढलानों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने, बच्चों और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान देने, मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। आपात स्थिति में 98166-98166, 01899-226950, टोल फ्री 1077 संपर्क करें।

**हमें** अपनी राष्ट्रीय रक्षा के लिए ऐसी मजबूत नींव रखनी चाहिए कि भविष्य में भी हमारी स्वतंत्रता पर कभी भी आंच न आए। -**सुभाष चंद्र बोस**

## संपादकीय

# खाकी पर दाग

ऊना जिले के गगरेट में खाकी वर्दी पर लगे ताजा दाग ने प्रदेश की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक ईमानदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब कानून लागू करने वाली ताकतें ही कानून तोड़ने वालों की साझेदार बन जाएं, तो फिर न्याय की उम्मीद एक आम नागरिक किससे करे? गगरेट थाना क्षेत्र में सामने आया यह मामला केवल स्थानीय पुलिस के कुछ कर्मियों की नाकामी या भ्रष्टाचार की कहानी नहीं है, बल्कि यह पूरे तंत्र की गहरी बीमारी की ओर इशारा करता है। एक ऐसी बीमारी, जिसमें ड्रग माफिया, प्रशासनिक उदासीनता और राजनीतिक प्रभाव आपस में घुल-मिल जाते हैं। यह मामला वर्ष 2023 का है, जब प्रदेश की एएनटीएफ टीम ने गुप्त सूचनाओं और लंबी रिसर्च के आधार पर गगरेट में भारी मात्रा में नशीली दवाएं और अन्य मादक पदार्थ बरामद किए थे। यह कार्रवाई अपने आप में बड़ी थी, लेकिन असली कहानी बाद में शुरू हुई जब इस केस की जांच में खामियां छोड़ दी गईं।

सबूतों से छेड़छाड़, फोन रिकॉर्ड में टेंपरिंग, दस्तावेजों को नष्ट करना यह सब काम उन्हीं पुलिस कर्मियों के जरिए हुए, जिन पर कानून की रक्षा का जिम्मा था। मामले में जुड़े आरोपी कोई साधारण अपराधी नहीं थे, बल्कि हाई-प्रोफाइल नेटवर्क से जुड़े लोग थे। यही कारण है कि यह पूरा प्रकरण दो साल तक दबा रहा, लेकिन जब स्टेट सीआईडी को ठोस सबूत मिले, तो उच्च स्तरीय जांच शुरू हुई और अब जाकर इस मामले में गगरेट पुलिस के पांच अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस विभाग में अनुशासन, निष्ठा और ईमानदारी की उम्मीद सबसे ज्यादा होती है, लेकिन गगरेट प्रकरण में थाना प्रभारी से लेकर अन्य कर्मचारियों तक की भूमिका केवल संदिग्ध नहीं, बल्कि सीधे तौर पर ड्रग तस्करों के सहयोगी के रूप में सामने आई है।

यह केवल व्यक्तिगत चरित्र दोष नहीं, बल्कि सिस्टम में घुसी उस सड़ांध का प्रमाण है, जो कानून लागू करने वालों को भी माफिया का मोहरा बना देती है। प्रदेश में पहली बार इतने बड़े स्तर पर पुलिस कर्मियों के खिलाफ ड्रग माफिया जैसे गंभीर आरोपों में मामला दर्ज हुआ है। यह मिसाल है इस मायने में कि कानून के शिकंजे में अब 'वर्दी' भी आ सकती है और चेतावनी है। इस मायने में कि ड्रग माफिया की जड़ें प्रशासनिक ढांचे तक पहुंच चुकी हैं। इस घटनाक्रम ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। विपक्ष इसे सरकार की कानून व्यवस्था की नाकामी साबित करने का अवसर मान रहा है, जबकि सरकार के लिए यह 'जीरो टॉलरेंस' नीति की असली परीक्षा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट कहा है कि ड्रग पैडलरों और उनसे जुड़े सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, लेकिन बयान और जमीनी कार्रवाई के बीच का अंतर ही आने वाले समय में सरकार की विश्वसनीयता तय करेगा।

यदि सरकार इस मामले में आधी-अधूरी कार्रवाई करती है, तो यह संदेश जाएगा कि 'बड़े मछलियों' के खिलाफ कार्रवाई केवल कागजों में होती है, लेकिन अगर इस मामले में उदाहरणात्मक सजा दी जाती है, तो यह प्रदेश में ड्रग माफिया के खिलाफ निर्णायक कदम साबित हो सकता है। ड्रग तस्करी को जड़ से खत्म करने के लिए केवल पुलिस कर्मियों को सजा देना पर्याप्त नहीं होगा। समस्या तीन स्तरों पर है। कानून प्रवर्तन में भ्रष्टाचार बढ़ गया है। जब जांच अधिकारी ही पैसे या दबाव में आ जाएं, तो कानून के प्रावधान केवल किताबों में रह जाते हैं। राजनीतिक संरक्षण बड़ा कारण है। हाई-प्रोफाइल नेटवर्क का मतलब है कि तस्करों को कहीं न कहीं सत्ता या प्रभाव का सहारा मिला हुआ है। वहीं, सामाजिक-आर्थिक कारक भी कम जिम्मेदार नहीं।

बेरोजगारी, नशे की आसान उपलब्धता और युवाओं में बढ़ता मानसिक तनाव, इस समस्या को और गहरा करते हैं। गगरेट प्रकरण को 'केस स्टडी' के रूप में लेकर पूरे पुलिस विभाग में जवाबदेही तय करनी होगी। इसके लिए स्वतंत्र निगरानी तंत्र विकसित होना चाहिए। ड्रग मामलों की जांच केवल स्थानीय पुलिस के भरोसे न छोड़ी जाए, बल्कि सीआईडी या न्यायिक निगरानी में हो। फास्ट-ट्रैक ट्रायल हो। ड्रग्स और भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में लंबी अदालती प्रक्रिया माफिया के लिए फायदे का सौदा होती है। पुलिस सुधार भी लाजिमी है। ट्रांसफर-पोस्टिंग प्रणाली में पारदर्शिता, आंतरिक विजिलेंस और 'जीरो पॉलिटिकल इंटरफेरेंस' को लागू करना होगा। सामाजिक जागरूकता तो जरूरी है ही।

नशा केवल कानून का मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का सवाल है। स्कूल-कॉलेज स्तर पर नशा मुक्ति अभियान को व्यापक बनाना होगा। गगरेट का यह मामला केवल एक पुलिस स्टेशन की गलती नहीं है, बल्कि यह इस बात का आईना है कि अगर सिस्टम में गंदगी को समय पर साफ न किया जाए, तो वह पूरी व्यवस्था को सड़ा देती है। आज प्रदेश के सामने चुनौती केवल ड्रग तस्करी रोकने की नहीं, बल्कि उस भितरघात को खत्म करने की है, जो कानून को अपराधियों के लिए ढाल बना देता है। यदि इस मामले में सरकार और जांच एजेंसियां बिना किसी दबाव के, पूरी पारदर्शिता और सख्ती से कार्रवाई करती हैं, तो यह न केवल खाकी की साख बचाने का मौका होगा, बल्कि यह संदेश देने का भी कि हिमाचल में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है-चाहे वे वर्दी में हों या बिना वर्दी के। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### पूर्व भारतीय क्रिकेटर

**अंजू** जैन एक भारतीय पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान क्रिकेट कोच हैं। उन्होंने विकेटकीपर और दाएं हाथ की बल्लेबाज के रूप में खेला। उन्होंने 1993 से 2005 के बीच भारत के लिए आठ टेस्ट मैच और 65 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने दिल्ली और एयर इंडिया के लिए घरेलू क्रिकेट खेला। उन्होंने पहले भारत और बांग्लादेश की राष्ट्रीय महिला टीमों को कोचिंग दी है और वर्तमान में भारतीय घरेलू क्रिकेट में कोचिंग देती हैं। उन्होंने 2000 विश्व कप में भारत की कप्तानी की, जहां टीम न्यूजीलैंड से हारने से पहले सेमीफाइनल तक पहुंची थी। वह 51 के साथ महिला वनडे में सबसे अधिक स्टंपिंग का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से रखती हैं। जैन ने कप्तान, विकेटकीपर और सलामी बल्लेबाज के रूप में सात महिला वनडे खेले, जो एक रिकॉर्ड है। अंजू को 2005 में उनकी खेल उपलब्धियों के लिए भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम से अर्जुन पुरस्कार मिला। सेवानिवृत्त होने के बाद से जैन ने घरेलू स्तर पर ओडिशा, त्रिपुरा, असम, विदर्भ और बड़ौदा को कोचिंग दी है। 2011 से 2013 के बीच, वह भारत की मुख्य कोच थीं और 2018 से 2020 के बीच वह बांग्लादेश की मुख्य कोच थीं। ■



अंजू जैन
**जन्म :** 11 अगस्त 1974



कविता

## किसान

अर्पित गौतम, चाचियां, पालमपुर, कांगड़ा

*नीले आकाश की सिर पर चादर, पैरों तले जमीन है,*
*यही किसान की तकदीर है।*
*तेज वर्षा हो या हो फिर, चिल-चिलाती धूप,*
*फिर भी वे खेतों में डटे रहते हैं, यही किसान की तकदीर है।*
*खुद भूखे रहकर, अपने बच्चों का पेट भरना,*
*यही किसान की तकदीर है।*
*चाहे जान की बाजी लगानी पड़े,*
*पर फसलों को बर्बाद होने से,*
*बचाना होता है, यही किसान की तकदीर है।*
*मुश्किलें आती हैं अपार, फिर भी एक उम्मीद होती है।*
*कि हर रात के बाद, एक खुशियों का सवेरा होता है,*
*यही किसान की तकदीर है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# बदलते वैश्विक समीकरण और भारत की चुनौती

21वीं सदी में वैश्विक राजनीति अब केवल राजनयिक बयानों और औपचारिक समझौतों तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक प्रतिबंध, व्यापारिक टैरिफ, ऊर्जा आपूर्ति और सैन्य गठबंधन आज की अंतरराष्ट्रीय नीति के निर्णायक हथियार बन चुके हैं। अमेरिका, जो दशकों से वैश्विक नेतृत्व का दावा करता है, इन हथियारों का सबसे आक्रामक इस्तेमाल करने वाला देश बन गया है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ जारी व्यापार वार्ता को रोकने और भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने का फैसला लिया। ये कदम केवल व्यापारिक विवाद नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय शक्ति-संतुलन की लड़ाई का हिस्सा हैं, जिसमें रूस, चीन और कई अन्य देश भी परोक्ष रूप से शामिल हैं। भारत के लिए यह स्थिति जटिल है-एक ओर अमेरिका, जो उसका सबसे बड़ा व्यापारिक और तकनीकी साझेदार है और दूसरी ओर रूस, जिसके साथ दशकों पुराना रक्षा, ऊर्जा और सामरिक सहयोग है। साथ ही, चीन, यूरोप और खाड़ी देशों के साथ भी भारत के हित जुड़े हैं। ऐसे में भारत को ऐसी रणनीति अपनानी होगी, जिससे न तो अमेरिका के साथ रिश्ते पूरी तरह बिगड़ें और न ही रूस से दूरी बने यानी 'सांप भी मरे और लाठी भी न टूटे' वाली स्थिति श्रेयस्कर रहेगी।

इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भारत (आईबीईएफ) के मुताबिक, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार (आयात और निर्यात) वर्ष 2000 में करीब 20 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो वर्तमान में बढ़कर 131 अरब डॉलर हो गया है। भारत अमेरिका को दवाइयां, आईटी सेवाएं, इंजीनियरिंग सामान, कृषि उत्पाद, रत्न-जवाहरात और वस्त्र निर्यात करता है। अमेरिका से भारत मुख्य रूप से विमान, मशीनरी, ऊर्जा उत्पाद, रक्षा तकनीक और कृषि उत्पाद आयात करता है, लेकिन व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में है। भारत अमेरिका को जितना निर्यात करता है, उतना आयात नहीं करता। अमेरिकी राजनीति में यह मुद्दा अक्सर उठता है, खासकर तब जब चुनावी माहौल हो और अमेरिकी नौकरियां बचाने का नारा दिया जा रहा हो।

अमेरिका का आरोप है कि भारत अपने बाजार को अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों के लिए पर्याप्त रूप से नहीं खोल रहा और कई गैर-टैरिफ बाधाएं खड़ी कर रहा है। साथ ही, भारत रूस से तेल और हथियार खरीदना बंद करने से इनकार कर रहा है, जो अमेरिका की रूस-विरोधी नीति के विपरीत है। दरअसल, भारत के खिलाफ अमेरिका के बन रहे माहौल के यही दो सबसे बड़े कारक हैं। स्पष्ट शब्दों में कहें तो अमेरिका चाह रहा है कि भारत रूस से मित्रता छोड़कर अमेरिका को पूरी तरह से गले लगा ले, ताकि उसके व्यापारिक हितों की पूर्ति हो सके। असल में अमेरिका अपने आपको सबसे बड़ा व्यापारी साबित करने पर तुला हुआ है। साथ ही वह यह काम और ज्यादा हेकड़ी के साथ करना चाहता है।

अगस्त 2025 में ट्रंप प्रशासन ने भारत के सभी निर्यातित सामानों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ और



पहले से मौजूद 25 प्रतिशत शुल्क जोड़कर कुल 50 प्रशित तक का आयात शुल्क लगाने की घोषणा की। यह सब रूस से मित्रता के कारण ही हुआ है। अमेरिकी व्यापार सलाहकार पीटर नेवर ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बताया। नेवर ने तर्क दिया कि भारत रूस से रियायती दरों पर तेल खरीद रहा है। यह खरीद रूस की अर्थव्यवस्था को मजबूती देती है, जिससे यूक्रेन युद्ध में रूस की स्थिति मजबूत होती है और रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों का असर घट जाता है यानी अमेरिका रूस को कंगाल बनाने पर तुला हुआ है। यूक्रेन युद्ध की समाप्ति को अमेरिका ने एक राजनीतिक मसला बना लिया है। इस सबके बीच, भारत का रुख स्पष्ट है कि ऊर्जा सुरक्षा और रक्षा सहयोग उसके राष्ट्रीय हित का हिस्सा है, जिसे वह बाहरी दबाव में आकर नहीं छोड़ेगा।

**यथार्थ**



समरजीत

**रूस फैक्टर-विवाद की असली चिंगारी :** रूस और भारत के रिश्तों की जड़ें 1950 के दशक में पड़ गई थीं। भारत की पहली परमाणु पनडुब्बी से लेकर अंतरिक्ष मिशनों तक, रूस ने कई अहम परियोजनाओं में मदद की। वर्तमान में भारत के सैन्य उपकरणों का लगभग 60-65 प्रतिशत हिस्सा रूसी तकनीक पर आधारित है। 2022-24 के बीच भारत ने रूस से 300 मिलियन बैरल से अधिक कच्चा तेल खरीदा, वह भी वैश्विक बाजार से 20-30 प्रशित कम कीमत पर। एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम जैसी डील भारत की सामरिक क्षमता के लिए निर्णायक है। ऐसे में अमेरिका चाहता है कि भारत रूस से दूरी बनाए, ताकि रूस पर आर्थिक दबाव बढ़े, लेकिन भारत जानता है कि अचानक यह बदलाव उसकी रक्षा तैयारियों और ऊर्जा आपूर्ति को झटका दे सकता है।

**वैश्विक परिदृश्य-एक अस्थिर संतुलन :** यूक्रेन युद्ध ने रूस और नाटो देशों के रिश्तों को 1980 के दशक की तरह शीत युद्ध के स्तर पर पहुंचा दिया है। एक ओर रूस ने नाटो देशों के खिलाफ बैलिस्टिक मिसाइलें तैनात की हैं, जिनकी मारक क्षमता 16,000 किलोमीटर तक है। दूसरी ओर अमेरिका ने अटलांटिक और प्रशांत महासागरों में परमाणु पनडुब्बियों की तैनाती बढ़ा दी है। इसका उद्देश्य रूस को समुद्री रास्तों से भी घेरना है। इस सबके बीच चीन ने रूस से ऊर्जा आयात बढ़ा दिया है और अमेरिका को चुनौती देने के लिए ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। ऐसे में सस्ती ऊर्जा और अमेरिका पर दबाव चीन के लिए दोहरा लाभ साबित हो रहा है।

**भारत की मौजूदा कूटनीति :** भारत फिलहाल 'मल्टी-अलाइंड' नीति अपना रहा है यानी वह अमेरिका, रूस, यूरोप, जापान और खाड़ी देशों के साथ समानांतर रिश्ते बनाकर चल रहा है, लेकिन किसी एक खेमे में पूरी तरह शामिल नहीं हो रहा। इस नीति का स्वतंत्र विदेश नीति और विविध साझेदारी के रूप में फायदा मिल सकता है, लेकिन इसके साथ ही सभी प्रमुख शक्तियों से लगातार दबाव झेलने के रूप में नुकसान भी हो सकता है। भारत ने हाल के वर्षों में क्वाड में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाया। ब्रिक्स में रूस और चीन के साथ बहुपक्षीय आर्थिक योजनाओं में भाग लिया। जी20 की अध्यक्षता के दौरान अमेरिका और रूस दोनों को एक मंच पर लाने की कोशिश कर अपने सामर्थ्य का परिचय दिया।

**भारत के रणनीतिक विकल्प :** भारत फिलहाल ऊर्जा आयात में संतुलन बनाए रखना चाहता है। वह रूस से रियायती तेल खरीद जारी रखना चाहता है, लेकिन साथ ही अमेरिका, सऊदी अरब, यूएई और अफ्रीका से भी आयात बढ़ाना चाहता है। मकसद अमेरिका को यह संदेश देना कि भारत ऊर्जा स्रोतों में विविधता ला रहा है। भारत व्यापार में आंशिक रियायत देने का पक्षधर है, जिसमें अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों के लिए सीमित आयात कोटा तय करना शामिल है। बदले में अमेरिका से उच्च तकनीक और रक्षा उपकरणों पर कम टैरिफ की मांग करना भी भारत की रणनीति का अहम हिस्सा है। इसके अलावा भारत घरेलू उद्योग को मजबूती देना चाहता है, ताकि उसकी दूसरे देशों पर ज्यादा निर्भरता न रहे। मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन में 'मेक इन इंडिया' का विस्तार भारत के एजेंडे में है। निर्यात आधारित उद्योगों को सब्सिडी और कर छूट देना चाहता है, ताकि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में लागत घटे। बदलते ताजा हालातों के मद्देजनर भारत को अमेरिका और रूस के बीच संवाद बढ़ाने के लिए भारत को विश्वसनीय मध्यस्थ की छवि मजबूत करनी होगी। यूएई, सऊदी अरब जैसे तटस्थ देशों के साथ त्रिपक्षीय बैठकें आयोजित करनी होंगी। रूस, ईरान और अन्य देशों के साथ स्थानीय मुद्रा या रुपए-रुपल व्यापार बढ़ाने पर जोर रहेगा, ताकि डॉलर पर निर्भरता घटे। जी20, एससीओ और ब्रिक्स में ऐसे प्रस्ताव रखना जो वैश्विक सप्लाई चेन की स्थिरता सुनिश्चित करें।

**विशेषज्ञों की राय :** रणनीतिक मामलों के जानकार डॉ. हरिंदर सिक्का के अनुसार, भारत को इस विवाद में भावनाओं की बजाय आर्थिक गणित से सोचना होगा। अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव अस्थायी है, लेकिन रूस के साथ रक्षा साझेदारी दीर्घकालिक है। पूर्व राजदूत पिनाक रंजन चक्रवर्ती के मुताबिक, अमेरिका और रूस दोनों ही भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमें किसी एक को चुनने के बजाय दोनों के साथ काम करने का रास्ता निकालना होगा।

**संभावित खतरे और प्रबंधन :** अमेरिकी चुनावी राजनीति के असर के आलोक में ट्रंप भारत पर दबाव बढ़ाकर घरेलू वोटरों को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में भारत को दीर्घकालिक संबंधों के आधार पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए, न कि तात्कालिक बयानों पर। रूस और नाटो के बीच टकराव के दूरगामी घातक परिणाम हो सकते हैं। युद्ध बढ़ा तो तेल कीमतें और वैश्विक व्यापार पर असर पड़ेगा। भारत को सामरिक तेल भंडारण और वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत तैयार रखने होंगे। चीन के हस्तक्षेप पर भी विशेष नजर रखनी होगी। चीन रूस के साथ साझेदारी का लाभ उठाकर एशिया में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है। भारत को जापान, ऑस्ट्रेलिया और आसियान देशों के साथ सहयोग बढ़ाना चाहिए।

**संतुलन ही सफलता का रास्ता :** अमेरिका-भारत टैरिफ विवाद केवल दो देशों का व्यापारिक मामला नहीं है, बल्कि यह आने वाले वर्षों में वैश्विक शक्ति-संतुलन का संकेत भी है। भारत को यह समझना होगा कि उसकी ताकत विविध साझेदारियों और स्वतंत्र नीति में है। 'सांप भी मरे और लाठी भी न टूटे' की नीति अपनाने के लिए भारत को ऊर्जा और रक्षा में रूस से सहयोग जारी रखना होगा। व्यापार में अमेरिका को आंशिक रियायत देनी होगी और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मध्यस्थ की भूमिका निभाना होगी। यही समय की मांग है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत अपनी कूटनीति के दम पर इन सबसे पार पा लेगा।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# विश्व को समृद्ध करने के लिए पहले हमें अपने देश-प्रदेश को समृद्ध करना होगा


हिमाचल प्रदेश जितना सुंदर, मनमोहक और आकर्षक है, उतना ही इसे आजकल प्राकृतिक आपदाओं एवं पर्यटकों द्वारा फैलाए जा रहे पर्यावरण प्रदूषण का दंश झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों ने परिवहन नियमों को भी शायद ताक पर रख दिया होता है। दोपहिया वाहनों पर तीन-तीन व्यक्तियों द्वारा बिना हेलमेट के तीव्र गति से सफर करने के दृश्य आजकल यहां आम देखने को मिल जाते हैं। वैसे तो समूहों में चलने वाले ऐसे श्रद्धालु अक्सर सावन महीने में जहां प्रदेश की शोभा बढ़ाते हैं, वहीं प्रदेश के लिए आय का भी एक अच्छा स्रोत होते हैं। हिमाचल प्रदेश आस्था का एक केंद्र है। यहां विभिन्न शक्ति पीठ, ज्योतिर्लिंग, तीर्थ स्थान व पर्यटन स्थल हैं। वे सब इसकी शोभा में चार चांद लगाते हैं। परंतु साथ ही यह एक हरित प्रदेश भी है।



यश गोरा
योल कैंप (हिप्र)

इसकी हरियाली और प्राकृतिक दृश्य इसे संपूर्ण विश्व में सर्वोत्तम बनाते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालु बेशक श्रद्धा से ओत-प्रोत होते हैं, परंतु इसके साथ ही यदि वे प्रदेश की हरियाली और स्वच्छता का भी ध्यान रखें तो यह उनका एक सराहनीय कदम होगा। प्रदेश में जहां एक तरफ पर्यावरण प्रदूषण फैल रहा है, वहीं दूसरी ओर प्राकृतिक आपदाएं भी प्रदेश की शांति को भंग कर रही हैं। प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी शिमला हो, शीतकालीन राजधानी धर्मशाला हो अथवा अन्य जिले चंबा, कुल्लू, मंडी, सिरमौर, लाहौल-स्पीति सब तरफ प्रकृति हाहाकार मचा रही है। प्रदेश के विभिन्न भागों में बरसात के मौसम में बादल फटना, पहाड़ियों का सरकना तथा नदी नालों के जल में असीम उछाल आना ऐसी आपदाएं प्रदेशवासियों को गहरे दर्द देकर जा रही हैं। जहां प्रशासन नदी-नालों के आसपास जाने की भी मनाही करता है, वहीं पर्यटक नदी-नालों के समीप बने दर्शनीय स्थानों पर बरसात के दिनों में भी जाने से परहेज नहीं करते, फिर चाहे वह कांगड़ा में वाण-गंगा मंदिर हो या पालमपुर में सौरभ वन विहार जैसे प्राकृतिक स्थल हों। बरसात के दिनों में सावधानी बरतनी ही चाहिए। किसी प्रकार की अनहोनी होने की स्थिति में वही लोग प्रशासन पर अंगुली उठाते हैं। वे नहीं समझते कि नियमों-कानूनों को ताक पर रखने का खामियाजा उन्हें स्वयं ही भुगतना पड़ेगा। ऐसा ही वे वाहन चलाते समय भी करते हैं।

अंधाधुंध बाइक चलाना, हेलमेट न पहनना, गलत दिशा से बाइक निकालना, दो से अधिक सवारियां बिठाना, ये सब जहां कानूनी तौर पर गलत है, वहीं उनके लिए जान जोखिम में डालने जैसा भी है। वैसे भी अब हिमाचल जैसा सुरक्षित



पर्वतीय प्रदेश भी प्रकृति की मार झेल रहा है। हिमाचल की ही भांति देश के अन्य पर्वतीय प्रदेश जैसे जम्मू-कश्मीर और उत्तरांचल भी प्रकृति की विनाश लीला से रू-ब-रू हो रहे हैं। उत्तराखंड जो अभी केदारनाथ में हुई त्रासदी भी नहीं भूला था, उसे अभी हाल ही में उत्तरकाशी में बादल फटने से पुन: मुश्किल दौर से गुजरना पड़ा है। पर्वतीय प्रदेशों में जहां प्रदेश वासी ही सुरक्षित नहीं रहे, तो वे मेहमानों की सुरक्षा किस प्रकार करेंगे? हालांकि प्रकृति अपनी विनाश लीला चारों ओर दिखा रही है। केवल प्रदेश या देश ही नहीं, संपूर्ण विश्व इसकी चपेट में आ रहा है।

चीन, रूस, अमेरिका जैसे देश भी बाढ़, भूकंप व सुनामी की लहरों से प्रभावित हो रहे हैं, परंतु विश्व की शक्तियां कहे जाने वाले ऐसे देश शीघ्र ही अपनी क्षतिपूर्ति भी कर लेते हैं। किसी व्यक्ति की जीवन लीला समाप्त हो जाए, तो वह क्षतिपूर्ति तो नहीं की जा सकती, परंतु सुविधाओं और साधनों के मामले में यह संभव हो सकता है। हमारी सरकारें अपना राहत कार्य बखूबी कर रही हैं, परंतु प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियां इसमें आड़े आ जाती हैं। ऐसे मुश्किल समय में हमें एक दूसरे के साथ सहयोग करना चाहिए। जहां लोगों के घर नष्ट हो गए हैं, उन्हें जान-माल का भारी नुकसान हुआ है, वहीं उन्हें राहत सामग्री पहुंचाने के लिए केवल सरकार या समाज-सेवी संस्थाओं की राह ताकना मात्र पर्याप्त नहीं है, बल्कि जितना संभव हो सके, हमें भी अपना सहायता का हाथ आगे बढ़ाना चाहिए। अच्छी बात यह है कि कई पंचायतों में लोग ऐसा कर भी रहे हैं।

प्रदेश में परिवहन को सुविधाजनक बनाने हेतु सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों एवं महामार्गों का निर्माण भी किया है। बावजूद इसके लोग परिवहन नियमों का पालन अगर न करें तो इसमें दोष किसका है, यह जग जाहिर है। यह भी सत्य है कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ तो हुई है, परंतु कुछ पाने के लिए कुछ खोना भी पड़ता है। ट्रैफिक जाम और बढ़ रही गाड़ियों की बिक्री को देखते हुए वर्तमान समय में फोरलेन की आवश्यकता पड़ चुकी है और इसके लिए यह सब करना आवश्यक हो गया है। यहां तक कि हमारी वंशावली (जेनरेशन) ने उन पर्वतों को भी सड़कों के विस्तार के लिए टूटते हुए देखा है, जिन पर चढ़ाई करना स्वप्न मात्र महसूस होता था। ऐसे में प्रकृति के साथ की गई छेड़छाड़ का खामियाजा हमें भुगतना ही पड़ेगा, परंतु इस सबसे सबक लेकर यदि मनुष्य सुधर जाए तो सब कुछ ठीक हो सकता है। जो कार्य उसके हाथ में है, उसे तो वह सही ढंग से कर ही सकता है। फिर चाहे पर्यटकों द्वारा प्रदेश को स्वच्छ रखने की बात हो या परिवहन नियमों का पालन करने की बात हो। इस सब में अपना योगदान देने के लिए किसी प्रकार के अतिरिक्त श्रम की भी आवश्यकता नहीं है और न ही इसके लिए किसी प्रकार का धन व्यय करना पड़ेगा। ऐसे में जो कार्य इतना सहज होने पर भी यदि मनुष्य उसे न करे तो वह मूर्ख ही कहलाएगा। हिमाचल सदियों से देवभूमि रहा है और इसे देवभूमि के रूप में सुरक्षित रखने हेतु हमें मिलकर अपना योगदान देना होगा। इसकी हरियाली, स्वच्छता, शीतलता, सौंदर्य आदि को कायम रखना होगा। अत: इस विश्व को समृद्ध करने के लिए पहले हमें अपने देश को समृद्ध करना होगा और अपने देश को समृद्ध करने के लिए पहले अपने प्रदेश की समृद्धि को बढ़ाना होगा। तभी इस धरती पर पुन: स्वर्ग की स्थापना हो पाएगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# हिमालय की पुकार : जब अदालतों को देनी पड़ी चेतावनी

देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हिमाचल प्रदेश को लेकर हाल ही में व्यक्त की गई गहन चिंता कोई साधारण कानूनी टिप्पणी नहीं, बल्कि एक प्रतिध्वनित होती चेतावनी है, ऐसा न्यायिक संकेत जिसे अनसुना करना हमारे लिए आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। जब न्यायमूर्तियों की पीठ कहती है कि 'यदि हालात नहीं बदले, तो हिमाचल हवा में गायब हो सकता है' तो यह केवल एक संकेत नहीं, बल्कि निकट भविष्य की एक वास्तविक त्रासदी का पूर्वाभास है।

हिमालय की गोद में बसे इस देवभूमि प्रदेश में अब विकास की अंधी दौड़ अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रही है। फोरलेन सड़कों, जलविद्युत परियोजनाओं और बेलगाम निर्माण कार्यों ने पारिस्थितिक संतुलन की रीढ़ को झकझोर दिया है। विडंबना देखिए कि जो राज्य कभी अपनी हरित आभा और नैसर्गिक संतुलन के लिए जाना जाता था, वह आज भूस्खलनों, बाढ़, सड़क धंसाव और बेमौसमी बारिश की त्रासदियों का स्थायी शिकार बन चुका है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी महज भौतिक नुकसान की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की आलोचना है जिसमें राजस्व को पर्यावरण से ऊपर रखा गया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि पर्यटन के नाम पर हो रही अंधाधुंध खुदाई, विस्फोटकों का बेहिसाब उपयोग और पहाड़ियों की अवैज्ञानिक कटाई किसी प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि मानव-जनित विनाश का निमंत्रण है। विगत कुछ वर्षों की घटनाएं इन शब्दों को प्रमाणित करती हैं।



हितेंद्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला

मानसून की कुछ ही बारिशों में राष्ट्रीय राजमार्ग ध्वस्त हो जाते हैं, गांवों के गांव कट जाते हैं, अनेक जानें जाती हैं। क्या यह सब किसी दैवीय प्रकोप का परिणाम है या फिर हमारे नियोजन और नियत की विफलता? यह सही है कि सरकार द्वारा तारा देवी पहाड़ी को 'नो कंस्ट्रक्शन जोन' घोषित करना एक साहसिक पहल रही है, जिसे न्यायालय ने भी सराहा है। परंतु प्रश्न यह है क्या एक पहाड़ी को सुरक्षित घोषित कर देना पर्याप्त है, जबकि संपूर्ण हिमालय क्षेत्र खतरे की अंतिम सीमा रेखा को पार कर चुका है? आज पर्यावरण-संवेदनशीलता कोई विकल्प नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व की अनिवार्यता बन चुकी है।



यदि हम विकास की गणनाओं में पारिस्थितिकी को महज आंकड़ों की तरह तोलते रहेंगे, तो आने वाले वर्षों में न तो पर्वत बचेंगे, न पर्वतीय जीवन। सुप्रीम कोर्ट ने बिलकुल सही कहा हिमाचल की आपदाएं प्राकृतिक नहीं, बल्कि हमारी नीतियों की उपज हैं। हमें यह स्वीकारना होगा कि जिस सौंदर्य ने हिमाचल को पर्यटन की राजधानी बनाया, वही सौंदर्य आज चीखता हुआ प्रतीत होता है। विकास की दौड़ में हमने उस संतुलन को तोड़ डाला है जो सदियों से पहाड़ों की आत्मा में रचा-बसा था।

अब समय बहुत कम बचा है। यह केवल अदालत की चेतावनी नहीं, यह स्वयं हिमालय की पुकार है और यदि आज हमने इस पुकार को अनसुना कर दिया, तो कल सुनने के लिए न पर्वत बचेंगे, न हम। राज्य सरकार को चाहिए कि पर्यावरण-संरक्षण को केवल औपचारिक दायित्व नहीं, बल्कि नीति निर्माण की पहली कसौटी बनाए। वृक्षारोपण, हरित क्षेत्रों की सुरक्षा, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और अवैज्ञानिक निर्माण पर कठोर प्रतिबंध ये सब अब महज घोषणाएं नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व के स्तंभ हैं। साथ ही, न्यायालयों द्वारा दिए गए निर्देशों को महज कानूनी आदेश नहीं, बल्कि नैतिक दायित्व समझना चाहिए। हिमाचल को बचाना अब किसी एक सरकार या संस्था का कार्य नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की साझी जिम्मेदारी है। वरना वह दिन दूर नहीं जब हिमालय की बर्फीली चुप्पी हमारे गुनाहों की मौन और अटल गवाही बन जाएगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जिला स्तरीय आट्या-पाट्या ट्रायल में खिलाड़ियों का दमखम

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम चयन**

आट्या-पाट्या एसोसिएशन जिला मंडी की ओर से रविवार स्थोट में जिला स्तरीय ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में जिला भर से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

ट्रायल के बाद चयन समिति ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया। चयन समिति में कंचन देव (एकता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय), कोच दूनी चंद, संतोष कुमार (पीईटी) और सतीश कुमार (मो. 060टी) मुख्य रूप से शामिल रहे। विशेष बात यह रही कि इस प्रतियोगिता में पूर्व के कुछ राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया, जिनमें शिवम, तमन्ना, कावेरी गोख, प्रत्युष और योगेंद्र सिंह रगोर प्रमुख रहे। खिलाड़ियों के उम्दा प्रदर्शन ने दर्शकों और आयोजकों को प्रभावित किया। चयनित खिलाड़ी अब आगामी राज्य स्तरीय आट्या-पाट्या प्रतियोगिता में जिला मंडी का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय खेल प्रेमियों और एसोसिएशन के पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अनियंत्रित होकर छत पर गिरी कार, युवक की मौत

## मंडी शहर के पड्डल गुरुद्वारा के पास पेश आया दर्दनाक हादसा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मंडी** शहर के पड्डल गुरुद्वारा के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 29 वर्षीय युवक सुजन सैनी की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, मंडी बस स्टैंड से भ्यूली की ओर जा रही क्रेटा कार (नंबर एचपी-33एफ-7771) मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए नीचे लुढ़क गई और स्थानीय निवासी जितेंद्र सिंह के घर की छत पर जा गिरी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक की पहचान सुजन सैनी (29) निवासी मंडी के रूप में हुई है।

### पुलिस जांच शुरू, लोगों ने उठाई सुरक्षा की मांग

**पुलिस** ने वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मंडी-कुल्लू हाईवे और पड्डल क्षेत्र में सड़क किनारे मजबूत सुरक्षा रेलिंग और अन्य सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

**मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर रेलिंग को तोड़ते हुए लुढ़की थी कार**

# आपदा में सहानुभूति की मिसाल : ग्राम रोजगार सेवक की पत्नी को दी 1.56 लाख की सहायता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



**ग्रामीण** विकास एवं पंचायतीराज विभाग मंडी के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा एकत्रित 1.56 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक जिला विकास अधिकारी ग्रामीण गोपी चंद पाठक ने ग्राम रोजगार सेवक स्वर्गीय जीत राम की पत्नी शारदा देवी को प्रदान किया।

गौरतलब है कि विकास खंड करसोग में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवक की आकस्मिक मृत्यु 30 जून को आई भीषण आपदा में बह जाने से हुई थी। स्वर्गीय जीत राम की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उपायुक्त ने उनके परिवार को आर्थिक सहयोग देने का आग्रह किया था। इस पर जिले के सभी खंड विकास कार्यालयों तथा पंचायती राज विभाग मंडी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वेच्छा से यह राशि एकत्रित की। इसमें स्वयं उपायुक्त और अतिरिक्त उपायुक्त का भी योगदान शामिल रहा इससे पहले, खंड विकास कार्यालय करसोग के स्टाफ ने अपनी ओर से 1.07 लाख रुपए की सहायता राशि पीड़ित परिवार को भेंट की थी। इसके अतिरिक्त सरकार की ओर से मिलने वाली 4 लाख रुपए की अनुग्रह राशि भी मृतक के परिजनों को दी जा चुकी है। गोपी चंद पाठक ने बताया कि ग्राम रोजगार सेवक मनरेगा योजना के अंतर्गत अस्थायी कर्मचारी होते हैं और आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में इनके परिवार को किसी प्रकार का लाभ देने की कोई योजना नहीं है। ऐसे में उपायुक्त के आह्वान पर यह सहयोग राशि स्वर्गीय जीत राम की विधवा को सौंपी गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस परिवार की आगे भी हर संभव मदद की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मंडी में 11 से 14 तक येलो व ऑरेंज अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मौसम विभाग ने मंडी जिला के लिए 11 से 14 अगस्त की सुबह तक येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 11 अगस्त को यलो अलर्ट, 12 और 14 अगस्त को ऑरेंज अलर्ट, जबकि 13 अगस्त को यलो अलर्ट रहेगा। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि प्रशासन की सभी टीमें अलर्ट मोड पर हैं और आपदा की स्थिति में त्वरित राहत-बचाव कार्य के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि खराब मौसम में अनावश्यक बाहर न निकलें, नदी-नालों के पास जाने से बचें और प्रशासनिक सलाह का पालन करें।

### महादेव में गुग्गा जाहरपीर ने दिए दर्शन

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** गांव महादेव से संबंधित प्राचीन गुग्गा जाहरपीर की धार्मिक स्थली महादेव से पधारे गुग्गा जाहरपीर ने रविवार को भी घर गांव में दर्शन दिए। गुग्गा जाहरपीर जिन्हें गुग्गा राणा भी कहा जाता है गांव-कस्बों में रक्षाबंधन के रोज से दर्शन दे रहे हैं। सेवकों की टोली गुग्गा की छड़ी को घर- घर ले जा रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालु लोग स्वयं को धन्य समझ नतमस्तक हो रहे हैं। क्योंकि साल में एक बार यानि भादो माह में गुग्गा नवमी तक ही गुग्गा महाराज सार्वजनिक रुप से दर्शन देते हैं और गुग्गा की भारथा (महिमा गान) भक्ति भाव से गाई जाती है जो सुनते ही बनती है।

### कोटली में गुग्गा जाहरपीर का गायन शुरू



**प्रशांत मोहन, अनंत ज्ञान, कोटली।** उपमंडल मुख्यालय एवं आसपास के गांवों में रक्षाबंधन के त्योहार से गुग्गा जाहरपीर के गायन की शुरुआत हो गई है। यह सिलसिला आगामी 16 अगस्त को मनाया जाने वाले जन्माष्टमी के त्यौहार तक लगातार जारी रहेगा। क्षेत्र में इन्हीं दिनों गुग्गा गान की यह परम्परा पिछली कई सदियों से चली आ रही है जिसमें टोलियां बनाकर क्षेत्र के गांव-गांव के हर घर में जाकर गुग्गा जाहरपीर के गुणगान से संबंधित लोकगीत गाए जाते हैं जो कि न केवल सुनने में बहुत मधुर लगते हैं बल्कि सच्ची कहानियों एवं घटनाओं पर आधारित यह गीत सुनने वालों को भाव विभोर कर देते हैं। यह सिलसिला रक्षाबंधन से शुरू होकर जन्माष्टमी के त्योहार पर जाकर समाप्त होता है। कोटली के अरन्याणा गांव के निवासी सेवक राम उर्फ राजू सहित राम सिंह, राकेश, शेर सिंह, धारी राम, पूरन चंद की टोली ने आज अपने गांव से शुरुआत करके घर-घर जाकर कोटली व आसपास के क्षेत्र में गूग्गा जाहर पीर की महिमा का गायन सुनाया। सेवक राम ने बताया कि वे जन्माष्टमी तक लगातार क्षेत्र की तकरीबन सभी पंचायतों का भ्रमण करते हुए घर-घर जाकर यह गायन सुनाएंगे।

### कर्म पर ध्यान दें, फल की चिंता न करें: रामायणी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सनातन धर्म सभा मंदिर जोगिंद्रनगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास राम मोहनदास रामायणी ने श्रोताओं को कर्म योग का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को फल की इच्छा छोड़कर अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि कलयुग में जैसा कर्म करेंगे, वैसा ही फल मिलेगा।भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच हुए संवाद का वर्णन करते हुए रामायणी ने बताया कि आत्मा शाश्वत है और शरीर मात्र एक वस्त्र है, जिसे समय-समय पर बदला जाता है। जैसे मनुष्य पुराने कपड़े त्यागकर नए पहनता है, वैसे ही आत्मा शरीर बदलती है। आत्मा न कभी जन्म लेती है, न कभी मरती है, इसलिए शरीर के नाश से दुखी नहीं होना चाहिए। कर्म योग का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि कृष्ण ने अर्जुन को सिखाया कि फल की चिंता किए बिना अपने कर्तव्य का पालन करना ही सच्चा धर्म है। शरीर अस्थायी है, पर आत्मा अमर है, इसलिए क्षत्रिय धर्म का पालन कर संसार के कल्याण में योगदान देना चाहिए।


### परमात्मा सभी की प्रार्थना करता पूर्ण: शास्त्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** आर्य समाज की स्थापना के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आर्य समाज मंदिर मंडी में आयोजित श्रावणर पर्व, वेद सप्ताह का समापन, रविवार को हवन-पूर्णाहुति और यजमानों को आशीर्वाद के साथ संपन्न हो गया। छह अगस्त से शुरू हुए इस श्रावणी महोत्सव में आर्यजगत के प्रख्यात विद्वान आचार्य रणवीर शास्त्री सहारनपुर ने प्रतिदिन सुबह-शाम वेद ज्ञान गंगा प्रवाहित की। वहीं पर करनाल से युवा भजनोपदेशक कुलदीप भास्कर ने अपने भजनों की मधुर स्वर-लहरियों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। रविवार को श्रावणी महोत्सव के समापन अवसर पर चतुर्वेद शतकम यज्ञ हवन-पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्य रणवीर शास्त्री ने कहा कि परमात्मा सभी की प्रार्थना पूर्ण करता है। उन्होंने कहा कि प्रार्थना न तो मांगना है और न ही याचना है। प्रार्थना का अर्थ ऐसी इच्छा है जिसे पूरा करने के लिए मनुष्य भरसक प्रयास करता है।

## शीतला सेवक समाज की वार्षिक सभा संपन्न

# वीरेंद्र भट्ट चौथी बार बने प्रधान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



**शीतला** सेवक समाज की दो वार्षिक सभा का आयोजन रविवार को विधिवत रूप से किया गया। इस दौरान कार्यकारिणी द्वारा पिछले दो वर्षों (2023-2025) के कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसमें समाजहित में किए गए विभिन्न कार्यों, सेवा गतिविधियों व उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा सदस्यों के समक्ष रखा गया। साथ ही यह भी बताया गया कि आने वाले दो वर्षों में समाज को संगठित व सशक्त बनाने के लिए किन-किन योजनाओं पर कार्य किया जाएगा। सभा के उपरांत चुनाव प्रक्रिया आरंभ की गई, जिसके लिए रामपाल शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से वीरेंद्र भट्ट शर्मा को पुनः शीतला सेवक समाज का प्रधान चुना गया। उनके साथ मीनाक्षी शर्मा को उपप्रधान, विवेक मुदगिल को सचिव, सरिता अंडा को सह सचिव, रूपेन्द्र मोदगिल को कोषाध्यक्ष तथा योगराज शर्मा को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2025 से 2027 तक समाज की सेवा में कार्यरत रहेगी।

उल्लेखनीय है कि वीरेंद्र भट्ट शर्मा को चौथी बार समाज के प्रधान पद पर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जिससे समाज के सदस्यों में उत्साह व विश्वास की भावना देखने को मिली। सभा के समापन पर सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

# विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान, शादी को एक साल भी नहीं हुआ पूरा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिहड़-बेढलू के करसाल गांव में 20 वर्षीय विवाहिता द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शिवानी पत्नी नवीन कुमार ने घर में रस्सी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि जब वह सुबह नहीं उठी तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। नवीन कुमार शिमला में होटल में कार्यरत हैं, जबकि विवाह को मात्र एक वर्ष ही हुआ था। परिजनों ने शाम करीब चार बजे इसकी सूचना स्थानीय पंचायत प्रधान और पुलिस चौकी लडभड़ोल को दी। सूचना मिलने पर प्रधान और पुलिस मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो विवाहिता फंदे से झूल रही थी। पुलिस चौकी लडभड़ोल के प्रभारी रमेश चंद अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कारगिल वार हीरो ने टकोली टोल प्लाजा को बंद करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**एनएच-21 की खस्ता हालत पर ब्रिगेडियर ठाकुर का गडकरी को पत्र**

**कारगिल** वार हीरो ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर, वाईएसएम सेवानिवृत्त ने एनएच-21 की खस्ताहालत को देखते हुए इस पर टकोली टोल प्लाजा को अस्थाई रूप से बंद करने की मांग की है। इस बारे उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख है जिसमें उन्होंने कहा कि मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग-21 लगातार भूस्खलन, अचानक आई बाढ़ और घंटों लंबे जाम की स्थिति से जूझ रहा है।

यह मार्ग पिछले एक महीने से अधिक समय से असुरक्षित है, जिससे यात्रियों, किसानों, व्यापारियों और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाखों रुपए का फल-सब्जी एवं अन्य माल सड़ रहा है या फेंकना पड़ रहा है, वाहन खराब हो रहे हैं और आर्थिक नुकसान असहनीय स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे संकट में टकोली टोल प्लाजा पर टोल वसूली जारी रखना न केवल नैतिक रूप से अनुचित है, बल्कि कानूनी दृष्टि से भी प्रश्नों के घेरे में है, जब सड़क ही सुरक्षित और सुगम नहीं है। इससे लोगों में गहरा असंतोष है। अतः आपसे आग्रह है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 34 के अंतर्गत, उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मंडी को प्रदत्त विशेष शक्तियों का प्रयोग कर, टकोली टोल प्लाजा पर टोल वसूली कम से कम एक माह के लिए या एनएच-21 की स्थिति सामान्य होने तक तत्काल प्रभाव से बंद कराई जाए। उन्होंने कहा कि अगस्त 2023 में भी ऐसी ही परिस्थिति में यह निर्णय लिया गया था, जिससे जनता को राहत मिली थी। उन्होंने मांग की है कि जनहित में त्वरित निर्णय लेकर प्रदेशवासियों को इस कठिन समय में राहत प्रदान की जाए।

# वेतन आयोग में सहस्त्र सेनाओं की भागीदारी की अनदेखी

## सैन्य पेंशन कटौती से बढ़ा असंतोष, 8वें वेतन आयोग में सैन्य प्रतिनिधि शामिल करने की मांग

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** पूरे भारतवर्ष में हर दस वर्षों के पश्चात 'केंद्रीय वेतन आयोग' का गठन किया जाता है, जो केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन, सेवानिवृत्ति लाभ और सेवा शर्तों पर सिफारिशें करता है। अब तक सात केंद्रीय वेतन आयोग गठित हो चुके हैं और इसी वर्ष जनवरी में आठवें वेतन आयोग को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल चुकी है, जिसे 1 जनवरी 2026 से लागू किया जाएगा। इसमें सहस्त्र सेनाओं सेना, नौसेना और वायुसेना को भी शामिल किया गया है।

संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स-सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा, कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान और मुख्य सलाहकार नायक सूबेदार अमृतलाल ने जारी बयान में कहा कि स्वतंत्रता के बाद बने पहले वेतन आयोग (1946) में सहस्त्र सेनाओं के मुद्दों पर विचार के लिए अलग समिति बनाई गई थी। दूसरे वेतन आयोग के बाद 1960 में रघुरमैया कमेटी में भी सैन्य प्रतिनिधि थे।

लेकिन 1973 में तीसरे वेतन आयोग के दौरान सरकार ने एकतरफा निर्णय लेकर सैन्य पेंशन 70 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दी, जबकि केंद्रीय कर्मचारियों की पेंशन 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी गई। इस असमानता पर न कभी आयोग में विचार हुआ, न किसी सिफारिश के तहत निर्णय लिया गया। इसके बाद 'वन रैंक वन पेंशन' की मांग भी तेज हुई।

कैप्टन वर्मा ने कहा कि उनका संगठन केंद्र सरकार और रक्षा मंत्रालय से मांग कर रहा है कि संसद, संविधान के अनुच्छेद 33 के तहत प्रावधान कर आठवें वेतन आयोग में सैन्य प्रतिनिधियों को शामिल करे, ताकि वेतन, पेंशन और सेवा लाभों पर सही ढंग से विचार हो सके और न्याय मिल सके।

### टाइम-स्केल प्रमोशन से सैन्यकर्मी वंचित

**सातवें** वेतन आयोग में रक्षा मंत्रालय के सिविल कर्मचारी, पुलिस और अन्य विभागों को टाइम-स्केल प्रमोशन का लाभ मिला, लेकिन सैन्यकर्मियों को इससे वंचित रखा गया। 2016 में 18 पूर्व सेनाप्रमुखों, जिनमें जनरल वेद प्रकाश मलिक और एडमिरल वेद प्रकाश भी शामिल थे, ने सरकार को पत्र लिखकर आपत्ति जताई। इसके बावजूद मामूली बदलाव के साथ सिफारिशें लागू कर दी गईं, जिससे और विसंगतियां पैदा हुईं।

### क्यों जरूरी है वेतन आयोग में सैन्य प्रतिनिधित्व

**अब** तक बने वेतन आयोगों में योग्य और अनुभवी लोग रहे हैं, लेकिन सैन्य सेवा की विशिष्ट परिस्थितियों – बार-बार तैनाती, कठिन और खतरनाक इलाकों में ड्यूटी, 24 घंटे का कार्य समय – से आयोग अनभिज्ञ रहा है। इसके विपरीत, अन्य केंद्रीय कर्मचारी प्रतिदिन केवल 8 घंटे काम करते हैं। ऐसे में सैन्यकर्मियों के कई मुद्दे अनदेखे रह जाते हैं।

# सरकाघाट में राज्य स्तरीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज



अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**तहसील** सरकाघाट के चंदेश स्थित बैडमिंटन ग्राउंड में रविवार को छठी सीनियर और पहली सब जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक हेमराज ने उद्घाटन करते हुए खेलों के शारीरिक व मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला। हिमाचल प्रदेश बाल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष बीएल गोयल और सचिव केसी ठाकुर ने मुख्य अतिथि का शॉल व टोपी पहनाकर सम्मान किया।

पहले दिन मंडी ने हमीरपुर को 35-19 और 35-20 से, जबकि कांगड़ा ने कुल्लू को 35-21 और 35-27 से मात दी। दोपहर की बारिश से कुछ मैच स्थगित हुए, लेकिन खिलाड़ियों और दर्शकों का जोश बरकरार रहा। आयोजकों ने मौसम अनुकूल होते ही शेष मैच करवाने का आश्वासन दिया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा का माहौल बना हुआ है।

# मानवता की मिसाल बना रुद्राक्ष, आपदा पीड़िता कृष्णा देवी को दी आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



राहत राशि प्रदान करते हुए रुद्राक्ष।

**पैलेस** कॉलोनी निवासी रुद्राक्ष ने इंसानियत की अनूठी मिसाल पेश करते हुए हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा में अपना सब कुछ गंवा चुकी कृष्णा देवी की सहायता के लिए सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने अपने रिश्तेदारों व जान-पहचान के लोगों के सहयोग से 15,202 रुपए एकत्रित किए और यह राशि चेक के रूप में कृष्णा देवी को सौंपी।

गौरतलब है कि हाल ही में मंडी के जेल रोड क्षेत्र में बादल फटने से आई आपदा में कृष्णा देवी ने अपने परिजनों को खो दिया था। इस संकट की घड़ी में रुद्राक्ष ने न केवल आर्थिक मदद दी, बल्कि भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जब कृष्णा देवी अपनी दुकान दोबारा शुरू करेंगी, तो वह कंफेक्शनरी सामान उपलब्ध करवाकर उनकी आजीविका पुनः शुरू करने में मदद करेंगे।

स्थानीय लोगों ने रुद्राक्ष के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सहयोग और सकारात्मकता को बढ़ावा देते हैं।

# नवोदय विद्यालय पंडोह में छात्रावास अधीक्षक के पदों के लिए इंटरव्यू 19 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में सत्र 2025-26 के लिए एक महिला एवं एक पुरुष छात्रावास अधीक्षक के अनुबंध आधारित पदों को भरने हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन 19 अगस्त 2025 को विद्यालय परिसर में किया जाएगा। अनुबंध अवधि 10 माह की होगी और मानदेय 35,750 रुपये प्रति माह निर्धारित है।

प्रधानाचार्य एसडी शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए और 1 मई 2025 को आयु 35 से 62 वर्ष के बीच होनी चाहिए। मान्यता प्राप्त आवासीय विद्यालय में 7वें वेतन आयोग के स्तर-5 या उससे ऊपर के वेतनमान में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव आवश्यक है, या 29,200 रुपये मासिक वेतन पर न्यूनतम 7 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। पूर्व रक्षा कर्मियों के लिए भी न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है, जबकि पूर्व में नवोदय में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए यह अवधि 3 वर्ष कर दी गई है। साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को सभी मूल दस्तावेज, उनकी स्व-प्रमाणित प्रतियां और दो पासपोर्ट आकार की तस्वीरों के साथ सुबह 9 से 10:30 बजे के बीच उपस्थित होना होगा।

# पेंशनरों ने सरकार से जताई नराजगी



अभिषेक, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर (चौंतड़ा) खंड की मासिक बैठक मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर में संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत में संघ के सक्रिय सदस्य चुनी लाल शर्मा तथा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य गोपाल चंद शर्मा की माता गौरी देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में पेंशनरों ने व्यक्तिगत समस्याओं और मांगों पर चर्चा करते हुए 70 वर्ष से कम आयु वाले पेंशनरों को वेतन संशोधन की बकाया राशि न मिलने पर नाराजगी जताई और इसे अविलंब देने की मांग की। भारी वर्षा से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति और जोगिंद्रनगर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी पर भी चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि इलाज के लिए पेंशनरों को दूर जाना पड़ता है, जिससे कई बुजुर्गों की रास्ते में ही मौत हो चुकी है।

### चिकित्सा बिलों के भुगतान में देरी से पेंशनरों में बढ़ रहा रोष

**जिला** मुख्य सलाहकार सुभाष ठाकुर, खंड मुख्य सलाहकार शरद सिंह ठाकुर और राजमल ठाकुर ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार पेंशनरों के चिकित्सा बिलों का समय पर भुगतान नहीं कर रही, जिससे असंतोष बढ़ रहा है। प्रधान नेक राम शास्त्री ने विश्वास जताया कि सरकार क्रमशः पेंशनरों की मांगों का समाधान करेगी। बैठक में महासचिव रमेश पठानिया सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# नारला-विजनी फोरलेन दलदल में तब्दील, लोगों की जिंदगी पर खतरा

कविता, अनंत ज्ञान

**पधर।** नारला से विजनी तक निर्माणाधीन फोरलेन सड़क विकास की बजाय विनाश का प्रतीक बन चुकी है। लगातार बारिश और ठेकेदार कंपनी की लापरवाही से सड़क जगह-जगह दलदल में बदल गई है। हालात इतने खराब हैं कि कार, बस, ट्रक और एंबुलेंस तक कीचड़ में फंस रही हैं। मरीजों और यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि दोपहिया चालकों के लिए यह मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है।



पूर्व जिला महामंत्री संजय ठाकुर ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में लापरवाही के कारण कई घर खतरे में हैं, कृषि भूमि नष्ट हो गई है और खेत नालों में बदल गए हैं। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास व रोजगार की जिम्मेदारी सरकार और कंपनी की थी, लेकिन स्थानीय लोगों को नजरअंदाज कर बाहरी मजदूर लगाए गए, जिससे गुणवत्ता पर असर पड़ा है।

### ग्रामीणों में रोष, ठोस कदम उठाने की मांग

**ग्रामीणों** ने बताया कि लापरवाही से उनकी जमीनें, घासनी, गौशालाएं, मार्ग, पेयजल पाइपलाइन और पानी के स्रोत नष्ट हो गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि हालात न सुधरे तो आंदोलन करेंगे। प्रदेश सरकार से नारला-विजनी फोरलेन की स्थिति सुधारने की तुरंत मांग की गई है।

**सहायता** मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना से अनाथ व बेसहारा बच्चों के जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

# मंडी जिला के 24 लाभार्थियों को मिला विवाह अनुदान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मुख्यमंत्री** सुख-आश्रय योजना समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की दिशा में प्रदेश सरकार की संवेदनशील सोच को मूर्तरूप प्रदान कर रही है। यह योजना कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना को साकार करने में अहम भूमिका निभा रही है और बेसहारा एवं अनाथ बच्चों व वयस्कों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। शून्य से 27 वर्ष आयु के सभी पात्र लाभार्थियों के पालन-पोषण, शिक्षा-दीक्षा से लेकर उनकी घर-गृहस्थी तक संवारने का प्रावधान इस योजना में शामिल है।

जिला मंडी में योजना के तहत 24 पात्र लाभार्थियों को विवाह अनुदान सहायता प्रदान की गई है। सरकार का यह प्रयास अनाथ और बेसहारा युवक-युवतियों के विवाह जैसे महत्वपूर्ण अवसर को गरिमा और खुशी के साथ मनाने में उन्हें सक्षम बनाना है। योजना के तहत प्रत्येक पात्र को दो लाख रुपये की सहायता दी जाती है, जिसमें से 70 प्रतिशत राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में और शेष 30 प्रतिशत पांच वर्ष के लिए सावधि जमा के रूप में दी जाती है।



### पात्रों को समय पर दिए जा रहे लाभ: उपायुक्त

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है और पात्र लाभार्थियों को विवाह अनुदान सहित अन्य लाभ समयबद्ध उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

पधर उपमंडल की ग्वाली पंचायत के पुंदल गांव निवासी नवीन कुमार ने बताया कि माता-पिता के निधन के बाद वह जीवन में अकेलापन महसूस कर रहे थे। सुख-आश्रय योजना के तहत उन्हें न केवल आर्थिक मदद मिली, बल्कि राज्य सरकार का संबल भी मिला। विवाह के अवसर पर मिली अनुदान राशि को उन्होंने सरकार के आशीर्वाद के रूप में बताया और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विशेष आभार व्यक्त किया।

इसी तरह करसोग उपमंडल के भनेरा गांव की पूनम शर्मा भी योजना की लाभार्थी रही हैं। उन्हें 2 लाख रुपये की सहायता मिली, जिससे उनके विवाह का सपना साकार हुआ। पूनम के चेहरे की मुस्कान और आत्मविश्वास इस योजना की सफलता का प्रमाण है। उनके अनुसार यह केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि भावनात्मक सहारा भी है, जिसने कठिन परिस्थितियों में आगे बढ़ने का हौसला दिया।

# श्रावणी उत्सव में धूमधाम से हुआ नवीन यज्ञोपवीत संस्कार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



श्रावणी उत्सव के दौरान नवीन यज्ञोपवीत धारण किए हुए वर्णाश्रमी।

**मंडी** के जेल रोड स्थित ब्राह्मण सभा भवन में श्रावणी उत्सव परंपरागत तरीके से बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अनेक लोगों ने विधिवत रूप से नवीन यज्ञोपवीत धारण किया और जीर्ण शीर्ण यज्ञोपवीत को श्रद्धापूर्वक प्रवाहित किया। श्रावणी उत्सव की शुरुआत में जनेऊधारियों को क्रमशः भाषण स्नान, गोमूत्र स्नान सहित पांच प्रकार के स्नान करवाए गए। इन सभी विधियों के पश्चात ही उन्हें नवीन यज्ञोपवीत धारण करवाया गया।

ब्राह्मण सभा मंडी के प्रधान हरीश शर्मा ने जानकारी दी कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी श्रावणी उत्सव पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ और अगले वर्ष इसे और भी बड़े स्तर पर मनाने की योजना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से सनातन परंपराओं का संरक्षण होता है और समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### पैसेंजर ट्रेन के बार-बार रद्द होने पर भेजी शिकायत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने ट्विटर के माध्यम से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और प्रधानमंत्री मंत्री कार्यालय को शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रेलवे द्वारा लगातार ऊना जिले के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने लिखा कि पिछले दो दिनों से रायपुर हरियाणा जंक्शन और अंब अंदौरा के बीच चलने वाली 64563/64564 रेलगाड़ी के लेटलतीफी के चलते अंबाला मंडल इसे पंजाब के नंगल डैम स्टेशन तक ही सीमित कर देता है और आगे नंगल डैम और अंब अंदौरा के बीच इसे रद्द कर दिया जाता है, ऐसा पिछले कई महीनों से होता आया है। ऐसे में क्षेत्रवासियों को मजबूरन अन्य साधनों से यात्रा करनी पड़ती है जिससे उन्हें परेशानी भी झेलनी पड़ती है। ये रेलगाड़ी प्रतिदिन दोपहर तीन बजे अंब अंदौरा से चंडीगढ़, अंबाला-कुरुक्षेत्र-टोहाना के रास्ते देर रात हरियाणा के हिसार जिले में स्थित रायपुर हरियाणा जंक्शन पहुंचती है। वहीं, इस रेलगाड़ी के बाद अगली रेलगाड़ी अंब अंदौरा से अंबाला छावनी के बीच रात साढ़े नौ बजे हिमाचल एक्सप्रेस रवाना होती है, ऐसे में यात्रियों को मजबूरन बसों में महंगा सफर करना पड़ता है। रेलवे इस मामले में ध्यान देकर इसका समाधान करें।

### सुगम दर्शन प्रणाली बनी आय का बड़ा स्रोत

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** धार्मिक शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में सावन अष्टमी मेला शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान लाखों श्रद्धालुओं ने मां चिंतपूर्णी की पावन पिंडी के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने अपनी इच्छा और श्रद्धा अनुसार मां के खजाने में दान स्वरूप लाखों रुपए समर्पित किए। इन 10 दिनों में श्रद्धालुओं द्वारा लगभग 1 करोड़ 66 लाख से अधिक नकद चढ़ावा मंदिर न्यास को प्राप्त हुआ है। इसके अलावा, मंदिर न्यास द्वारा संचालित सुगम दर्शन प्रणाली के तहत लगभग 56 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं। सुगम दर्शन प्रणाली लेवल 2 और लेवल 3 तथा ऑनलाइन प्रक्रिया को अपनाते हुए श्रद्धालुओं से 56 लाख रुपए की धनराशि मंदिर न्यास को प्राप्त हुई है। यह प्रणाली मंदिर न्यास के लिए अब तक का सबसे बड़ा अतिरिक्त आय का स्रोत बन गई है। इस प्रणाली से श्रद्धालुओं को लिफ्ट मार्ग से सुगम दर्शन प्राप्त होते हैं।

**सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च :** श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया गया चढ़ावा मंदिर न्यास विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों में खर्च करता है। मंदिर न्यास द्वारा अनेक सामाजिक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं और गरीब परिवारों के उत्थान के लिए इस धनराशि को खर्च किया जाता है।

### राजीव गांधी वन संवर्धन योजना से पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण रोजगार को मिलेगा बढ़ावा : उपमुख्यमंत्री

# वन महोत्सव पर मुकेश ने दी पर्यावरणीय जागरूकता की सौगात

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



हरोली में जलशक्ति विभाग के निर्माणाधीन विश्रामगृह के परिसर में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री लोगों को पौधे वितरित करते हुए।

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और वन प्रबंधन में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, राजीव गांधी वन संवर्धन योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य पंजीकृत सामुदायिक संगठनों को वनीकरण गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। योजना के तहत बंजर भूमि पर फलदार पेड़ लगाए जाएंगे, जिससे पर्यावरण को संवारने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने क्षेत्र के सभी महिला मंडलों से इस योजना से जुड़ने का आह्वान किया।

वह रविवार को ऊना जिले के हरोली में जलशक्ति विभाग के निर्माणाधीन विश्रामगृह के परिसर में आयोजित 76वें वन महोत्सव के अवसर पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने परिसर में अर्जुन का पौधा लगाया। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत समूहों को 1 से 5 हेक्टेयर बंजर वन भूमि पर फलदार वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। ये समूह पांच वर्षों तक पौधरोपण के रखरखाव के लिए भी जिम्मेदार होंगे। प्रति हेक्टेयर पौधरोपण पर प्रत्येक समूह को 1.20 लाख रुपए तक की सहायता दी जाएगी, जबकि एक हेक्टेयर से कम भूमि होने पर सहायता राशि अनुपातिक होगी। पौधों की जीवित रहने की दर के आधार पर समूह को प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। पौधों के 50 प्रतिशत से अधिक सर्वाइवल पर अतिरिक्त 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती आएगी।

वन विभाग ने पंडोगा में इस योजना की शुरुआत की है। उपमुख्यमंत्री ने विभाग को अन्य पंचायतों में भी इसे गति देने को कहा। वहीं, उन्होंने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को विश्राम गृह के कार्य को 15 दिसंबर तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बड़े प्रजाति के पेड़ों को कटने से बचाने के लिए कटिबद्ध है। इसी दृष्टि से ऊना जिले में पहली बार आम, बरगद और पीपल के पेड़ों की गिनती करवाई गई है। वन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में 46,425 बड़े पेड़ हैं, जिनमें 40,827 आम, 3,538 पीपल और 2,060 बरगद के पेड़ शामिल हैं। इन सभी की जियो टैगिंग कर दी गई है, जिससे अवैध कटान रोकने में मदद मिलेगी। अग्निहोत्री ने कहा कि इस वर्ष ऊना जिले में 2.78 लाख पौधे रोपे जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में भौगोलिक रूप से वन क्षेत्र कम है। जिले में कुल वन भूमि केवल 21,000 हेक्टेयर है और हरोली में वन घनत्व अपेक्षाकृत सबसे कम है। इसे बढ़ाने के लिए वन विभाग को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र निर्णायक विकास के दौर से गुजर रहा है। बल्क ड्रग पार्क के विभिन्न कार्यों के लिए 900 करोड़ रुपए के टेंडर किए जा चुके हैं। इस परियोजना के माध्यम से भारत की एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स आपूर्ति में चीन पर निर्भरता समाप्त होगी और देश की औषधीय आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा। यह देश में स्थापित हो रही तीन राष्ट्रीय बल्क ड्रग पार्क परियोजनाओं में से एक है और इसके ऊना में स्थापित होने से हिमाचल को फार्मा सेक्टर में वैश्विक पहचान मिलेगी। परियोजना से भविष्य में लगभग 10,000 करोड़ रुपए के निवेश की संभावना है और 10,000 से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

अग्निहोत्री ने बताया कि डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय डिग्री कॉलेज हरोली को स्टेट-ऑफ-द-आर्ट संस्था के रूप में विकसित किया जा रहा है। वहीं, हरोली के रोड़ा में 10 करोड़ रुपए की लागत से सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा 13 करोड़ रुपए की लागत से हेलीपोर्ट का निर्माण, साथ ही ट्रांसपोर्ट पार्क और वाहन परीक्षण केंद्र भी विकसित किए जा रहे हैं। क्षेत्र में सैकड़ों करोड़ रुपए की लागत से सड़कों और पुलों के निर्माण कार्य तेज गति से जारी हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र के संस्थान के तौर पर हिमफैड बड़ी पहचान बना चुका है और अब यहां आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज स्थापित होने से यह पहचान और निखरेगी। उन्होंने कहा कि पंजावर के मियां हीरा सिंह ने सहकारी क्रांति की अलख जगाई थी। उनके नाम पर पंजावर में एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण किया जा रहा है। अग्निहोत्री ने विकास बाधकों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनका हरोली के विकास में रत्ती भर का योगदान नहीं है, वे चंद लोग नुक्ताचीनी करते घूम रहे हैं और विकास रोकने की साजिशों में लगे हैं। आलोचना करने वालों से विकास के इरादे विचलित नहीं होते।

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

**कार्यक्रम** में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, धर्म सिंह चौधरी, प्रमोद कुमार, जसपाल जस्सा, संदीप अग्निहोत्री, नगनोली के प्रधान महताब सिंह, बाथू की प्रधान सुरेखा राणा, कांगड़ की प्रधान नीलम कुमारी, हरोली की प्रधान रमन कुमारी, पूर्व सैनिक लीग के जिला प्रधान कैप्टन शक्तिचंद, हिमक्रेस्ट संस्था के अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह, हरोली यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष शुभम सहित विभिन्न विभागों अधिकारी तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## कुटलैहड़ भाजपा आज बंगाणा बाजार में निकालेगी तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा मंडल आज देशभक्ति और एकता का संदेश देते हुए बंगाणा बाजार में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन करने जा रहा है। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने बताया कि तिरंगा यात्रा से पहले भाजपा के मुख्य कार्यालय होटल कर्णराज, बंगाणा में कार्यकर्ताओं की एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में मुख्यतिथि बलराम बबलू और पूर्व विधायक भुट्टो भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ करना है तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है।

### गगरेट में झंडा अदायगी पर श्रद्धालुओं ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे

## रामलीला मंचन की हुई औपचारिक शुरुआत

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**पंजावर।** गगरेट का माहौल सुबह भक्ति, उल्लास और परंपरा के रंग में रंगा नजर आया, जब श्री रामलीला आयोजन कमेटी गगरेट और बाल गोपाल कमेटी ने पूरे श्रद्धाभाव और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ झंडा अदायगी की ऐतिहासिक रस्म निभाई। इसी के साथ गगरेट में इस वर्ष की भव्य रामलीला मंचन शृंखला का औपचारिक शुभारंभ हो गया।

सुबह 11 बजे रामलीला ग्राउंड (आर्मी ग्राउंड) से निकली ऐतिहासिक झंडा यात्रा ढोल-नगाड़ों की गूंज जय श्रीराम के नारों और लहराते धार्मिक ध्वजों के बीच आगे बढ़ी। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु और कमेटी सदस्य जब श्री हनुमान मंदिर बरोजा फैक्टरी पहुंचे तो पूरा मार्ग भक्ति रस में डूबा नजर आया। कमेटी के प्रमुख सदस्य हैप्पी, हर्ष जसवाल, पूर्व प्रधान नगर पंचायत सुरेंद्र तोतु, राकेश ठाकुर, पप्पी ठेकेदार, रिंकू जसवाल, संदीप लखनपाल, राजेश ठाकुर, राहुल,



गगरेट का माहौल सुबह भक्ति, उल्लास और परंपरा के रंग में रंगा नजर आया।

अतुल शर्मा, डॉ. जॉली, निशांत, प्रिंस मौला, विकास शैंटू, राहुल ठाकुर, सचिन, रिंकू, ऋषभ और विशाल ने बताया कि झंडा अदायगी सिर्फ आयोजन की शुरुआत नहीं, बल्कि गगरेट की सदियों पुरानी उस सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है जो पीढ़ियों को जोड़ती आई है।

इस वर्ष भी रामलीला मंचन आर्मी ग्राउंड गगरेट में होगा, जहां भव्य झांकियां, जीवंत पात्र और रामायण के अमर प्रसंग दर्शकों को आध्यात्मिक व सांस्कृतिक अनुभव कराएंगे। उधर, बाल गोपाल कमेटी ने राधे श्याम मंदिर में श्रद्धापूर्वक झंडा अदायगी कर अपने आगामी आयोजन की तैयारियां तेज कर दी हैं। कमेटी के प्रधान संजीव कुमार ममदू और सचिव विनोद कुमार बंटी ने कहा कि यह परंपरा गगरेट की पहचान है, जो समाज में एकता, आस्था और सांस्कृतिक चेतना का संदेश देती है।

## कुटलैहड़ भाजपा ने डेरा बाबा रुद्रानंद मंडल में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** आजादी का अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कुटलैहड़ भाजपा द्वारा डेरा बाबा रुद्रानंद मंडल में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्मी पैलेस नारी में मंडल स्तरीय बैठक से हुई, जिसमें भाजपा जिला प्रवक्ता विनय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने की। बैठक के बाद तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, स्थानीय निवासी और सामाजिक संगठनों के सदस्य मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए विनय कुमार ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने न केवल वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत की है, बल्कि देश के भीतर भी अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना



भाजपा की बैठक में पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो और उनके समर्थक।

और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने आम आदमी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए हैं। पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने तिरंगे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक झंडा नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की अस्मिता, एकता और बलिदान का प्रतीक है।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में आपदा से पीड़ित लोग आज भी सरकारी मदद की राह देख रहे हैं, जबकि भाजपा कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल भाषणों और प्रचार तक सीमित है, जबकि भाजपा जमीनी स्तर पर काम करती है। कार्यक्रम के दौरान कुटलैहड़ क्षेत्र के लगभग अढ़ाई दर्जन युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने भुट्टो के विकास कार्यों और जनसेवा से प्रेरणा लेकर भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें संगठन की नीतियों और विचारधारा से अवगत करवाया। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, जिला उपाध्यक्ष बलराम बबलू, महिला मोर्चा की नेत्रियों संतोष सैनी और सुषमा ठाकुर, उपप्रधान जीवन शर्मा, राजकुमार वर्मा, अभय सिंह राणा और सुदर्शन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

तिरंगा यात्रा से पहले भुट्टो डेरा बाबा रुद्रानंद धाम पहुंचे, जहां उन्होंने शीश नवाकर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि यह धाम केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा और एकता का प्रतीक है। आशीर्वाद लेने के बाद वे तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान देशभक्ति के गीतों और नारों से वातावरण गूंज उठा। सभी कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के उद्घोष के साथ मार्च किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

पूरे आयोजन में सामाजिक एकता, राष्ट्रीय भावना और संगठन की शक्ति का प्रदर्शन देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को कुटलैहड़ सहित पूरे हिमाचल में मजबूती के साथ पुन: स्थापित किया जाएगा। यह कार्यक्रम न केवल राजनीतिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी बेहद प्रभावशाली रहा।

## विधायक विवेक ने जन्मदिवस पर किए सेवा कार्य

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने अपने जन्मदिवस को सेवा और जनकल्याण के कार्यों को समर्पित करते हुए एक मिसाल कायम की। रविवार को कुटलैहड़ के समूरकलां केंद्र में आयोजित विशेष कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्र के 30 जरूरतमंद परिवारों को कुल 2,05,400 की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह आर्थिक मदद उन परिवारों को दी गई, जिनकी स्थिति कमजोर है या हाल ही में किसी प्राकृतिक आपदा, बीमारी अथवा अन्य कारणों से कठिनाई का सामना करना पड़ा है।

कार्यक्रम में विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ में कार्यरत मल्टी टास्क वर्करों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए भी खास सौगात दी। उन्होंने 540 प्रेशर कुकर वितरित किए। इसके साथ ही, उन्होंने 15 जरूरतमंद व्यक्तियों को स्टिक (छड़ी) और 10 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर प्रदान की। इसके अलावा, कुछ अन्य लोगों को उनकी व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार विभिन्न प्रकार का सामान भी उपलब्ध कराया गया। विवेक शर्मा ने इस मौके पर कहा कि कुटलैहड़ की जनता उनके लिए परिवार



लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में जन्मदिवस पर पारिवारिक सदस्यों के साथ विवेक शर्मा।

के समान है और उनका जीवन का उद्देश्य राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाना है। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे अपने कुटलैहड़ परिवार की सेवा करने का अवसर मिला। जनता का विश्वास और प्रेम ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि वे आगे भी इसी तरह जरूर मंदों की मदद और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान विधायक विवेक शर्मा के जन्म दिवस को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए कुटलैहड़ युवा कांग्रेस द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में 56 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का अद्भुत उदाहरण पेश किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कुटलैहड़ क्षेत्र के लोग, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला मंडल और युवा संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, प्रदेश कमीशन के सदस्य विजय डोगरा, देसराज मोदगिल, देसराज गौतम, शोभित गौतम, जिला पार्षद सत्या देवी, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, जोगेंद्र देव आर्य, अनिल ठाकुर, नीना कुमारी के अलावा सैकड़ों गणमान्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## चिंतपूर्णी में रविवार को उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** धार्मिक शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में रविवार को श्रद्धालुओं के काफी चहल-पहल रही। रविवार को लगभग 10000 के करीब श्रद्धालुओं ने मां की पावन पिंडी के दर्शन प्राप्त किए। दोपहर 2 बजे तक श्रद्धालुओं की डबल लाइन पुराना बस स्टैंड व्यापार करती हुई संतोष होटल के करीब पहुंच गई।

सावन अष्टमी मेला के समापन के बाद रविवार को श्रद्धालुओं की श्रद्धा, आस्था देखते ही बन रही थी। श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते हुए लाइन व्यवस्था को अपनाते हुए मां के चरणों में हाजिरी भरते रहे। लुधियाना से आए श्रद्धालु अमन दंडवत करते हुए अपनी मनोकामना पूरी होने पर मां के चरणों मे नतमस्तक हुए। सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा श्रद्धालुओं को लाइन व्यवस्था के तहत व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रेरित करते रहे।

बाबा श्री माई दास सदन से लेकर मंदिर परिसर तक श्रद्धालुओं की रौनक से व्यापारी वर्ग भी काफी खुश रहा। इस संबंध में मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने बताया कि रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट पर रखा गया।



चंतपूर्णी माता मंदिर में माथा टेकने पहुंचा श्रद्धा का सैलाब।

## आपत्तिजनक पोस्ट के खिलाफ कंवर ने दर्ज करवाई शिकायत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ की जा रही फर्जी, भ्रामक और अभद्र टिप्पणियों के मामले में पुलिस थाना बंगाणा में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ लोग, जो उनकी उपलब्धियों से ईर्ष्या रखते हैं, उनकी छवि को धूमिल करने की नीयत से सोशल मीडिया पर गलत और आपत्तिजनक सामग्री फैला रहे हैं।



पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने अपनी शिकायत में बताया कि वह थानाकलां, जिला ऊना के स्थायी निवासी हैं और उन्होंने लगातार चार बार कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। वे 2007 से 2012 तक मुख्य संसदीय सचिव और 2017 से 2022 तक हिमाचल सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी यह उपलब्धियां कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम हैं, जिसके चलते उन्हें समाज में सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। शिकायत में कहा गया है कि उनकी पहचान न केवल हिमाचल प्रदेश में बल्कि पूरे देश में है और जनता के बीच उनका अच्छा खासा जनसंपर्क है, ऐसे म ेंकुछ शरारती तत्व उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने के इरादे से फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डाल रहे हैं। इनमें 'ऋषि शर्मा बरसार' और 'कुटलैहड़ हलचल' नामक आईडी से की गई पोस्ट के स्क्रीनशॉट भी शिकायत के साथ संलग्न किए गए हैं। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने आरोप लगाया कि इन पोस्ट में इस्तेमाल की गई भाषा न केवल अपने सामान्य अर्थ में मानहानिकारक है, बल्कि इसके निहितार्थ भी अशोभनीय, अभद्र और समाज में अशांति फैलाने वाले हैं।

इस तरह की गतिविधियां जनमानस में गलतफहमियां पैदा कर रही हैं और उनके प्रति नकारात्मक धारणा बनाने का प्रयास कर रही हैं। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि इस तरह के संदेशों के प्रसार से समाज में तनाव की स्थिति बन सकती है, जो आगे चलकर टकराव और कानून-व्यवस्था की समस्या को जन्म दे सकती है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी व आपराधिक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की हरकतें दोहराई न जा सकें।

डीएसपी हेडक्वाटर अजय ठाकुर ने कहा कि पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर की शिकायत पर बंगाणा थाना में प्राथमिकी दर्ज की है और साइबर सैल की मदद से संबंधित आईडी और उसके संचालकों की पहचान की जाएगी। यदि आरोप सही पाए गए, तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

**अढ़ाई वर्ष से चल रहा ऐसा :** पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि जब 2022 के विधान सभा चुनाव थे। उस समय से विपक्ष से फेक आईडी बनाकर मेरे और मेरे समर्थकों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करके नीचा दिखाने का प्रयास किया जा रहा है।

## 17 को होगा बढ़ेड़ा सभा का आम इजलास आम राय से बनेंगी विकास योजनाएं : अनिल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले की बढ़ेड़ा कृषि सहकारी सभा में विकास को ओर अधिक गति देने के लिए 17 अगस्त को वार्षिक साधारण अधिवेशन की बैठक की जा रही है, जिसमें सभी शेयर धारकों को आमंत्रित किया गया है। सभा के इजलास में सीएएस बढ़ेड़ा के परिचालन बारे, शेयर धारकों को दिए जाने वाले लाभांश को लेकर विचार-विमर्श कर कार्यवाही की जाएगी।

वहीं, वर्ष 2025/26 के लिए लेखा निरीक्षक की नियुक्ति पर विचार कर आगामी कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। वार्षिक आम इजलास में सभा प्रधान की अनुमति से आमराय बनाकर आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी। बता दें कि इस सभा में गांव बढ़ेड़ा व लोअर बढ़ेड़ा के लोग खाते खुलवाते हैं। उचित मूल्य की दो दुकानों में राशन व किसानों के लिए खाद भी उपलब्ध करवाई जा रही है। सभा किसानों को बाजार से सस्ते दामों पर गेहूं व मक्की के बीज भी विक्रय

> सभा में कार्य पूर्ण पारदर्शिता से किया जा रहा है। सभा का वार्षिक आम इजलास 17 अगस्त को सुबह 11 बजे बुलाया गया है। आम राय से भावी रूपरेखा तैयार होगी। सभा का कार्य खुली किताब है। कभी भी खाताधारक अपने रिकॉर्ड को चेक कर सकता है।
> -अनिल ठाकुर, प्रधान सोसायटी बढ़ेड़ा

कर रही है, जबकि किसानों को सस्ते दामों पर कीटनाशक दवाई भी दी जा रही है।

केंद्र व प्रदेश की ओर से सहकारी सभाओं से जुड़े लोगों को मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाती है। खाता धारकों को आत्मनिर्भर बनने के कार्यशालाओं में टिप्स दिए जाते हैं। सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के बारे में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया जाता है। सभा को पूर्ण तौर पर हाइटेक किया जा रहा है। इस सभा के आधुनिकरण पर लाखों की राशि खर्च की जा रही है।

**अपील** स्वदेशी जागरण मंच ने मैहतपुर से शुरू किया 'विदेशी कंपनी भारत छोड़ो' अभियान

## 'स्वदेशी अपनाओ-विदेशी भगाओ, देश का मान बढ़ाना है' के गूंजे नारे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के तहत ऊना जिले के मुख्य बाजार मैहतपुर से विदेशी कंपनी भारत छोड़ो अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर व्यापार मंडल समेत अन्य सामाजिक संस्थाओं ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मैहतपुर बाजार में ऑपरेशन सिंदूर जारी है, अब स्वदेशी की बारी है, स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ, देश का मान बढ़ाना है, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना है, के नारों की आवाज चारों ओर गूंजती नजर आई।

इस दौरान व्यापार मंडल मैहतपुर-बसदेहड़ा के सदस्यों ने विदेशी वस्तुएं त्यागने और स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। स्वदेशी जागरण मंच के जिला पूर्णकालिक एसडी सहोड़ ने कहा कि लोग ट्रंप टैरिफ का जवाब अमेरिकी वस्तुओं का बहिष्कार करके दें। जितना ज्यादा हो सके, स्वदेशी वस्तुओं का




स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के तहत स्वदेशी जागरण मंच ने किया जागरूक।

प्रयोग अपनी दिनचर्या में लाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था, भारतीय व्यापारी, बडे व छोटे दुकानदार आर्थिक तौर पर तभी मजबूत होंगे, जब लोग ऑनलाइन खरीददारी की बजाए स्थानीय बाजार से स्वदेशी सामान खरीदेंगे।

मंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ आह्वान का स्वागत करता है, जिसमें उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं की खरीद व बिक्री भी राष्ट्र सेवा का ही एक रूप है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच वर्ष 1991 से लगातार देश के नागरिकों को स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु जागरूक करता आ रहा है। मंच का दृढ़ विश्वास है कि भारत की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक समृद्धि का मार्ग स्वदेशी व आत्मनिर्भरता के सिद्धांतों से होकर ही गुजरता है। उन्होंने कहा कि मंच द्वारा 12 जून, 2025 को देशभर में स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान की शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य भारत को फिर से एक समृद्ध आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी यानी मेक इंडिया ग्रेट अगेन कहकर संबोधित करते हैं। व्यापार मंडल मैहतपुर-बसदेहड़ा के प्रधान सुभाष ऐरी ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य में जहां अमेरिका, चीन और अन्य देश संरक्षणवादी नीतियों को अपनाकर अपने उत्पादों की सुरक्षा कर रहे हैं, वहीं भारत को भी चाहिए कि वह अपनी घरेलू उत्पादकता और बाजार को संरक्षित करे।

चीन द्वारा भारत में सस्ते और घटिया उत्पाद डंप किए जा रहे हैं, जिससे न केवल भारतीय उद्योगों को नुकसान हो रहा है, बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता पर भी संकट मंडरा रहा है। व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि यह केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का भी मुद्दा है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी आंदोलन भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मकथा है और आज भी इसकी प्रासंगिकता बनी हुई है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे विदेशी वस्तुओं, विशेषकर चीन, तुर्की व अन्य विरोधी देशों के उत्पादों का बहिष्कार करें, विदेशी विश्वविद्यालयों की ओर आकर्षण कम करें और स्थानीय उत्पादों व कारीगरों को प्राथमिकता दें।

उन्होंने कहा कि अमेजन, वॉलमार्ट, जैसी ई-कॉमर्स कंपनियां भारतीय खुदरा व्यापार को नुकसान पहुंचा रही हैं। इन पर कठोर नियंत्रण जरूरी है। इस मौके पर सतीश कुमार, विवेक शर्मा, संजीव सचदेवा, नोनी, दीपक जोशी, अश्वनी कुमार, दीपक मनोचा, केएल पूरी, संजीव भारद्वाज, बबीता कुमारी, देवेश कुमार, जितेंद्र वाली, नरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, अरुण कुमार, बंटी समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## मतदान केंद्रों की सूचियों के 13 तक होंगे दावे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 41-चिंतपूर्णी (अजा), 42-गगरेट, 43-हरोली, 44-ऊना और 45-कुटलैहड़ के वर्तमान मतदान केंद्रों में संशोधन/नए मतदान केंद्रों के सृजन के लिए विद्यमान मतदान केंद्रों की सूचियों का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि प्रारूप में प्रकाशित मतदान केंद्रों की सूचियां जिला निर्वाचन अधिकारी ऊना, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (तहसीलदार/नायब तहसीलदार) के कार्यालयों में जन साधारण के निरीक्षण के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्यदिवस पर इन मतदान केंद्रों की सूचियां के प्रारूप का निरीक्षण किया जा सकता है। इस संबंधित यदि कोई दावा अथवा आक्षेप है तो उसे 13 अगस्त तक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# कच्चे सेब के कारण गिरा सेब बाजार आढ़तियों को भी हो रहा भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, आनी**



सेब सीजन शुरू होते ही इस बार बाजार में भाव अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। निरमंड सब्जी मंडी एएफसी शॉप नंबर-6 के आढ़ती लीलादत्त शर्मा ने बताया कि इन दिनों कई बागवान कच्चा सेब मंडियों में ला रहे हैं, जिससे सेब की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और बाजार में इसकी मांग कम हो रही है।

उन्होंने कहा कि अधपक्के सेब न तो ग्राहक की पसंद बनते हैं और न ही व्यापारी को उचित लाभ दे पाते हैं। इससे न केवल बागवानों को घाटा हो रहा है, बल्कि आढ़तियों और खरीददारों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। लीलादत्त शर्मा ने बागवानों से अपील की है कि वे जल्दबाजी न करें और केवल पूरी तरह पक्का और रंग पकड़ा हुआ सेब ही मंडियों में लाएं। उन्होंने कहा कि अच्छी गुणवत्ता का सेब ही बाजार में अच्छा दाम दिला सकता है और हिमाचली सेब की पहचान को बनाए रख सकता है। मंडी में गिरते दामों से जहां बागवानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। वहीं, खरीददार भी सावधानी बरतते हुए खरीददारी से पीछे हट रहे हैं। ऐसे में सभी सेब उत्पादकों को गुणवत्ता और समय का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने निरमंड क्षेत्र के सभी बागवानों से अपील करते हुए कहा कि अच्छा सेब मंडी तक लाएं, ताकि सेब का अच्छा दाम मिल सके।

# निरमंड में ट्रैफिक जाम लोगों के लिए बना रोजमर्रा की परेशानी का कारण

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**



निरमंड कस्बे में दोनों और पार्क की गई बेतरतीब गाड़ियां, जिससे लोग हो रहे परेशान।

**आनी।** निरमंड में आए दिन जाम लगना आम बात है। निरमंड कस्बे से गुजरना हर वाहन चालक के लिए चुनौती से कम नहीं होता।

निरमंड में बेतरतीब पार्क गाड़ियां, कस्बे में दोनों और पार्क गाड़ियों ब्लॉक कैंची से बस अड्डे और आईटीआई मोड़ और एसबीआई बैंक के आसपास लगातार वाहनों के जमावड़े के कारण हो रहा है, क्योंकि निरमंड व्यापारिक दृष्टि से 35 से ज्यादा पंचायतों का केंद्र बिंदु है, जबकि दो दर्जन से ज्यादा सरकारी कार्यालयों, सैकड़ों दुकानों और निजी संस्थान होने के कारण कस्बे में ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। साथ ही दुर्घटनाओं का ग्राफ और अनहोनी का अंदेशा भी। वक्त बदलता गया और उपमंडल मुख्यालय निरमंड में वक्त के साथ वाहनों की संख्या बढ़ती गई, लेकिन करीब 5 दशक बीत जाने पर भी न तंगहाल सड़कें बदलीं, न ही बढ़ते वाहनों की संख्या को लेकर उन्हें पार्क करने को लेकर प्रशासनिक या सरकार की ओर से कोई ठोस व्यवस्था की गई, लेकिन कागजों तक सीमित रह गई। क्योंकि निरमंड में समस्या दिन-ब-दिन विकराल होती जा रही है। वहीं, कस्बे में स्थायी पार्किंग व्यवस्था होने के कारण बस अड्डे, ब्लॉक कैंची या आईटीआई कैंची तक यहां वहां बेतरतीब पार्क वाहनों की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं। ट्रैक और टिप्परों को पार्क करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। कस्बेवासी दीपक शर्मा, योगेश भार्गव, धर्मपाल, राम स्वरूप का कहना है कि नए बस अड्डे के आसपास या गेट पर बेतरतीब गाड़ी जाम असुविधा का कारण बनती है, जिन्हें कहीं अन्यत्र शिफ्ट किया जा सकता है, लेकिन पार्किंग व्यवस्था न होना निरमंड में जाम का तंगहाल एक सबसे बड़ा कारण है। इसके चलते बगीपुल, ब्रो जगातखाना, निथर 15/20 को 6 पंचायत के लोग कस्बे में अपने काम से हर रोज आने वालों, मरीजों को लेकर रही एंबुलेंस आदि को अक्सर जाम में माथा पीटते देखा गया है।

उधर, एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि कस्बे में पार्किंग, नो पार्किंग और नो एंट्री क्षेत्र पहले से ही निर्धारित हैं। इसकी अधिसूचना जिला मजिस्ट्रेट कुल्लू द्वारा जारी की गई है। पुलिस विभाग को इस अधिसूचना को सख्ती से लागू करने के निर्देश बार-बार दिए जा रहे हैं। नगर पंचायत निरमंड के उपाध्यक्ष विकास शर्मा का कहना है कि डीसी कुल्लू की तरफ अधिसूचना जारी करते हुए दो साल हो चुके हैं, लेकिन अभी तक इस पर कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। एसएचओ निरमंड गोपाल का कहना है कि यहां पर पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं है, जिससे कभी-कभी जाम लग जाता है हमारे पुलिस जवान ट्रैफिक व्यवस्था के लिए हर जगह तैनात रहते हैं।

# 412 ग्राम चरस के साथ यूपी के दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला पुलिस की ओर से कुल्लू जिले को नशे से जड़ से खत्म करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दो लोगों को 412 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मणिकर्ण के पास डुंखरा में एक गाड़ी से 412 ग्राम चरस बरामद की है।

इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों युवक उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस चौकी जरी की टीम डुंखरा के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक गाड़ी को रोका गया और उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी में बैठे दो युवकों के पास से 412 ग्राम चरस मिली। पुलिस ने तुरंत दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राहुल गंगवार (33) और आशुतोष मिश्रा (26) के रूप में हुई है। राहुल गंगवार बरेली, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, जबकि आशुतोष मिश्रा गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश का निवासी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मणिकर्ण थाने में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही कि यह चरस कहां से लाई गई थी और इसे कहां ले जाया जा रहा था। पुलिस का मानना है कि यह अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करों का गिरोह हो सकता है। फिलहाल, पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है, ताकि इस पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके। यह कार्रवाई कुल्लू पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है, क्योंकि जिले में नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। उधर, पुलिस अधीक्षक कुल्लू ने बताया कि नशे के खिलाफ उनकी कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी कीमत पर नशे के तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा।

# लाहौल के झोलिंग गांव में बुढ़ऊ बुहारी देवता का जागरण शुरू



झोलिंग गांव में स्थित बुढ़ऊ बुहारी देवता के पवित्र प्रांगण में जागरण का भव्य आयोजन 9 से 11 अगस्त तक हो रहा है।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल के झोलिंग गांव में स्थित बुढ़ऊ बुहारी देवता के पवित्र प्रांगण में तीन दिवसीय जागरण का भव्य आयोजन 9 अगस्त से 11 अगस्त तक हो रहा है।

इस धार्मिक उत्सव में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे कुल्लू, मंडी, चंबा और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु झोलिंग पहुंच रहे हैं। जागरण कमेटी के सदस्यों ने बताया कि यह जागरण हर साल बुढ़ऊ बुहारी देवता के प्रांगण में श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया जाता है।

स्थानीय लोगों और दूरदराज से आए भक्तों में यह दृढ़ मान्यता है कि इस जागरण में सच्चे मन से शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं की मन्नतें अवश्य पूरी होती हैं।

यह जागरण न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी दर्शाता है, जहां विभिन्न जिलों के लोग एक साथ आकर आध्यात्मिक सद्भाव का अनुभव करते हैं।

# खराब मौसम व सड़क अवरुध के कारण सेब की करें तुड़ाई: प्रेम शर्मा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने बागवानों से मौजूदा खराब मौसम और मंडी-कुल्लू सड़क पर बार-बार हो रही रुकावटों को देखते हुए सेब की तुड़ाई फिलहाल रोकने की अपील की है।



उन्होंने बताया कि लगातार बारिश और भूस्खलन के चलते सेब से लदे ट्रक मंडियों तक समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे फल सड़ रहे हैं और बागवानों को उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा। शर्मा ने जानकारी दी कि बंदरोल और पतलीकूहल सब्जी मंडी के आढ़तियों ने चेतावनी दी है कि यदि यह स्थिति बनी रही और खरीददारों की रुचि कम होती गई, तो मजबूरीवश मंडियां बंद करनी पड़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि समय पर मंडी न पहुंच पाने वाले सेबों की गुणवत्ता भी गिर रही है, जिससे बाजार में उनका मूल्य और भी कम हो रहा है। बागवानों से आग्रह किया गया है कि वे केवल मौसम सामान्य होने और सड़क मार्ग पूरी तरह खुलने के बाद ही तुड़ाई करें और तभी करें जब सेब पूरी तरह परिपक्व हों, ताकि उन्हें उचित दाम मिल सकें और नुकसान से बचा जा सके। प्रेम शर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से अनुरोध किया कि सड़क मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाए और फल लदे ट्रकों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि बागवानों की साल भर की मेहनत बर्बाद न हो, इसके लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि बागवान को पूरा वर्ष सेब को तैयार करने में लग जाता है, ऐसे में अगर उन्हें सड़क बंद होने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, तो वे कैसे अपना जीवन यापन करेंगे।

## आनी में युवा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन की खंड स्तरीय बैठक संपन्न

# संगठन को सशक्त बनाने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, आनी**



आनी में युवा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन की खंड स्तरीय बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

आनी के पुराना हॉस्पिटल के सभागार में आयोजित खंड स्तरीय युवा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन की बैठक आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता राज्य स्तरीय युवा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन कार्यकारिणी मुख्य संयोजक, कार्यकारिणी कोषाध्यक्ष व एलडीआर एंप्लॉय एसोसिशन राज्य प्रेस महासचिव शशि शर्मा ने की। बैठक में खंड स्तर के सभी मनोनीत कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। अध्यक्ष प्रकाश चंद ने कहा कि संगठन का उद्देश्य कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संगठन की कई मांगें हैं, जिन्हें विभाग और सरकार के माध्यम से पूरा करना होगा। महासचिव देव कुमार द्वारा कई महत्वपूर्ण मुद्दों पे विचार-विमर्श किया गया, जिन्हें पत्राचार के मध्य से बीएमओ आनी के मध्य रखा जाएगा। शशि शर्मा ने सभी से आग्रह किया कि आनी खंड स्तरीय संगठन (स्वास्थ्य विभाग) को मजबूत कर राज्य स्तरीय संगठन को मजबूती प्रदान करें। इससे सभी कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एक अच्छा प्लेटफॉर्म तैयार होगा और हम अपनी सभी मांगों को विभाग और सरकार के समक्ष रख पाएंगे। बैठक में अध्यक्ष प्रकाश चंद, उपाध्यक्ष अनंत राम शर्मा, महासचिव देव कुमार, सहसचिव नवल किशोर, मुख्य संयोजक श्याम दास, खुबराम, गोविंद, सोमेश्वर, बिमल, गंगावती, कांशीराम, पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे संगठन के साथ जुड़कर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट हों।

# तकनीकी व व्यावसायिक कौशल से सशक्त हो रहे कुल्लू के छात्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में विद्यार्थियों में व्यवसायिक कोर्स की ओर रुचि बढ़ रही है।

व्यावसायिक कौशल प्राप्त कर विद्यार्थी स्वरोजगार अपनाने के लिए सक्षम बनेंगे। वहीं, जिला कुल्लू के 86 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा की कक्षाएं चल रही हैं, जिनका छठी से 12वीं कक्षा तक के हजारों विद्यार्थियों को फायदा मिल रहा है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के लिए विद्यालयों में व्यावसायिक कोर्स को विशेष रूप से संचालित किया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए उन्हें व्यावसायिक कौशल प्रदान कर दक्ष बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यार्थी विद्यालयों में कौशल को निखारेंगे। इस संबंध में समग्र शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक डॉ. अमित मेहता ने कहा कि जिले के सातों शिक्षा खंडों के चयनित 86 विद्यालयों में व्यावसायिक कोर्स करवाए जा रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए भी 12 से अधिक विद्यालयों ने आवेदन किया है। मानकों पर खरा उतरने वाले विद्यालयों को व्यावसायिक कोर्स आरंभ करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। ऑटोमोटिव, हेल्थ केयर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी, टेलीकॉम, सिक्योरिटी, एग्रीकल्चर, आटीईएस(सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं), रिटेल, इलेक्ट्रानिक्स और हार्डवेयर, प्लंबर, एपीपीएआरईएल (परिधान), शारीरिक शिक्षा, ब्यूटी एंड वेलनेस, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।

# मनाली में आज तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में सोमवार को तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। रामबाग मनाली से शुरू होकर यह यात्रा पुरे शहर से गुजरेगी और रामबाग में संपन्न होगी।

इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। गोविंद ठाकुर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के रामबाग से सुबह 10 बजे एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा रामबाग से प्रारंभ होकर मॉल रोड, गोंपा, मिशन अस्पताल होते हुए पुनः रामबाग पर समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि आइए तिरंगे की शान और देशभक्ति की भावना के साथ इस यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। उन्होंने मनाली मंडल की प्रबुद्ध जनता से इस तिरंगा यात्रा में भाग लेने की अपील की है।

# आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने किया बाढ़ ग्रस्त बालू का दौरा



बालू में नुकसान का जायजा लेते हुए आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार।

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र बालू का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी व्यथा जानी।

उन्होंने बताया बालू में भी आपदा के कारण उपजाऊ, स्कूल भवन, भूमि, सड़क मार्ग और मकानों को बहुत क्षति पहुंची है। स्थिति को बेहतर बनाने की उम्मीद भी है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाता हूं कि सभी को राहत उपलब्ध करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आप हौसला बनाएं रखें, ये मुश्किल वक्त भी बीत जाएगा और आपदा ने जो छीना है, हम उसे मिलकर फिर से संवारेंगे।

# सहभागिता टीम ने रोपी हरियाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले की सामाजिक संस्था टीम सहभागिता ने पौधरोपण अभियान चलाया। सामाजिक दायित्व को निभाते हुए संस्था के सदस्यों ने रविवार को स्वेच्छा से पौधरोपण किया और लोगों को पेड़-पौधे के महत्व के बारे में जागरूक किया। यह पौधरोपण अभियान जिला मुख्यालय के साथ लगते सारी बीट के रामशिला क्षेत्र में चलाया। गौर रहे कि यह क्षेत्र आगजनी के मामलों में अति संवेदनशील है और हर साल इस क्षेत्र में आग लगने के कारण वन संपदा को नुकसान पहुंचता है। ऐसे में इस क्षेत्र को हराभरा बनाए रखने के लिए संस्था ने पौधरोपण किया।

# मनाली महिला कांग्रेस ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 50,000 रुपए का योगदान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



आपदा प्रभावितों की मदद के लिए मनाली महिला कांग्रेस और शहरी महिला कांग्रेस ने सराहनीय पहल करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष में 50,000 की राशि का योगदान दिया है। यह सहायता राशि मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ को चेक के माध्यम से सौंपी गई।

इस योगदान के माध्यम से महिला कांग्रेस ने आपदा पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है। इस मौके पर मनाली विधानसभा क्षेत्र की कई महिला पदाधिकारी उपस्थित रहीं। इनमें आलमी ठाकुर (नग्गर ब्लॉक अध्यक्ष), दावा डोलमा (नग्गर ब्लॉक सचिव), रोशनी राज (जिला कांग्रेस), रंजिता (जनरल सेक्रेटरी, मनाली कांग्रेस), सीमा (हरिपुर बूथ अध्यक्ष) और रानू (सिटी अध्यक्ष, मनाली) प्रमुख थीं। इसके अतिरिक्त पंचायत और बीडीसी स्तर की महिला जनप्रतिनिधियों मोनिका ठाकुर, सरला देवी, बिमला देवी और पल्लवी कटोच ने भी इस पुनीत कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने एकजुट होकर न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान किया, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी दर्शाई। यह पहल क्षेत्र में एकता, सहयोग और सेवा भावना का सशक्त संदेश देती है।

**परिवर्तन** सामाजिक सरोकार के साथ-साथ घर और कृषि कार्यों में निभा रही अहम भूमिका, नशा विरोधी आंदोलन में महिलाओं की निर्णायक भूमिका

# लाहौल-स्पीति की महिलाओं के हाथ परिवार व क्षेत्र को समृद्ध करने की बागडोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

हिमाचल का एक ऐसा जिला जो साल के कई महीने बर्फ से कटा रहता है, उस जिले में महिलाओं को फैसले लेने की आजादी सालों से है। यहां महिलाएं आज से नहीं कई सालों से समाज के भले के लिए फैसले ले रही हैं और सबसे बड़ी बात पुरुषों को महिलाओं के लिए ये फैसले परेशान नहीं करते, बल्कि इससे समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं।

हिमाचल का सबसे बड़ा जिला लाहौल-स्पीति यहां के ग्रामीण इलाकों में आज भी महिलाएं सामाजिक सरोकार निभाने के साथ-साथ अपने घर का संचालन और कृषि कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। आज कई ऐसे इलाके हैं, जो महिलाओं की मेहनत के बलबूते अपना नाम कमा रहे हैं। आज इन गांवों की पहचान इन महिलाओं के नाम से है। इन महिलाओं ने वो बदलाव और फैसले लिए हैं, ऐसे फैसले आज के दौर का पढ़ा लिखा समाज, शहरों में रह रही पढ़ी लिखी महिलाएं और अमीर घरों की महिलाएं भी नहीं ले पाती, लेकिन लाहौल-स्पीति की महिलाएं भले ही साक्षरता दर में पिछड़ रही हो, लेकिन क्रांतिकारी फैसले लेने में पीछे नहीं है।

> **लाहौल-स्पीति** की विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि लाहौल-स्पीति में कृषि क्षेत्र के साथ-साथ अब पर्यटन क्षेत्र में भी महिलाएं काम कर रही हैं और इससे पूरे देश में एक अच्छा संदेश जा रहा है। नशे की रोकथाम के लिए भी महिलाएं लगातार काम कर रही हैं और अब समाज में इसके अच्छे परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। लाहौल-स्पीति के महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह के लिए भी जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें सरकार की योजनाओं का सही तरीके से लाभ मिल सके।



## पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या कम

**लाहौल-स्पीति** की महिलाओं ने अपने गांव और समाज के लिए क्या फैसले लिए हैं, ये जानने से पहले हम पहले लाहौल-स्पीति की सामाजिक और भौगोलिक संरचना को समझ लेते हैं। लाहौल-स्पीति जिले की जनसंख्या की अगर बात करें तो साल 2024 के आंकड़े के अनुसार लाहौल उपमंडल में 10,199, उदयपुर उपमंडल में 8,884 और स्पीति उपमंडल में 12,445 जनसंख्या है, जिसमें पुरुषों की कुल संख्या 52.20 प्रतिशत और महिलाओं की कुल संख्या 47.80 प्रतिशत है, जो महिलाओं की कुल संख्या 15 हजार से अधिक दर्शाता है। लाहौल स्पीति जिले में करीब 25,474 मतदाता हैं, जिनमें 67 फीसदी लाहौल और 33 फीसदर मतदाता स्पीति घाटी में रहते हैं। इस जिले का गठन साल 1960 में हुआ था। यह भारत का सबसे कम आबादी वाला चौथा जिला है। लाहौल-स्पीति जिले का कुल क्षेत्रफल 13,833 वर्ग किलोमीटर ह। वही, साक्षरता दर में पुरुषों की दर 86.97 प्रतिशत और महिलाओं की दर 66.5 प्रतिशत है। इसके अलावा लाहौल-स्पीति जिले में ही दुनिया का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र ताशी गंग भी है, जो समुद्र तल से 15256 फुट की ऊंचाई पर स्थित है।

## घर की आर्थिक व्यवस्था भी संभाल रही महिलाएं

महिलाएं कृषि कार्य से लेकर पशुपालन और सामाजिक सरोकार निभाने में अपनी अहम भूमिका अदा करती हैं। अटल-टनल बनने के बाद लाहौल घाटी में सैलानियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है और महिलाएं विभिन्न पर्यटन स्थलों पर स्थानीय उत्पादों का स्टॉल लगाकर भी पर्यटन कारोबार से जुड़ रही हैं। बाहरी राज्यों से आने वाले सैलानियों को भी लाहौल की पारंपरिक वेशभूषा, हथकरघा और लाहौली पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद मिल रहा है। महिलाएं पहले कृषि कार्य से ही अपनी घर का गुजारा करती थीं, लेकिन अब पर्यटन गतिविधियां बढ़ने से उनकी आर्थिक की भी काफी मजबूत हुई हैं।

## बेटियों के प्रति लोगों का आदर भाव

**सामाजिक** संस्था री इमेजिन के अध्यक्ष कृष ठाकुर ने बताया कि, जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में महिलाओं के प्रति लोग काफी आदर भाव रखते हैं और यहां पर बेटा-बेटी में भी कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। आज लाहौल-स्पीति की सैकड़ों बेटियां सरकारी सहित अन्य संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। इसके अलावा कृषि के साथ-साथ अब पर्यटन के क्षेत्र में भी महिलाएं बेहतर काम कर रही हैं और होमस्टे, गेस्ट हाउस का भी संचालन महिलाएं ही करती हैं। लाहौल-स्पीति के विकास में महिलाओं की भूमिका सराहनीय है।

## जंगली जानवरों का संरक्षण

**जंगली** जानवरों के संरक्षण में भी महिलाओं ने कई कड़े फैसले लिए हैं। इसके चलते आज टंगरोल (जंगली बकरा) ग्रामीण क्षेत्रों में घूमता हुआ नजर आता है। इससे पहले जंगली बकरे के शिकार के चलते उसकी संख्या काफी कम हो गई थी। टंगरोल की घटती जनसंख्या को देख स्थानीय महिलाओं ने बैठक कर निर्णय लिया और इसके शिकार पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। इसके बाद से जंगली बकरे के शिकार पर भी अब पूरी घाटी में रोक लगी हुई है।

## महिलाएं शराबबंदी के लिए समय-समय पर खोलती है मोर्चा

**जनजातीय** जिला लाहौल-स्पीति की महिलाएं कई दशकों से अपने परिवार और क्षेत्रों को समृद्ध करने की दिशा में अहम भूमिका निभा रही हैं। यहां पर कृषि कार्यों के साथ-साथ घर के संचालन में महिलाओं की बड़ी भूमिका होती है। इतना ही नहीं समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए भी यहां पर अब महिलाएं आगे आई हैं और शराबबंदी जैसे नशे से युवाओं को दूर रखने की दिशा में भी काम कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई महिला मंडलों ने शादी या अन्य समारोह में अंग्रेजी शराब के परोसने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई है, अगर कोई व्यक्ति इन नियमों की उल्लंघन करता है, तो उसका सामाजिक तौर पर बहिष्कार किया जाता है। बीते कुछ साल पहले जब लाहौल घाटी के शेलटू में अंग्रेजी शराब का ठेका खोला गया था। महिला संगठन ने इसका विरोध किया था। इसके चलते इस ठेके को वहां से स्थानांतरित करना पड़ा था। संगठन से जुड़ी महिलाओं का मानना है कि शादी समारोह में अंग्रेजी शराब परोसने के चलते कई लोगों को कर्ज भी लेना पड़ता था। इसके चलते उन्हें काफी आर्थिक दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में महिलाओं ने मिलकर निर्णय लिया और आज कई इलाकों में लोग इस निर्णय को मान रहे हैं।

# खीर, पूरी व भोज का किया प्रबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** रविवार को कोकसर लाहौल के आराध्य देव राजा घेपन मंदिर शाशिन में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह ही राजा घेपन के कारकून और गूर टशी द्वारा घेपन स्थल शाशिन में पूजा-अर्चना की गई। इसमें दूर-दूर से श्रद्धालु शामिल हुए। हर साल अगस्त माह में घेपन स्थल में भंडारे का आयोजन होता है और कमेटी, हरुका सहित महिलामंडल का विशेष योगदान रहता है। वहीं, रविवार को ही ट्रांजिट कैंप में सेना द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सेना के अधिकारी और जवानों ने मिलकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और दोपहरबाद कोकसर, डिंफुक और रामथंग के ग्रामीणों सहित बीआरओ, बिजली, लोक निर्माण विभाग, पुलिस और आने-जाने वाले सैकडों यात्रियों के लिए प्रसाद के तौर पर खीर, पूरी और भोज का प्रबंध किया गया। राजा घेपन कमेटी के प्रधान गोविंद ने बताया कि रविवार को देवता के कारकूनों और गूर द्वारा देवता तिंगलागुर को मनाया और उसके बाद भंडारे का आयोजन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### जेल कर्मियों पर कैदी से मारपीट का आरोप

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आदर्श केंद्रीय कारागार नाहन में एक कैदी के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है, जिससे जेल प्रशासन पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार नाहन के वल्मीकि मोहल्ला निवासी सन्नी, जो फिलहाल तीन माह की सजा काट रहा है, उन्होंने आरोप लगाया है कि उसे जेल के भीतर कुछ कर्मियों ने बुरी तरह पीटा। यह मामला तब उजागर हुआ जब रक्षाबंधन के अवसर पर सन्नी की पत्नी लता और बहनें मनजीत व प्रिया उससे मिलने जेल पहुंचीं। मुलाकात के दौरान सन्नी ने उन्हें पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया और अपने शरीर पर मौजूद ताजा चोटों के निशान दिखाए। परिवार ने देर न करते हुए न्याय की राह पकड़ने का फैसला किया। रविवार को सन्नी की पत्नी लता गुन्नू घाट पुलिस चौकी पहुंचीं और पूरी घटना का ब्योरा देते हुए लिखित शिकायत सौंपी। पुलिस चौकी प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जेल अधीक्षक को पत्र लिखकर सन्नी का चिकित्सीय परीक्षण करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद जेल पुलिस, सन्नी को मेडिकल के लिए अस्पताल लेकर आई। डॉक्टरों ने उसका मेडिकल परीक्षण पूरा कर लिया है और रिपोर्ट सोमवार को पुलिस को सौंपी जाएगी। डीएसपी नाहन रमाकांत ठाकुर ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नाहन में चेहल्लुम का ताजिया निकला



**अनंत ज्ञान, नाहन।** इमाम हुसैन के नवासों की शहादत की याद में मोहर्रम के 40 दिन बाद रविवार को नाहन शहर में चेहल्लुम का ताजिया निकाला गया। शिया मुस्लिम समुदाय में प्रचलित यह दिवस नाहन में रियासत काल से सुन्नी मुस्लिम समुदाय द्वारा भी निभाया जाता आ रहा है। मौला हुसैन की बारगाह के सेवादार मोहसिन अली ने बताया कि चेहल्लुम इमाम हुसैन की शहादत के बाद उनके परिवार की कर्बला से दमिश्क तक की यात्रा के अंत का प्रतीक है। इस दिन इमाम हुसैन और उनके साथियों की याद में शोक मनाया जाता है। रविवार को चेहल्लुम का सफर लालटेन चौक से शुरू हुआ, जो कच्चा टैंक के लिए रवाना हुआ। यह यात्रा गुन्नू घाट, हरिपुर मोहल्ला और रानीताल से होते हुए शाम को जामा मस्जिद कच्चा टैंक पहुंची। यहां अजान के बाद इस धार्मिक यात्रा का समापन हुआ। नाहन के सभी चार मोहल्लों के लोग इस यात्रा में शामिल हुए। पूरे सफर में इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया और उनकी आत्मिक शांति के लिए दुआ की गई।

### महिलाओं को मोटे अनाज पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** केंद्र सरकार के भारतीय वन्य जीव संस्थान की ओर से नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत रविवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मोटे अनाज से बनने वाले विभिन्न खाद्य पदार्थ के बारे में जागरूक करने के मकसद से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों द्वारा यहां उपस्थित स्थानीय ग्रामीण महिलाओं को मोटे अनाज को अपने प्रयोग में लाने के बारे जागरूक किया गया। प्रोजेक्ट समन्वयक अनुपमा ने बताया कि भारतीय वन्यजीव संस्थान की ओर से नमामि गंगे प्रोजेक्ट चलाया गया है। इसके तहत यमुना व गंगा को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाए रखने को लेकर गंगा प्रहरी बनाए जा रहे हैं और उन्हें इसी के तहत एक कार्यक्रम जलच के माध्यम से मोटे अनाज के सेवन और मोटे अनाज को अपने प्रयोग में लाने को लेकर भी जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में रामपुरघाट में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को मोटे अनाज से बनने वाले विभिन्न खाद्य पदार्थ बनाने सिखाए गए हैं। यह पदार्थ महिलाएं बनाकर जहां अपने प्रयोग में ला सकती हैं। वहीं, इन्हें बनाकर बेचने पर आत्मनिर्भर भी बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि जहां मोटा अनाज हमारी धरती के लिए अच्छा है, तो वहीं हमारे खाने के प्रयोग में लाने पर इससे हम स्वस्थ भी रह सकते हैं। मोटे अनाज से बनने वाले विभिन्न खाद्य पदार्थ सीखने के बाद उत्साहित महिलाओं ने कहा कि यह बेहद लाभकारी है। मोटे अनाज को हमें जहां अपनाना चाहिए तो वहीं प्राकृतिक खेती से इसे लगाने के लिए भी आगे आना चाहिए। मोटे अनाज के सेवन से हम स्वस्थ रह सकते हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मोटे अनाज से बनने वाले खाद्य पदार्थ बेचकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

### भारी बारिश से मातर भेड़ों गांव का संपर्क कटा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विकास खंड नाहन के अंतर्गत आने वाला मातर भेड़ों गांव बीते तीन दिनों से पूरे सिरमौर जिले और प्रदेश के अन्य हिस्सों से पूरी तरह कट चुका है। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण महान-पांवटा नेशनल हाईवे से गांव को जोड़ने वाली करीब 5 किलोमीटर लंबी सड़क कई जगहों से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। ऊंची पहाड़ियों से गिरे भारी मलबे के चलते सड़क पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। हालात ऐसे हैं कि गांव के करीब 1,500 लोगों को मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए 5 किलोमीटर का सफर अब पैदल तय करना पड़ रहा है। परिवहन निगम ने भी मार्ग बाधित होने के चलते बस सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी हैं। स्थानीय ग्रामीणों संदीप कुमार (फॉरेस्ट कमेटी प्रधान), अनिल शर्मा, रामलाल शर्मा और सीमा देवी (वार्ड सदस्य) ने बताया कि सड़क बंद हुए तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि सबसे ज्यादा परेशानी किसानों और दूध विक्रेताओं को हो रही है। खेतों में तैयार फसलें बाजार तक नहीं पहुंच पा रहीं, जबकि ताजा दूध बिकने के बजाय बर्बाद हो रहा है। भूस्खलन और सड़क बंद होने से उनकी रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क खोलने के लिए मशीनरी लगाई जाए, ताकि जनजीवन सामान्य हो सके।

# एमसी पर जल शक्ति विभाग का 127.57 करोड़ बकाया

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** बढ़ते वित्तीय संकट का सामना कर रहे नगर निगम सोलन के पार्षदों ने राज्य सरकार से जल शक्ति विभाग (जेएसडी) को जल आपूर्ति के रूप में बकाया 127.57 करोड़ रुपए माफ करने का आग्रह किया है।

यह मांग राज्य मंत्रिमंडल द्वारा हाल ही में सोलन में जल वितरण की जिम्मेदारी जेएसडी को हस्तांतरित करने की प्रमुख मंजूरी के बाद आई है। पार्षदों का मानना है कि इस कदम से उन्हें बहुत जरूरी वित्तीय राहत मिलेगी। पिछले कुछ वर्षों में बकाया राशि में काफी वृद्धि हुई है। इसमें सितंबर 2024 में जेएसडी द्वारा पानी की दरें 27.71 रुपए से बढ़ाकर 100 रुपए प्रति 1,000 लीटर करने के बाद भारी वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, नागरिक निकाय ने इस वृद्धि को निवासियों पर नहीं डाला, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय दबाव बढ़ गया। सोलन नगर परिषद को 2020 में निगम में अपग्रेड किया गया था और अप्रैल 2021 में निर्वाचित प्रतिनिधियों ने कार्यभार संभाला। उस समय, पानी का बकाया 77.5 करोड़ रुपए था। उसके बाद से 51 महीनों में यह राशि लगभग 60 प्रतिशत बढ़कर 127.57 करोड़ रुपए हो गई है। इस बढ़ती देनदारी ने धन की कमी से जूझ रहे नगर निगम को गंभीर वित्तीय संकट में डाल दिया है, अब जबकि कैबिनेट ने अन्य शहरी क्षेत्रों की तरह जल वितरण का काम जेएसडी को सौंपने की मंजूरी दे दी है।



नगर निगम सोलन का कार्यालय।

**कांग्रेस पार्षद बकाया राशि पूरी तरह माफ करने की उठा चुके हैं मांग**

कांग्रेस पार्षदों ने सामूहिक रूप से बकाया राशि पूरी तरह माफ करने की मांग की है। महापौर उषा शर्मा और पूर्व उप-महापौर एवं पार्षद राजीव ने इस अपील का नेतृत्व किया और इस महत्वपूर्ण कदम के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू, उप-मुख्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह का आभार व्यक्त किया। पार्षदों ने जोर देकर कहा कि इस हस्तांतरण से शहरी क्षेत्रों में पानी की दरें एक समान हो जाएंगी और बढ़ती हुई देनदारियां खत्म हो जाएंगी, जिन्हें नगर निगम अब वहन नहीं कर सकता। हालांकि, हस्तांतरण के संचालन संबंधी विवरण अभी अंतिम रूप दिए जाने बाकी हैं।

### जलापूर्ति एक महंगा सौदा

**वर्तमान** में नगर निगम के लिए जल आपूर्ति एक महंगा सौदा बन चुका था। पानी के बिलों से प्राप्त राजस्व का आधा हिस्सा रखरखाव, बुनियादी ढांचे की मरम्मत और कर्मचारियों के वेतन पर खर्च होता है। शेष राशि जेएसडी से पानी खरीदने में खर्च होती है। पूर्व उपमहापौर कौड़ा ने विस्तार से बताया कि नगर निगम में जल वितरण के लिए 27 कर्मचारी, बिलिंग और मीटर संबंधी कार्यों के लिए नौ कर्मचारी और दो इंजीनियर कार्यरत हैं। केवल मासिक मरम्मत और रखरखाव का खर्च 56 लाख रुपए है, जबकि कर्मचारियों के वेतन पर सालाना 1.83 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च आता है, जिससे पहले से ही सीमित संसाधन और भी कम हो जाते हैं, जिन इलाकों में जेएसडी सीधे पानी की आपूर्ति करता है, वहां विभाग 1,000 लीटर पर 13.82 रुपए का शुल्क लेता है। सोलन के निवासियों को अब डर है कि एक बार जब जेएसडी पूरे शहर में पानी का वितरण अपने हाथ में ले लेगा, तो नया स्लैब-आधारित शुल्क लागू हो सकता है, जो ज्यादा इस्तेमाल पर 19.30 रुपए से लेकर 33.28 रुपए प्रति 1,000 लीटर तक हो सकता है। इससे कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका बढ़ गई है। सोलन और पालमपुर को छोड़कर, हिमाचल प्रदेश के सभी शहरी क्षेत्रों में जल वितरण का प्रबंधन पहले से ही जेएसडी द्वारा किया जाता है। सोलन को इस मॉडल के साथ जोड़ने के कदम से परिचालन में स्थिरता और वित्तीय स्थिरता दोनों आने की उम्मीद है, बशर्ते कि अनुरोध के अनुसार लंबित बकाया राशि माफ कर दी जाए।

### सृष्टि में कुछ भी स्थायी नहीं : आचार्य

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** इस सृष्टि में कुछ भी स्थायी नहीं है, इसलिए हमें अपनी उपलब्धियों पर कभी भी अहंकार नहीं करना चाहिए। यह बात सनातन धर्म मंदिर राजगढ़ में चल रहे 15वें भक्ति ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत आयोजित शिवमहापुराण कथा के दौरान व्यास पीठ से आचार्य पंकज महाराज ने कही।



उन्होंने कहा कि साधक को सदैव प्रभु की भक्ति में लीन रहते हुए विनम्रता बनाए रखनी चाहिए। आचार्य पंकज ने स्पष्ट किया कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश में कोई भेद नहीं है, ये तीनों एक ही परम तत्व के स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि शिव भक्तों को ललाट पर त्रिपुंड, गले में रुद्राक्ष तथा शरीर पर भस्म धारण करनी चाहिए। रुद्राक्ष धारण करने से मन, वचन और कर्म पवित्र होते हैं तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वहीं, भस्म शरीर को नश्वरता की याद दिलाती है, अहंकार का नाश करती है और साधक को भक्ति में दृढ़ बनाए रखती है।

## पाइनग्रोव स्कूल ने सीबीएसई नॉर्थ जोन-दो अंडर-19 गर्ल्स सॉकर चैंपियन खिताब जीता




अनंत ज्ञान, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल ने दृढ़ संकल्प, अनुशासन और प्रभुत्व का अनूठा प्रदर्शन करते हुए पंजाब के संगरूर स्थित अकाल सहाय अकादमी में आयोजित प्रतिष्ठित सीबीएसई नॉर्थ जोन-दो अंडर-19 गर्ल्स सॉकर चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। शीर्ष स्तर के सीबीएसई स्कूलों की बेहतरीन प्रतिभाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए पाइनग्रोव की लड़कियों ने बेजोड़ टीम वर्क और कौशल से अपनी क्षमता का परिचय दिया। सेमीफाइनल में मेजबान टीम पर 3-0 की शानदार जीत के बाद, उन्होंने न केवल तकनीकी प्रतिभा का अद्भुत खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मुकाबला हिम्मत और रणनीति की सच्ची परीक्षा था। इसमें पाइनग्रोव का मुकाबला विद्या देवी जिंदल स्कूल, हिसार की प्रतिभाशाली टीम से हुआ। ग्रोवियन्स ने रोमांचक मुकाबले में 1-0 की मामूली, लेकिन निर्णायक जीत हासिल कर अपना नाम गौरवान्वित किया और चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। यह उल्लेखनीय उपलब्धि खेल में उत्कृष्टता के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता और टीम के सदस्यों की अदम्य भावना का एक ज्वलंत प्रमाण है, जिन्होंने पाइनग्रोव का परचम लहराया और इस प्रकार इसे धैर्य, गौरव और बालिका शक्ति की एक अविस्मरणीय जीत बना दिया है, जिससे 2025 के राष्ट्रीय चैंपियन पाइनग्रोव स्कूल को 2026 के सीबीएसई नेशनल्स में जगह मिली है।

### पंचकूला में भंडारे के साथ जताया कृतज्ञता का भाव

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपलब्धियों से भरे एक वर्ष के उपलक्ष्य में, शूलिनी विवि के पंचकूला स्थित ट्राइसिटी कार्यालय ने प्रवेश द्वार के सामने एक भंडारे का आयोजन किया। यह आयोजन कृतज्ञता और उत्सव का प्रतीक था। इसमें विश्वविद्यालय के कर्मचारी, अतिथि और स्थानीय समुदाय के सदस्य एकत्रित हुए। 400 से अधिक लोग लंगर में शामिल हुए। इसे शूलिनी विवि के कर्मचारियों ने स्वयं तैयार कर परोसा। इस आयोजन ने विवि की एकता, विनम्रता और साझा उद्देश्य की संस्कृति को उजागर किया। शूलिनी विवि की ट्रस्टी व निदेशक निष्ठा शुक्ला आनंद ने कहा कि पिछला वर्ष शूलिनी विवि के लिए महत्वपूर्ण रहा है। यह भंडारा हमारी यात्रा में योगदान देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देने का तरीका था।

## 26 घंटे बाद भी नहीं खुला सनौरा-नेरीपुल-छैला मार्ग

बीआर चौहान, अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** करीब 26 घंटे बीत जाने के बाद भी यशवंतनगर सनौरा-नेरीपुल-छैला मार्ग नहीं खुल पाया। सड़क के दोनों ओर सैकड़ों भारी व हल्के वाहन जाम में बीते कल से फंसे हैं। बता दें कि शनिवार को करीब सायं 4 बजे जघेड़ के समीप भारी भूस्खलन होने से यह रास्ता बंद हो गया था।

हालांकि, लोक निर्माण विभाग ने दो जेसीबी को रविवार प्रातः कार्य पर लगा दिया था, लेकिन भूस्खलन इतनी भारी मात्रा में हुआ है कि 26 घंटे बीत जाने के बाद भी सनौरा-नेरीपुल नहीं रोड खुल पाया है। कनिष्ठ अभियंता लोनिवि हाब्बन ब्रिजेश शर्मा ने बताया कि शनिवार को जघेड़ के समीप सायं करीब चार बजे इस स्थल पर भारी ढांक गिरने से सड़क अवरूद्ध हो गई थी। सड़क खोलने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि



इससे पहले शनिवार को ही प्रातः 8 बजे यह रोड भूस्खलन होने से बंद हो गया था, जिसे दोपहर बाद खोल दिया गया था। इसके उपरांत दोबारा भारी लैंड स्लाइड हुआ है। सायं सात बजे तक हल्के वाहनों के लिए रोड खुल जाने की उम्मीद है। रोड पर इन दिनों अपर शिमला का सेब इस सड़क के माध्यम से देश की विभिन्न मंडियों में पहुंच रहा है। सारी गाड़यां बीते रोज से फंसी हैं। हालांकि, कुछ गाड़ियों वाया चंदोल राजगढ़ होते हुए सोलन निकल रही है, लेकिन उपर जाने वाली गाड़ियों का लंबा जाम लगा है, जिससे यात्री परेशान हो रहे हैं।

## पानी की निकासी न होने से खेतों में खड़ी फसलें हो रही बर्बाद : प्रेम

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

सब उपमंडल के तहत दाड़लाघाट, रौडी और बरायली पंचायत में भारी बरसात के कारण बिगड़ते हालात की वजह से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टूटी सड़कों और पैदल रास्तों की दुर्दशा ने आम जनता की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

सब उपमंडल पंचायत सुधार सभा दाड़लाघाट के महासचिव प्रेम केशव ने बताया कि अंबुजा सीमेंट कंपनी गेट से दाड़लाघाट तक के रास्ते की हालत बदतर है। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। पानी की निकासी न होने से खेतों में फसलें बर्बाद हो रही हैं। यह समस्या न केवल आम जनता के लिए, बल्कि किसानों के लिए भी बहुत बड़ी परेशानी बन गई है। प्रेम केशव ने बताया कि ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के पुराने अस्पताल अंबुजा चौक के पास बने शौचालय की हालत दयनीय है। इससे आम आदमी के लिए इनमें जमा गंदगी बिमारी का घर बन गई है। बदबू और गंदगी ने आम आदमी के लिए इसे असहनीय बना दिया है। सुधार सभा ने ग्राम पंचायत, कंपनी और विभाग से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई है। इसमें सड़कों और पैदल रास्तों की मरम्मत, पानी की निकासी और शौचालय की सफाई और रखरखाव शामिल है। सभा के प्रेम लाल, बाबू राम, परस राम, सोहन लाल प्रदीप, मनोज शर्मा, रोशन ठाकुर, हरी राम, देवेंद्र, रती राम, तुलसी राम, लोकराम, रामदत, कनहीया कश्मीरी, ठाकुरू राम, पुरषोत्तम, ख्याली, मनसा राम सहित सभा सदस्यों ने उम्मीद जताई है कि संबंधित अधिकारी इस मुद्दे पर ध्यान देंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे। सभा के महासचिव प्रेम केशव ने बताया कि विधायक संजय अवस्थी को इस मुद्दे पर अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

### कंडानाला-राजगढ़ पेयजल योजना ठप

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ शहर को पेयजल उपलब्ध कराने वाली कंड़ानाला-राजगढ़ प्रवाह योजना शुक्रवार को भूस्खलन की चपेट में आने से ठप पड़ गई। शमोगा और कंडा के बीच कई स्थानों पर हुए भारी भूस्खलन से मुख्य पाइपलाइन टूट जाने के कारण नगर पंचायत क्षेत्र में जलापूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। पानी की आपूर्ति रुकने से अधिकांश वार्डों में पेयजल संकट गहरा गया है। कई इलाकों में तो स्थानीय जल स्रोत भी मौजूद नहीं हैं। इससे पीने के पानी की समस्या और गंभीर हो गई है। जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता जोगेंद्र चौहान ने बताया कि पाइपलाइन दो से तीन जगह क्षतिग्रस्त हुई है। विभाग के कर्मचारी खराब मौसम और कठिन परिस्थितियों के बावजूद मरम्मत कार्य में जुटे हैं, ताकि आपूर्ति जल्द बहाल की जा सके। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि मरम्मत पूरी होने तक पानी का अत्यधिक सावधानी से उपयोग करें और अनावश्यक रूप से व्यर्थ न बहाएं।

## यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन व स्काउट एंड गाइड ने रोपी हरियाली

अनंत ज्ञान, सराहां

यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद चैप्टर ने राजकीय महाविद्यालय सराहां के स्काउट एंड गाइड एवं एनएसएस के स्वयंसेवियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया।

इसमें बरगद, शमी के साथ दाड़ो के पौधे लगाए। इस अवसर पर बीआरसी ऑफिस के आसपास साफ-सफाई भी की गई और इधर-उधर फैले कचरे व पॉलीथिन को उठाया गया। वहीं, शहीद स्मारक की भी सफाई की। कॉलेज की कैरियर कौंसिल एंड प्लेसमेंट सेल ने कुश्ती ग्राउंड में यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद द्वारा आयोजित रोजगार मेले में युवाओं को कैरियर के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कॉलेज के स्वयंसेवियों व स्काउट एंड गाइड ने वेटरन्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित रोजगार मेले, स्वास्थ्य कैंप, आधार सुधार कैंप में वेटरन्स के साथ मिलकर बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसकी उपस्थित लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।


पौधरोपण के दौरान स्काउट एंड गाइड एवं एनएसएस के स्वयंसेवी।

इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुलशम कुमार ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर कॉलेज के प्रो. जगमोहन सिंह, प्रो. सुदेश कुमार, प्रो. प्रियंका सराओ, प्रो. कृष्ण दत्त व यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद चैप्टर के अध्यक्ष संजय राजन, वेटरन प्रीतपाल ठाकुर, वेटरन मदन स्वरूप, वेटरन इंद्र दूत, वेटरन नरेश शर्मा, वेटरन सुरेंद्र पुंडीर, वेटरन श्याम लाल, वेटरन वीरेंद्र अत्री, वेटरन सुनील दत्त, वेटरन दीप राम, वेटरन रमेश गौतम, वेटरन भुवनेश्वर दत्त के इलावा कॉलेज के दो दर्जन स्काउट एंड गाइड एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे। एसोसिएशन पास्ट, प्रेजेंट और फ्यूचर के थीम को लेकर तीन पीढ़ियों को साथ लेकर मिलकर सामाजिक कार्य करती है।

## बस स्टैंड से बद्रीपुर तक बच्चों की भिक्षावृत्ति बनी चिंता का विषय



बस स्टैंड से लेकर बद्रीपुर तक किसी मजबूरी या लाचारी में भिक्षावृत्ति कर रहे बच्चे।

अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान

**पांवटा साहिब।** सिरमौर जिले के पांवटा साहिब क्षेत्र में बस स्टैंड से लेकर बद्रीपुर तक बड़ी संख्या में ऐसे मासूम बच्चे देखे जा सकते हैं, जो स्कूल की बजाय सड़कों पर भीख मांगते हुए नजर आते हैं।

इन बच्चों की उम्र खेल-कूदने और पढ़ाई करने की होती है, लेकिन वे किसी मजबूरी या लाचारी में भिक्षावृत्ति कर रहे हैं। इससे राहगीरों के साथ वाहन चालक भी परेशान हो जाते हैं। ऐसे में सरकार, प्रशासन और समाज को मिलकर इस गंभीर समस्या पर कठोर कदम उठाने की जरूरत है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सर्वे करके ऐसे बच्चों की पहचान हो पुनर्वास और शिक्षा की उचित व्यवस्था करने मांग की है। साथ ही इनके माता-पिता या संरक्षकों को जागरूक और बाल कल्याण समितियों को सक्रिय किया जाए।

**अनुभव** शूलिनी विश्वविद्यालय में आपराधिक न्याय पर तीन दिवसीय कार्यशाला

## असमानता व किशोर न्याय पर खोलीं नई सोच की दिशाएं

अनंत ज्ञान, सोलन

शूलिनी विश्वविद्यालय के विधि विज्ञान संकाय ने रॉयल हॉलोवे, लंदन विश्वविद्यालय के सहयोग से व्यवहार में आपराधिक न्याय प्रणाली विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वैश्विक दृष्टिकोणों और स्थानीय वास्तविकताओं को एक साथ लाया गय।

इससे छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए सीखने का अनुभव समृद्ध हुआ। कार्यशाला में डॉ. शैलेश कुमार, एक अपराध विज्ञानी, राष्ट्रमंडल विद्वान और रॉयल हॉलोवे, लंदन विश्वविद्यालय में विधि के व्याख्याता ने भाग लिया। अपने परिचयात्मक भाषण में, शूलिनी विवि के कुलाधिपति प्रो. पीके खोसला ने एक प्रगतिशील और सामाजिक रूप से जागरूक कानूनी शिक्षा वातावरण के निर्माण में इस तरह के अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र का नेतृत्व शूलिनी विवि के विधि विज्ञान संकाय के एसोसिएट डीन, प्रो. (डॉ.) नंदन शर्मा ने किया, जिन्होंने कार्यशाला का औपचारिक शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कानूनी सिद्धांत को सामाजिक वास्तविकताओं के साथ जोड़ने के महत्व को रेखांकित किया और संकाय के दृष्टिकोण को निरंतर समर्थन देने के लिए कुलपति प्रो. अतुल खोसला और वरिष्ठ नेतृत्व को धन्यवाद दिया। तीन दिनों तक, मुख्य वक्ता डॉ. शैलेश कुमार ने हम दंड क्यों देते हैं?, कानून और असमानता, और किशोर न्याय जैसे विषयों पर विचारोत्तेजक व्याख्यान दिए। पोस्को अधिनियम, अपराधिक न्याय सुधारों और हाशिए के समुदायों के लिए न्याय तक पहुंच पर अपने शोध के आधार पर, उनके सत्रों ने छात्रों में गहन चिंतन को प्रोत्साहित किया। एक विशेष रूप से आकर्षक सत्र में छात्रों ने वास्तविक जीवन के मामलों के माध्यम से दंड के सिद्धांतों का विश्लेषण किया, न्याय के भावनात्मक और कथात्मक, दोनों पहलुओं की खोज की। जाति, वर्ग और कानूनी उपायों तक पहुंच पर चर्चाओं ने छात्रों को भारत की न्याय प्रणाली में संरचनात्मक बाधाओं के बारे में गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित किया। एलएलएम और पीएचडी छात्रों के लिए, डॉ. कुमार ने शोध डिजाइन, अकादमिक लेखन, नीति अनुवाद और प्रकाशन रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया। व्यक्तिगत परामर्श ने शुरुआती करियर वाले शोधकर्ताओं को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। कक्षा के अलावा, कार्यशाला में संकाय सदस्यों के साथ बातचीत, योगानंद ज्ञान केंद्र का दौरा और एक प्रतीकात्मक पौधरोपण अभियान भी शामिल था, जिसने प्रतिभागियों के लिए सार्थक अनुभव प्रदान किए। कार्यशाला का संचालन शूलिनी विवि के विधि विज्ञान संकाय की सहायक प्रोफेसर मेघना ठाकुर और पलक शर्मा ने किया। उन्होंने कहा, हम चाहते थे कि हमारे छात्र कानून को केवल नियमों के रूप में न देखें, बल्कि जीवन को प्रभावित करने वाले एक जीवंत साधन के रूप में देखें। इस कार्यशाला के माध्यम से, डॉ. शैलेश ने हमें वह दृष्टिकोण विकसित करने में मदद की।


शूलिनी विश्वविद्यालय में आपराधिक न्याय पर कार्यशाला में मौजूद गणमान्य लोग।

## ग्राम कोटड़ी में खुशियों का घर का भूमि पूजन, बेसहारा लोगों को मिलेगा आश्रय



अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

ग्राम कोटड़ी में मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के चौथे स्थापना दिवस पर आयोजन के तहत खुशियों के घर का भूमि पूजन किया गया, जो आने वाले समय में अनाथ, असहाय, वृद्ध और बेसहारा लोगों के लिए एक आश्रय स्थल के रूप में कार्य करेगा।

इस पुण्य कार्य का भूमि पूजन महंत बाबा स्वरूप नाथ व धर्म नाथ के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस खुशियों के घर का निर्माण मेरा गांव मेरा देश-एक सहारा संस्था द्वारा किया जा रहा है, जो पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है। संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता व अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने बताया कि यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि उन लोगों के लिए एक नई उम्मीद है, जो जीवन की कठिनाइयों में अकेले पड़ गए हैं। यहां निशुल्क आवास और भोजन की सुविधा दी जाएगी, साथ ही उन्हें वह सम्मान मिलेगा, जिसके वे हकदार हैं। संस्था की अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने सामुदायिक सहभागिता की अपील कर कहा कि संस्था ने स्थानीय निवासियों, सामाजिक संगठनों और प्रशासन से इस कार्य में सहयोग व आशीर्वाद देने की अपील की है, ताकि यह केंद्र एक सफल व अनुकरणीय उदाहरण बन सके। भूमि पूजन के अवसर पर कोटड़ी ब्यास ग्राम पंचायत प्रधान सुरेश कुमार, संस्था के संरक्षक धर्मेंद्र शर्मा, अशोकेंद्र कश्यप, नीरज बंसल, गिरिश कांत, संजीव कुमार, तरुण खन्ना, दुर्गेश गर्ग, हरीश कुमार, गुरिंदर चौधरी, अमित, शिवानी व समाजसेवी श्याम लाल पुंडीर, मुकेश रमौल तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### झज्जर में फिर महसूस हुए भूकंप के झटके

**अनंत ज्ञान, झज्जर।** हरियाणा के झज्जर जिले में रविवार शाम 4:10 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र बीड़ सुंडरवाला गांव में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। झज्जर में भूकंप के झटके महसूस होते ही कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। पिछले एक माह में जिले में यह पांचवां मौका है, जब भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र झज्जर-बहादुरगढ़ रोड पर स्थित बीड़ सुनरवाला गांव रहा। यह धरती के 10 किलोमीटर की गहराई पर था। इसका अक्षांश 28.63 और देशांतर 76.72 रहा। गांव दुलहेड़ा निवासी संजय ने बताया कि वह अपनी दुकान में बेंच पर बैठे थे। उसी दौरान बेंच जोर से हिला। पहले तो उन्होंने सोचा कि उनके बेंच को किसी ने हिला दिया है, लेकिन आसपास कोई नहीं था जिससे तय हुआ कि यह भूकंप का झटका था। पड़ोस के दुकानदार प्रमोद ने भी इसकी पुष्टि की। झज्जर जिला बार-बार भूकंप के झटकों का केंद्र झज्जर जिला बनता जा रहा है। जिले में अब तक भूकंप के कई झटके अलग-अलग दिनों में महसूस किए जा चुके हैं। ठीक एक महीना पहले पहले बीते 10 जुलाई को भूकंप के दो झटके महसूस किए गए थे। 10 जुलाई को सुबह 9 बजकर 4 मिनट पर भूकंप का पहला झटका महसूस किया गया था। उसके बाद 9 बजकर 6 मिनट पर दूसरा हल्का झटका महसूस किया गया था। इसका केंद्र गांव रामपुरा था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.4 थी। उसके अगले ही दिन 11 जुलाई को भी भूकंप का झटका महसूस किया गया था। शाम 7 बजकर 49 मिनट पर भूकंप का झटका महसूस हुआ था। इसकी तीव्रता 3.7 रही। भूकंप का केंद्र छारा गांव रहा। इसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। इसका अक्षांश 28.68 और देशांतर 76.72 रहा। इसके बाद 17 जुलाई को भी भूकंप का झटका महसूस किया गया था। इसकी तीव्रता 2.5 रही। भूकंप का यह झटका दोपहर 12 बजकर 34 मिनट पर महसूस हुआ।

### नाबालिगा से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** थाना कुंडली पुलिस ने नाबालिगा लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी असलम निवासी गाजीपुर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। मामला 6 अगस्त 2025 को दर्ज हुआ, जब पीड़िता की मां ने शिकायत दी कि आरोपी ने उनकी नाबालिगा बेटी और भांजी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच टीम ने नाबालिगा का बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराया और महिला विशेषज्ञ व विधिक सहायता के माध्यम से काउंसलिंग करवाई। इसके बाद आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है।

### पिता ने बेटे को गोली मारी, फिर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद।** जिले के गांव काजलहेड़ी में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति ने पहले अपने बेटे को गोली मारी और उसके बाद खुद के माथे में भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली लगने से व्यक्ति ने जहां मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं उसके बेटे को गंभीर अवस्था में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी घटनास्थल का दौरा कर साक्ष्य जुटाए। अभी पुलिस विवाद का कारण पता लगाने में जुटी हुई है। प्राथमिक जांच में यही सामने आया है कि पति-पत्नी का लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार, गांव काजलहेड़ी निवासी 80 वर्षीय राजाराम अपने बेटे जयसिंह के साथ गांव में रहता था, वहीं, उसकी पत्नी छोटे बेटे अनूप के साथ ढाणी में रहती थी। राजाराम और उसकी पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। रविवार दोपहर को राजाराम ढाणी में गया था। उसी दौरान उसकी छोटे बेटे अनूप के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इससे तैश में आकर राजाराम ने बेटे को अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से अनूप को गोली मार दी। इसके बाद खुद के माथे में भी गोली मारकर सुसाइड कर ली। वह तीन बेटों और तीन बेटियों का पिता था। उसके बड़े बेटे सुभाष का निधन हो चुका है, जबकि राजाराम अपने लड़के जयसिंह के साथ वहां रहता था। तीसरा छोटा बेटा अनूप अपनी मां के साथ ढाणी में पिता से अलग रहता था। सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव में मुख्यमंत्री सैनी ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश, कहा-

# विकास के साथ पर्यावरण संतुलन जरूरी

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। आधुनिक विकास की रफ्तार के बीच हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जीवन का आधार वनों और पेड़ों से ही है। जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा और बढ़ते तापमान जैसी समस्याओं का समाधान बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और उनके संरक्षण से ही संभव है, जो भविष्य की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है।

हरियाणा सरकार ने इस दिशा में कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं और विभिन्न अभियानों के तहत प्रदेश में 2 करोड़ 10 लाख पौधे लगाए जाएंगे, जिसे सामूहिक प्रयासों से पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज जिला कुरुक्षेत्र के स्योंसर में आयोजित 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने सरस्वती आर्द्रभूमि जलाशय, सरस्वती पादप एवं जैव विविधता



संरक्षण वाटिका और सरस्वती जंगल सफारी का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने वन विभाग द्वारा तैयार हरियाणा वाइल्ड लाइफ मैप व कुरुक्षेत्र वाइल्ड लाइफ मैप तथा 5 पुस्तकों-सरस्वती आर्द्रभूमि जलाशय, सरस्वती प्राकृतिक पर्यटन विहार, सरस्वती पादप एवं जैव विविधता संरक्षण वाटिका, त्रिफला पुस्तिका और नीम गिलोय पुस्तिका का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे वृक्षारोपण को एक जन आंदोलन बनाएं।

### विपक्ष ने चलाया वोट चोरी का नया एजेंडा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है, लेकिन विपक्ष हमेशा सरकार के कामों की आलोचना करता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस पार्टी का 55 वर्षों तक देश में शासन रहा और लोगों की अपेक्षाओं पर खरा न उतरने के कारण लोगों ने उनको बाहर का रास्ता दिखाया, वे पहले तो ईवीएम को दोषी ठहराते थे, लेकिन आज उन्होंने एक नया एजेंडा चला रखा है वोट चोरी होने का। कोई उन्हें बताए कि वोट चोरी नहीं हुए हैं, बल्कि उनके काले कारनामों के कारण लोगों ने उन्हें नकार दिया है।

### वन महोत्सव पर प्रकृति से जुड़ने का अवसर : नवीन

**समारोह** में सांसद नवीन जिंदल ने वृक्षारोपण का दिन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, प्रकृति और पर्यटन को एक साथ जोड़ने का अवसर है। कहा कि आज का दिन केवल वृक्षारोपण का दिन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, प्रकृति और पर्यटन को एक साथ जोड़ने का अवसर है। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल हरियाली का प्रतीक नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। ये शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, जल स्रोतों का संरक्षण करते हैं, जैव विविधता की रक्षा करते हैं और किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को मुख्यमंत्री सैनी ने हरियाणा में मजबूती से आगे बढ़ाया है, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री द्वारा स्योंसर में सरस्वती वेटलैंड रिजर्वायर, सरस्वती बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन पार्क और सरस्वती फॉरेस्ट नेचर एजुकेशन रिसोर्ट का शिलान्यास किया गया है।

# धामी ने 13 आदर्श संस्कृत ग्रामों का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को राप्र विद्यालय, भोगपुर, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए राज्य के 13 जिलों के 13 आदर्श संस्कृत ग्रामों का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भविष्य में इन सभी आदर्श संस्कृत ग्रामों में संस्कृत भवनों के निर्माण के साथ ही राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालयों की भी स्थापना करेगी। मुख्यमंत्री ने देहरादून में भोगपुर गांव, टिहरी गढवाल के मुखेम गांव, उत्तरकाशी के कोटगांव, रुद्रप्रयाग के बैंजी गांव, चमोली के डिम्मर गांव, पौड़ी गढ़वाल के गोदा गांव, पिथौरागढ के उर्ग गांव, अल्मोड़ा के जैंती पाण्डेकोटा गांव, बागेश्वर के शेरी गांव, चम्पावत के खर्ककार्की गांव, हरिद्वार के नूरपुर पंजनहेडी गांव, नैनीताल के पांडे गांव एवं ऊधम सिंहनगर के नगला तराई गांव को आदर्श संस्कृत ग्रामों के रूप में उनका शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न संस्कृति ग्रामों के लोगों से वर्चुअल माध्यम से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी और पौड़ी में आई आपदा पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास कार्यों को पूरी संवेदना और तेज गति से करेगी। राज्य सरकार, उत्तराखंड के प्रत्येक जनपद में आदर्श संस्कृत ग्राम की स्थापना कर देववाणी संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। देवभूमि उत्तराखंड सदियों से देववाणी संस्कृत के अध्ययन और शोध का केंद्र रही है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय भी लिए हैं। नागरिक संहिता को हमारे राज्य में लागू किया गया है। नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद 23 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है।

# वीकेए ने जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर को सुधारने में निभाई अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के वार्षिक उत्सव पर वनवासी कल्याण आश्रम पंजाब द्वारा रविवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 38 स्थित रानी लक्ष्मीबाई महिला भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अतुल जोग ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया और नरवाना के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता एसके गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अतुल जोग ने संगठन द्वारा आदिवासियों और जनजातियों के विभिन्न संगठनों के लिए किए जाने वाले कार्यों का वर्णन करते हुए कहा कि भारतीय सामाजिक कल्याण संगठन है जो भारत में आदिवासी समुदायों के विकास और उत्थान पर केंद्रित है। इसकी स्थापना 1952 में वनयोगी बालासाहेब देशपांडे द्वारा जशपुर, छत्तीसगढ़ में की गई थी।

वीकेए भारत के कई राज्यों में कार्यरत है तथा जनजातीय बहुल क्षेत्रों में इसकी महत्वपूर्ण उपस्थिति है।

वीकेए ने जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनके समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस मौके पर संजय टंडन ने संगठन के विचार और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों और उनकी उपलब्धियों को जाने के उपरांत संगठन के कार्यकर्ताओं की भरपूर प्रशंसा करते हुए कहा कि ये एक नेक कार्य है जिसके लिए इसके समस्त कार्यकर्ता बधाई के पात्र है, हमें भी समाज के विभिन्न वर्गों के कुछ न कुछ करते रहना चाहिए यही समाज के प्रति हमारा कर्तव्य भी है।

# चंडीगढ़ में विकास पूरी तरह से ठप : भाजपा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आज दरुआ गांव में एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया।

यह कार्यक्रम भाजपा शासित नगर निगम की विनाशकारी कार्यप्रणाली के खिलाफ जनता के गुस्से का बड़ा प्रदर्शन बन गया। सभा को संबोधित करते हुए चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने नगर निगम में सत्तारूढ़ भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'लोग अब तंग आ चुके हैं। भाजपा शासित नगर निगम अकार्यक्षमता और उपेक्षा का पर्याय बन चुका है। विकास पूरी तरह ठप हो गया है। मैं एक बार फिर केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि नगर निगम का 30 प्रतिशत का वैधानिक हिस्सा तुरंत जारी किया जाए। मैं चंडीगढ़ की जनता की आवाज उठाता रहूंगा, चाहे इससे किसी को चोट ही क्यों न पहुंचे।

उन्होंने दरुआ गांव के निवासियों को आश्वासन दिया कि उनकी जायज़ मांगों को उठाया जाएगा और पूरा किया जाएगा। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए नगर निगम को व्यवस्थित रूप से बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पिछले आठ वर्षों से चंडीगढ़ भाजपा के कुशासन का शिकार रहा है।


गृह मंत्रालय द्वारा हाल ही में फंड देने से इनकार भाजपा के अहंकार और चंडीगढ़ की जनता के प्रति असंवेदनशीलता का प्रमाण है। उन्होंने नगर निगम को एक कठपुतली बना दिया है, जो अपने नागरिकों की सेवा करने में असमर्थ है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं हरमेल केसरी, सुरिंद्र सिंह, पवन शर्मा, कुलवंत सिंह, संदीप कुमार, सुरजीत ढिल्लों, राजदीप सिद्धू, आसिफ चौधरी, वसीम मीर, इमरान मंसूरी और हरिंद्र कुमार के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

## देश-विदेश

# कांग्रेस ने लोगों से 'वोट चोरी' के खिलाफ 'पंजीकरण' करने का अभियान किया शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राहुल गांधी के चुनाव में धांधली के दावों पर तीखा हमला बोलते हुए कांग्रेस ने एक वेब पेज शुरू किया है, जहां लोग पंजीकरण कराकर भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) से 'वोट चोरी' के खिलाफ जवाबदेही की मांग कर सकते हैं और डिजिटल मतदाता सूची की उनकी मांग के प्रति समर्थन व्यक्त कर सकते हैं। हिंदी में एक्स पर एक पोस्ट में, राहुल ने कहा कि 'वोट चोरी' 'एक व्यक्ति, एक वोट' के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है, और जोर देकर कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए एक साफ मतदाता सूची आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से हमारी मांग स्पष्ट है-पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची को सार्वजनिक करें ताकि जनता और राजनीतिक दल स्वयं इसका ऑडिट कर सकें। राहुल ने लोगों से *votechori.in/ecdemand* पर पंजीकरण कराकर इस मांग का समर्थन करने का आग्रह किया।




उन्होंने कहा, "यह लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई है।" कोई भी व्यक्ति पोर्टल लिंक पर क्लिक करके 'वोट चोरी का सबूत, ईसीआई जवाबदेही की मांग और वोट चोरी की रिपोर्ट' डाउनलोड कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

## मुंबई में लोकल ट्रेनों की टाइमिंग में बदलाव

**एजेंसी, मुंबई।** सेंट्रल और वेस्टर्न रेलवे में 10 अगस्त से काम के चलते रेलवे ने मेगा ब्लॉक किया है। रेलवे ट्रैक पर काम की वजह से कुछ लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। कुछ ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। कुछ लोकल ट्रेने ऐसी हैं जिन्हें आधे रास्ते पर हो रोक दिया जाएगा। इस दौरान यात्रियों को थोड़ी परेशानी हो सकती है। अगर आप लोकल ट्रेन से सफर करते हैं तो ट्रेनों का शेड्यूल देखकर ही घर से निकलें। वेस्टर्न रेलवे भी जंबो ब्लॉक कर रहा है। रेलवे लाइन पर मरम्मत का काम किया जाएगा। लोकल ट्रेने समय पर नहीं चलेंगी। कुछ को दूसरे रास्तों पर डायवर्ट करके चलाया जाएगा और कुछ कैंसल की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# चुनाव आयोग का राहुल गांधी को नोटिस-दावों के दस्तावेज कराएं जमा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दिल्ली में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में किए गए दावों को सत्यापित करने के लिए दस्तावेज जमा कराने को कहा है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कर्नाटक की ओर से लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस राहुल गांधी की 7 अगस्त की प्रेस वार्ता से संबंधित है।




उल्लेखनीय है कि 7 अगस्त को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर चुनावों में धांधली करने का आरोप लगाया था। इसके समर्थन में कथित तौर पर चुनाव आयोग के ही रिकॉर्ड को आधार बनाया था। राहुल गांधी पिछले काफी समय से चुनाव आयोग पर हमलावर हैं और उस पर वोट चोरी का आरोप लगाते रहे हैं। चुनाव आयोग हर बार उन्हें खारिज करते हुए यह प्रतिक्रिया देता रहा है कि अगर उनके पास इस संबंध में कोई भी साक्ष्य या दस्तावेज है तो वे जमा कराएं। यहां तक कि वे जो कह रहे हैं उसे ही शपथपूर्वक लिखित रूप से शिकायत के रूप में दें, पर राहुल गांधी केवल सार्वजनिक रूप से आरोप लगाते हैं, इसीलिए इस बार चुनाव आयोग ने नोटिस जारी कर उनसे दस्तावेज मांगा है। (अनंत ज्ञान)

## भारत अमेरिकी उत्पादों पर लगा सकता है 50% तक टैरिफ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारतीय स्टील, एल्युमिनियम और संबंधित उत्पादों पर 50 प्रतिशत का भारी आयात शुल्क लगाया है। इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी सामान पर टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर भारत का पहला औपचारिक पलटवार होगा। ट्रंप ने 31 जुलाई को सभी भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। फिर 6 अगस्त को रूस से तेल आयात को लेकर 25 का एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया था। (अनंत ज्ञान)

## चार नए आईपीओ की लॉन्चिंग आज से

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट का कारोबार पिछले दो सप्ताह की तुलना में अपेक्षाकृत शांत रहने वाला है। इस सप्ताह 4 कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। इनमें से 2 आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि शेष 2 आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इस सप्ताह नए आईपीओ की लॉन्चिंग भले ही सुस्त रहने वाली है,




लेकिन इस सप्ताह के दौरान लिस्टिंग के मोर्चे पर जमकर हलचल रहेगी। इस सप्ताह 11 कंपनियों के शेयर लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत करेंगे। इनमें से सिर्फ 11 अगस्त को ही 6 कंपनियों के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्ट होने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)

## महिला के फोन पर पेटीएम इंस्टॉल कर निकाले 14.35 लाख

**एजेंसी, नई दिल्ली।** द्वारका निवासी एक बुजुर्ग महिला के फोन पर पेटीएम इंस्टॉल कर उनके खाते से 14.35 लाख रुपए ट्रांसफर करने वाले जालसाज को जिला साइबर पुलिस ने गिरफ्तार कि कर लिया है। आरोपित की पहचान दीपक कुमार सैनी (31) के रूप में हुई है। उसे घर में नर्सिंग सहायक के तौर पर महिला की देखभाल के लिए रखा गया था। आरोपित के पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अंकित सिंह ने बताया कि रॉयल रेजीडेंसी (द्वारका) निवासी मंजूषा रानी गुप्ता (80) ने इस संबंध में साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि मार्च 2020 से उनके घर में दीपक सैनी नर्सिंग सहायक के रूप में काम कर रहा था। उनके डॉक्टर आदि लोगों से बात करने के लिए वह उनका फोन इस्तेमाल करता था। कई बार जांच के लिए जाने पर फोन उसी के पास होता था। (अनंत ज्ञान)

## लॉरेंस गैंग को कनाडा में आतंकी संगठन घोषित करने की मांग

**एजेंसी, जालंधर**

कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा के सरे में स्थित रेस्टोरेंट पर हुई फायरिंग के बाद भारतीय मूल के कुख्यात लॉरेंस गैंग को कनाडा में आतंकी संगठन घोषित करने की मांग जोर पकड़ गई है। कनाडा के नेताओं ने गैंग पर कार्रवाई की मांग उठाई है। कनाडा की अपराध नियंत्रण मंत्री रूबी सहोता ने इस पर कहा है कि सरकार इस पर गंभीरता से विचार कर रही है

कनाडा में हाल के महीनों में हुई कई हत्याओं और फिरौती मांगने को लेकर भारत के गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम आया है। वारदातों के बाद सोशल मीडिया पर खुलेआम जिम्मेदारी लेने वाले इस गैंग का आतंक कनाडाई नेताओं को भी चिंतित कर रहा है। मांग उठ रही है कि इसे आतंकवादी संगठन घोषित किया जाए। भारत के सबसे बड़े कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा के सरे में स्थित रेस्टोरेंट पर हुई फायरिंग के बाद ये मांग तेज हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# सोने में उछाल, चांदी में मामूली गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी का रुख जारी है। सोना आज 440 रुपए से 480 रुपए प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने के विपरीत चांदी के भाव में आज 100 रुपए प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,03,040 रुपए से लेकर 1,03,190 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 94,450 रुपए से लेकर 94,600 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,17,000 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। (अनंत ज्ञान)



# संसद सदस्यों के लिए नए फ्लैट तैयार प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह (बीकेएस) मार्ग पर संसद सदस्यों के लिए नवनिर्मित 184 फ्लैट्स का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में सिंदूर का पौधा लगाएंगे और श्रमजीवियों से बातचीत भी करेंगे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और विद्युत मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, आवास समिति (लोक सभा) के सभापति डॉ. महेश शर्मा, संसद सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

लोकसभा सचिवालय के अनुसार टाइप-7 के इस परिसर में सांसदों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। पर्यावरणीय रूप से अनुकूल इस भवन में ऊर्जा संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन जैसी विशेषताएं मौजूद हैं। (अनंत ज्ञान)

# पीएम इंटर्नशिप योजना फिर होगी शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

न्यूनतम उम्र 18 साल होगी, स्टाइपेंड बढ़ेगा; इंटर्नशिप अवधि 6 महीने से बढ़कर एक साल पीएम इंटर्नशिप योजना के पहले दो राउंड के नतीजे निराशाजनक रहे। इसके बाद केंद्र सरकार ने शीर्ष संस्थाओं से अध्ययन कराया। इसमें कंपनी की लोकेशन, एज लिमिट जैसी चार खामियां सामने आईं। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने इन खामियों को दूर करके योजना को लागू करने का रोड मैप बनाया है।




नए प्लान को पीएम कार्यालय को सौंप जाएगा और 2026-27 में 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक बजट के साथ स्कीम लागू होगी। फिलहाल इसका बजट 380 करोड़ रुपए है। वहीं, इंटर्न की न्यूनतम उम्र सीमा 21 से घटाकर 18 साल होगी। स्टाइपेंड भी बढ़ेगा। इंटर्नशिप अवधि 6 माह से एक साल हो सकती है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 बजट भाषण में योजना की घोषणा की थी। इसके तहत 5 सालों में एक करोड़ युवाओं के देश की टॉप-500 कंपनियों में पेड इंटर्नशिप दी जानी थी। इसके रजिस्ट्रेशन भी 15 नवंबर तक हुए थे। हालांकि, खामियों के चलते इसे रोक दिया गया। (अनंत ज्ञान)

**खुलासा** ऑपरेशन सिंदूर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले-

# पहलगाम के हमलावरों का धर्म नहीं, कर्म देखकर किया हिसाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर चलाया, उसकी चर्चा लगातार जारी है। एक दिन पहले वायुसेना प्रमुख ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर अहम खुलासे किए। अब केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस ऑपरेशन को लेकर महत्वपूर्व टिप्पणी की है।



उन्होंने कहा कि पहलगाम में जिस तरह से आतंकी हमला हुआ, कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि धर्म पूछकर मारा जाएगा। हमने भी ठान लिया था कि हम उनका धर्म पूछकर नहीं मारेंगे बल्कि कर्म देखकर मारेंगे और इसलिए उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाया गया। राजनाथ सिंह ने इस दौरान रामायण के एक वृतान्त का भी जिक्र किया। (अनंत ज्ञान)

### जब राजनाथ सिंह ने किया सीता-हनुमान का जिक्र

**रक्षामंत्री** ने कहा कि जब सीता जी का रावण ने अपहरण कर लिया था और वो लंका में थीं। तब हनुमान जी वहां पहुंचे। उन्होंने माता सीता का हाल जाना, इसी दौरान रावण के सैनिकों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की। इस पर हनुमान ने वहां जमकर उत्पात मचाया। इसके बाद जब वे सीता जी के पास पहुंचे, तो उन्होंने बहुत विनम्रता से पूछा, 'हे हनुमान! आपने यह क्या किया? आपने लंका में इतना उत्पात क्यों मचाया? आपने इतने लोगों को क्यों मारा?' इस पर हनुमान जी बहुत विनम्रता से बैठे और हाथ जोड़कर सीता जी से कहा, 'हे माता, जिन मोहि मारा, तिन माई मारे'। जिन्होंने हमारे लोगों को मारा, हमने उन्हें ही मारा।

# भारत, अमेरिका का सबसे बड़ा स्मार्टफोन सप्लायर बना : वैष्णव

**एजेंसी, मुंबई**

केंद्रीय रेल एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारत, अमेरिका का सबसे बड़ा स्मार्टफोन सप्लायर बन गया है।



बेंगलुरु में मेट्रो परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसी अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक निर्यात आठ गुना बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। वैष्णव ने टेक सप्लाई चेन में देश की मजबूत होती स्थिति पर कहा कि भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है।

वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में अमेरिका में आयात किए गए सभी स्मार्टफोन में भारत का हिस्सा 44 प्रतिशत था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के केवल 13 प्रतिशत से एक बड़ी छलांग है। चीन में असेंबल किए गए अमेरिकी स्मार्टफोन शिपमेंट में आई गिरावट का सबसे ज्यादा लाभ भारत ने उठाया है, जिसका मुख्य कारण एप्पल की 'चाइना प्लस वन' रणनीति है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में अब 300 मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं, जो 2014 में केवल दो थीं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### बीसीबी ने एलेक्स मार्शल को एसीयू सलाहकार नियुक्त किया

एजेंसी, ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) के पूर्व प्रमुख एलेक्स मार्शल को अपने संचालन की देखरेख के लिए एक साल के लिए सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है। बीसीबी ने मार्शल के अलावा दो और महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। जूलियन वुड को तीन महीने के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है जबकि टोनी हेमिंग दो साल के लिए पिच प्रबंधन के प्रमुख का पद संभालेंगे और सभी अंतरराष्ट्रीय स्थलों और क्यूरेटर के प्रभारी होंगे। ये निर्णय शनिवार को यहां शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बोर्ड सदस्यों की बैठक के दौरान लिए गए। वुड पावर-हिटिंग विशेषज्ञ हैं, जिन्होंने हाल ही में श्रीलंका क्रिकेट के साथ काम किया है। मार्शल पिछले वर्ष सितंबर तक आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई के महाप्रबंधक थे।(अनंत ज्ञान)

### गरियाबंद के लड़के को दिग्गज खिलाड़ियों ने किया फोन

एजेंसी, गरियाबंद। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के मडागांव में एक फिल्मी स्टाइल का मामला सामने आया है, जिसे सुनते ही हर जगह चर्चाएं हो रही हैं। सिर्फ 21 साल के युवक मनीष बीसी को अचानक क्रिकेटर रजत पाटीदार का पुराना मोबाइल नंबर अलॉट हो गया। इसके बाद मनीष को विराट कोहली, एब डिविलियर्स जैसे बड़े क्रिकेटरों के कॉल आने लगे। हालांकि शुरुआत में तो मनीष और उसके दोस्त खेमराज को लगा कि कोई मजाक कर रहा है, लेकिन जैसे-जैसे कॉल बढ़ते गए मामला और भी दिलचस्प होता गया। दरअसल ये मामला 28 जून, 2025 का है जब मनीष ने देवभोग के एक मोबाइल सेंटर से नया सिम लिया। सेंटर संचालक ने सामान्य प्रक्रिया के तहत नंबर जारी किया। कुछ दिन बाद मनीष ने इस नंबर पर वॉट्सएप इंस्टॉल किया तो प्रोफाइल में रजत पाटीदार की फोटो दिखाई दी। वहीं कॉल करने वाले खुद को बड़े क्रिकेटर बता रहे थे और मनीष को रजत भाई कहकर पुकार रहे थे। करीब 15 दिन तक यह सिलसिला चलता रहा। किसी कारणवश रजत पाटीदार का नंबर 90 दिन तक बंद रहा और कंपनी ने इसे नए ग्राहक को जारी कर दिया था। मामला एमपी साइबर सेल तक पहुंचा, और गरियाबंद पुलिस की मदद से मनीष के पिता गजेंद्र बीसी से बातचीत कर सिम वापस लिया गया। सिम वापसी के बाद इसे रजत पाटीदार के पते पर भेजा गया। (अनंत ज्ञान)

### उतार-चढ़ाव भरी शृंखला, लेकिन जो हुआ उसे भूल जाना जरूरी : करुण

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने इस बात पर अफसोस जताया कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में मिली शुरुआत को वह बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए लेकिन वह समझते हैं कि इन निराशाओं को दूर करना उनके लिए भविष्य में रन बनाने के लिए जरूरी है। नायर ने आठ साल के अंतराल के बाद वापसी करते हुए चार टेस्ट मैच में 25 की औसत से 205 रन बनाए जिसमें सिर्फ एक अर्धशतक शामिल है। नायर ने कहा, ''मैं ओवल में मिली शुरुआत (जहां उन्होंने 57 रन बनाए) को शतक में नहीं बदल पाने से निराश था। मैं थोड़ा घबराया हुआ था लेकिन अच्छा महसूस कर रहा था। मैं उम्मीद कर रहा था कि मैं इसे बदल पाऊंगा (शतक में) जो मैं नहीं कर सका।'' इस बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि यह उनके लिए 'उतार-चढ़ाव भरी श्रृंखला' रही और घरेलू क्रिकेट में बड़े स्कोर बनाने के बाद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद प्रदर्शन निराशाजनक रहा। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत टेनिस खिलाड़ी पाउला बडोसा

स्पेन। पाउला बडोसा एक खूबसूरत और प्रसिद्ध महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। वह स्पेन से हैं और अपनी खूबसूरती और टेनिस में शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 2024 सीजन में नौ महिला एकल मैचों में भाग लिया है, जिनमें से दो मैचों में उन्होंने खेल के बीच में ही संन्यास ले लिया।



## वनडे विश्व कप — आगे खेलने के लिए बीसीसीआई ने रखी शर्त

# रोहित-विराट का वनडे रिटायरमेंट तय!

एजेंसी, नई दिल्ली

टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली का अब वनडे क्रिकेट से भी रिटायरमेंट हो सकता है। टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं के अनुसार, 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियों को देखते हुए अब युवाओं को मौका देने का समय आ गया है। 2024 टी-20 विश्व कप जीतने के बाद दोनों खिलाड़ी टी-20 और फिर इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। इंग्लैंड दौरे पर खेलना चाहने के बावजूद बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी में औसत प्रदर्शन के बाद इन्हें टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली। दोनों दिग्गजों के संन्यास के बाद शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई।

अब कयास लगाए जा रहे हैं वनडे टीम को भी युवा नेतृत्व मिल सकता है। इस साल के अंत में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली वनडे क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह सिर्फ भारतीय क्रिकेट ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक युग के अंत के रूप में देखा जाएगा।

बीसीसीआई सूत्रों का कहना है कि अगर रोहित और कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भी वनडे खेलना चाहते हैं, तो उन्हें दिसंबर में होने वाली घरेलू विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी-अपनी राज्य टीमों के लिए खेलना पड़ेगा। ठीक वैसे ही, जैसे टेस्ट संन्यास से पहले रणजी ट्रॉफी के मैच खेलने पड़े थे। दोनों खिलाड़ियों की उम्र अभी क्रमशः 36 साल और 38 साल है और जब वनडे विश्वकप होगा, तब उनकी आयु 40 के आसपास होगी। ऐसे में यह भी संभव है कि घरेलू लीग में खेलने की इस शर्त के चलते दोनों ऑस्ट्रेलिया सीरीज को ही विदाई दौरा घोषित कर दें। (अनंत ज्ञान)



### विराट का वनडे क्रिकेट में प्रदर्शन

वहीं, विराट कोहली ने 2008 में पदार्पण कर अपने लगातार प्रदर्शन, लक्ष्य का पीछा करने की क्षमता और शतक लगाने की आदत से नया मानक कायम किया। उनके नाम 302 वनडे मुकाबलों में 14,181 रन बनाए हैं, यह इस फॉर्मेट में किसी भी बल्लेबाज का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। उनका सर्वाधिक स्कोर 183 रन है। 57.88 की शानदार औसत और 93.34 की स्ट्राइक रेट के साथ कोहली ने 51 शतक और 74 अर्धशतक अपने नाम किए हैं।

### रोहित का वनडे करियर

रोहित ने 2007 में वनडे डेब्यू किया था और अपने आक्रामक शॉट्स व शतकों के लिए मशहूर हुए। वनडे क्रिकेट में रोहित शर्मा ने अब तक 273 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 11,168 रन बनाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 264 रन है, जो वनडे इतिहास का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी है। 48.76 की औसत और 92.80 की स्ट्राइक रेट के साथ रोहित ने 32 शतक और 58 अर्धशतक जमाए हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था आखिरी मुकाबला

पिछले 15 सालों में विराट और रोहित ने वनडे क्रिकेट में भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इनके बिना टीम का चेहरा पूरी तरह बदल जाएगा। वनडे में इनका आखिरी मुकाबला चैंपियंस ट्रॉफी में 9 मार्च 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ था। इनके संन्यास के बाद युवा बल्लेबाज टीम में खाली हुई जगह भरने की कोशिश करेंगे। बीसीसीआई पहले से ही नेतृत्व और टीम बैलेंस बनाए रखने के लिए ट्रांजिशन प्लान पर काम कर रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेले जाएंगे तीन मैच

ऑस्ट्रेलिया दौरा (अक्तूबर 2025) इन दोनों के लिए वनडे करियर का संभावित आखिरी पड़ाव हो सकता है। इस दौरे पर तीन वनडे- पर्थ (19 अक्तूबर), एडिलेड (23 अक्तूबर) और सिडनी (25 अक्तूबर) में खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया में दोनों का प्रदर्शन हमेशा शानदार रहा है कोहली ने कई यादगार पारियां खेली हैं, जबकि रोहित ने कई सीरीज में कमाल किया है। यह दौरा उनके सुनहरे करियर का परफेक्ट अंत हो सकता है।

## ऑस्ट्रेलिया ने डार्विन ग्राउंड में जीता पहला टी-20 मैच



एजेंसी, डार्विन

ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका पर 17 रन की जीत हासिल की। इसी के साथ कंगारू टीम ने 3 मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

सीरीज का दूसरा मुकाबला 12 अगस्त को डार्विन ग्राउंड पर ही खेला जाएगा। इस मैदान पर पहली बार टी-20 इंटरनेशनल मैच का आयोजन हुआ है। इतना ही नहीं, यहां 18 साल बाद इंटरनेशनल मैच की वापसी हुई है।

179 रन चेज कर रही साउथ अफ्रीका 20 ओवर में 9 विकेट पर 161 रन ही बना सकी। ओपनर रायन रिकेल्टन ने 55 बॉल पर 71 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। शेष बैटर्स खास प्रदर्शन नहीं कर सके। ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड और बेन ड्वार्शिस ने 3-3 विकेट झटके। एडम जम्पा को 2 विकेट मिले।

**साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराया, टिम डेविड ने 83 रन की पारी खेली**

टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में 178 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने एक समय टीम ने 75 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में टिम डेविड ने स्कोर 150 पार पहुंचाया। उन्होंने 52 बॉल पर 83 रनों की आक्रामक पारी खेली। इस पारी में 4 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। साउथ अफ्रीका की ओर से क्वेना मफाका ने 4 विकेट झटके। कगिसो रबाडा को 2 विकेट मिले।(अनंत ज्ञान)

## रमेश बुधियाल ने एशियाई सर्फिंग में जीता कांस्य पदक

एजेंसी, चेन्नई



भारत के रमेश बुधियाल ने एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पुरुषों के ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। बुधियाल शनिवार को इस प्रतियोगिता के पदक दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे।

**प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले बने पहले भारतीय खिलाड़ी**

उन्होंने फाइनल में 12.60 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 15.17 अंक के साथ स्वर्ण पदक, जबकि इंडोनेशिया के पजार एरियाना ने 14.57 अंक के साथ रजत पदक जीता। ओपन महिला वर्ग में जापान की अनरी मात्सुनो (14.90 अंक) ने हमवतन सुमोमो साती (13.70) की कड़ी चुनौती से पार पाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। थाईलैंड की इसाबेल हिग्स ने 11.76 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 14.33 अंक प्राप्त कर अंडर-18 बालक वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। चीन के शिडोंग वू (13.10) और शुलोड जियांग (8) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

लड़कियों के अंडर-18 वर्ग में चीन की सिकी यांग ने 14.50 अंकों के साथ स्वर्ण और उनकी हम वतन शुहान जिन (10.33) ने रजत पदक जीता। थाईलैंड की इसाबेल (8.10 अंक) ने कांस्य पदक हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

## जापान के दो मुक्केबाजों की अलग-अलग मुकाबलों में सिर में चोट लगने से मौत

एजेंसी, तोक्यो



जापान के दो मुक्केबाजों की तोक्यो के कोराकुएन हॉल में अलग-अलग मुकाबलों में सिर में चोट लगने के कारण मौत हो गई।

पहली घटना दो अगस्त को घटी जब 28 वर्षीय शिगेतोशी कोटारी ओरिएंटल एंड पैसिफिक बॉक्सिंग फेडरेशन के जूनियर लाइटवेट चैंपियन यामातो हाटा के खिलाफ 12 राउंड का ड्रॉ पूरा करने के तुरंत बाद बेहोश हो गए। उनकी सबड्यूरल हेमेटोमा के लिए आपातकालीन सर्जरी की गई थी, लेकिन शुक्रवार को उनकी मृत्यु हो गई। पेशेवर मुक्केबाजी की सर्वोच्च संस्था विश्व मुक्केबाजी संगठन (डब्ल्यूबीओ) ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''मुक्केबाजी जगत जापान के मुक्केबाज शिगेतोशी कोटारी की दुखद मौत पर शोक व्यक्त करता है। वह रिंग में योद्धा थे।

उनके परिवार और जापान के मुक्केबाजी समुदाय के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं।'' शनिवार को जापान के एक अन्य मुक्केबाज 28 वर्षीय हिरोमासा उराकावा की योजी सैतो से नॉकआउट हार के दौरान सिर में चोट लगने से मौत हो गई। उनकी जान बचाने के लिए क्रैनियोटॉमी की गई थी। (अनंत ज्ञान)

## ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने क्रिकेट वनडे के बाद लिया संन्यास

एजेंसी, नई दिल्ली



न्यूजीलैंड की महिला ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। न्यूजीलैंड के लिए अपना आखिरी मैच उन्होंने 2021 में खेला था। 30 साल की थैमसिन न्यूटन ने 2015 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्हें बड़ी सफलता नहीं मिली। एक दशक के करियर के दौरान कई बार वह टीम से अंदर-बाहर हुईं। (अनंत ज्ञान)

### इंटरनेशनल पिच के आंकड़े

थैमिसन 2016 टी20 विश्व कप और 2017 वनडे विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थीं। वह मध्यम गति की तेज गेंदबाज और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी के लिए जानी जाती थीं। न्यूजीलैंड के लिए उन्होंने 10 वनडे और 15 टी20 मैच खेले। वनडे में 11 विकेट और 57 रन उनके नाम दर्ज हैं। 31 रन देकर पांच विकेट उनका श्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं, टी20 में उन्होंने 9 विकेट लिए थे। करियर के शुरुआती दौर में अपनी गेंदबाजी से उन्होंने प्रभावित किया था। दूसरे ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उन्होंने श्रीलंका के मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया और 9 रन देकर 3 विकेट लिए और नवंबर 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में पहली बार पांच विकेट लिए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ज्यादा वह घरेलू क्रिकेट में सफल रहीं। उन्होंने 2011-12 में वेलिंगटन के साथ अपने घरेलू करियर की शुरुआत की। 2014 से 2018 तक कैंटरबरी में रहीं। 2023-24 सीजन से पहले सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स में जाने से पहले, वह पांच साल के लिए वेलिंगटन लौटीं। उन्होंने न्यूजीलैंड की घरेलू वनडे प्रतियोगिता हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड का फाइनल चार बार, अलग-अलग टीमों के लिए खेला। कैंटरबरी और वेलिंगटन के साथ खेलते हुए एक-एक बार उन्होंने खिताब जीता। बीबीएल में वह पर्थ-स्कॉर्चर्स के लिए खेल चुकी हैं। न्यूटन न्यूजीलैंड की घरेलू महिला रग्बी यूनियन प्रतियोगिता, फराह पामर कप में वेलिंगटन प्राइड और हॉक्स बे टुई के लिए रग्बी भी खेल चुकी हैं।

## अल हिलाल ने नेमार की जगह डार्विन नुनेज को टीम से जोड़ा



एजेंसी, लंदन। सऊदी अरब के मशहूर फुटबॉल क्लब अल हिलाल ने ब्राजील के सुपरस्टार नेमार की जगह पर उरुग्वे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डार्विन नुनेज के साथ अनुबंध किया है।

अल हिलाल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लिवरपूल की तरफ से खेलने वाले नुनेज के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। रिपोर्टों के अनुसार यह अनुबंध छह करोड़ 20 लाख डॉलर में किया गया है। सऊदी अरब की सबसे सफल टीम अल हिलाल जनवरी में ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी नेमार को रिलीज करने के बाद एक और स्टार खिलाड़ी की तलाश में थी।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के कप्तान ब्रूनो ने जून में क्लब विश्व कप से पहले इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। नुनेज प्रीमियर लीग में मिले-जुले प्रदर्शन के बाद लिवरपूल छोड़ रहे हैं। 143 मैचों में 40 गोल किए और पिछले सत्र में प्रीमियर लीग का खिताब जीता। (अनंत ज्ञान)

## निशा और मुस्कान के स्वर्ण से अंडर 19 मुक्केबाजी में भारत के नाम नौ पदक

एजेंसी, बैंकॉक

**अंडर 22 वर्ग में पहले 13 पदक कर लिए है पक्के**



युवा भारतीय मुक्केबाज निशा और मुस्कान ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते, जबकि पांच अन्य खिलाड़ियों ने रजत पदक हासिल किए।

इस प्रतियोगिता के अंडर 19 वर्ग में भाग लेने वाली 10 महिला मुक्केबाजों में से नौ पदक जीतकर वापस लौटेंगी, जिनमें दो स्वर्ण और पांच रजत के अलावा दो कांस्य पदक शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और चीन जैसे देशों के मुक्केबाजों को कड़ी चुनौती देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। निशा ने 54 किग्रा वर्ग में चीन की सिकी यांग के खिलाफ तीसरे और अंतिम दौर में अपने खेल के स्तर को ऊंचा करते हुए 3-1 से जीत दर्ज की, जबकि मुस्कान (57 किग्रा) ने आक्रामक इरादे दिखाते हुए कजाकिस्तान की अयाज़ान एर्मेक की चुनौती को 3-2 के खंडित फैसले से मात दी। आरती कुमारी (75 किग्रा) को चीन की टोंगटोंग गु से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कृतिका वासन (80 किग्रा) का प्रयास कजाकिस्तान की कुराले येगिनबाइकिजी के खिलाफ 2:3 से हार से बचने के लिए काफी नहीं था। पारची टोकस (80+ किग्रा) को उज्बेकिस्तान की सोबिराखोन शाहोबिदिनोवा के खिलाफ इसी तरह के अंतर से हार मिली।

विनी 60 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की सेवारा ममातोवा से हार गईं, जबकि 65 किग्रा के खिताबी मुकाबले में जापान की अरिंदा अकीमोटो ने निशा को 4-1 से हराया। पुरुष वर्ग के फाइनल में भी तीन भारतीय मुक्केबाज चुनौती पेश करेंगे।

भारतीय मुक्केबाजों ने अंडर-22 वर्ग में पहले ही 13 पदक पक्के कर लिए हैं। इसके स्वर्ण पदक के मैच सोमवार को खेले जाएंगे। भारत ने अंडर-19 और अंडर-22 वर्ग में महाद्वीपीय प्रतियोगिता में 40 खिलाड़ियों का दल उतारा है। (अनंत ज्ञान)

## तेज गेंदबाज यश दयाल पर बैन, करियर भी संकट में

एजेंसी, नई दिल्ली



**नाबालिग के साथ बलात्कार का मामला दर्ज**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज यश दयाल इन दिनों गंभीर कानूनी संकट में फंस गए हैं। उन पर एक नाबालिग लड़की से बलात्कार का आरोप लगा है। इस मामले में कई मोड़ आ चुके हैं और अब उन्हें यूपी 20 लीग से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यश दयाल पर जयपुर के सांगानेर सदर पुलिस स्टेशन में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ रेप का मामला दर्ज हुआ है।

आरोप है कि यश ने नाबालिग का यौन शोषण किया। मामला सामने आने के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में उन्होंने अग्रिम जमानत की कोशिश की लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला नाबालिग से जुड़ा है इसलिए कोई राहत नहीं दी जा सकती। इस केस की अगली सुनवाई 22 अगस्त 2025 को होगी।

इससे पहले यश दयाल पर गाजियाबाद में भी एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। महिला ने आरोप लगाया था कि यश ने शादी का झांसा देकर संबंध बनाए। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उन्हें गिरफ्तारी से राहत दी थी। हालांकि जयपुर वाले मामले में उन्हें राहत नहीं मिली। बलात्कार के गंभीर आरोप लगने के बाद उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने यश दयाल को यूपी 20 लीग से बाहर कर दिया है।

## तैयारी — आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 30 सितंबर से शुरू

# न्यूजीलैंड क्रिकेट की टीम पहुंची चेन्नई

एजेंसी, नई दिल्ली

आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 30 सितंबर से शुरू हो रहा है। यह प्रतियोगिता भारत और श्रीलंका की मेजबानी में हो रही है। पहले मैच में महिला भारतीय टीम का मुकाबला श्रीलंका के साथ है। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अपना पहला मैच 1 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर इस समय चेन्नई में टीम का ट्रेनिंग कैंप देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले महिला वनडे विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। उनका कहना है कि चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी में स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर अभ्यास करना अब तक का शानदार अनुभव रहा है। टीम में तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जेस केर, बल्लेबाज



जॉर्जिया प्लिमर और ब्रुक हॉलिडे शामिल हैं, जो पिछले साल महिला टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं। इनके साथ उभरती खिलाड़ी इजी शार्प, फ्लोरा डेवोनशायर और एमा मैकलियोड भी मौजूद हैं। (अनंत ज्ञान)

### भारत में तैयारी करना फायदेमंद : सॉयर

सॉयर ने बताया कि न्यूजीलैंड में इस समय सर्दी का मौसम है, वहां क्रिकेट नहीं हो रहा और विश्व कप शुरू होने में अभी करीब दो महीने हैं। ऐसे में भारत में आकर तैयारी करना बहुत फायदेमंद है। उन्होंने सात अनुभवित खिलाड़ियों के साथ तीन युवा खिलाड़ियों को भी लाया है, जिनसे उम्मीद है कि वे भविष्य में भारत में काफी क्रिकेट खेलेंगी। चेन्नई कैंप के बाद टीम वापस न्यूजीलैंड जाएगी और फिर संभवत: दुबई में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी। यह सीरीज 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप की तैयारी का हिस्सा होगी। सॉयर का कहना है कि चेन्नई और दुबई की गर्म और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में खेलने का अनुभव खिलाड़ियों को विश्व कप जैसे हालात में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि इस साल फरवरी से टीम ने कोई आधिकारिक मैच नहीं खेला, इसलिए चेन्नई में तीन वनडे और दुबई में इंग्लैंड के खिलाफ दो-तीन मैच खेलना बहुत जरूरी है। इसके अलावा, विश्व कप से पहले दो वार्म-अप मैच भी होंगे। इस तरह कुल सात-आठ मैच ऐसे हालात में मिलेंगे, जो टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अपना पहला मैच 1 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। यह मैच इंदौर के होलकर क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

## मार्नस लाबुशेन को टेस्ट टीम में वापसी की उम्मीद

एजेंसी, मेलबर्न



बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को उम्मीद है कि वह एशेज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में वापसी करने में सफल रहेंगे और वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली इस महत्वपूर्ण श्रृंखला में पारी का आगाज करने के लिए भी तैयार हैं।

लाबुशेन को 2019 के बाद पहली बार वेस्टइंडीज में हाल ही में हुई श्रृंखला की शुरुआत में टेस्ट टीम से बाहर किया गया था। पिछले दो वर्षों में उनका औसत 27.82 था। इस बीच वह केवल एक शतक लगा पाए। उन्होंने टीम से बाहर किए जाने के बाद हालांकि कड़ा अभ्यास किया।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार लाबुशेन ने टीम से बाहर किए जाने के बाद अपना पहले साक्षात्कार में न्यूज कॉर्प से कहा, ''इससे (टीम से बाहर किए जाने से) मुझे आत्मचिंतन का अवसर मिला और मीडिया का दबाव भी नहीं रहा, जो कहता था कि मार्नस को बाहर करना होगा। मैं मुझ पर संदेह करने वालों को गलत साबित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।'' लाबुशेन ने अपना आखिरी टेस्ट मैच जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेला था, जहां उन्होंने पारी की शुरुआत करते हुए 17 और 22 रन बनाए थे।

ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम का प्रदर्शन हाल में अच्छा नहीं रहा और लाबुशेन का कहना है कि अगर पारी की शुरुआत करने का मतलब ऑस्ट्रेलिया के लिए फिर से खेलना है तो वह यह भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)